आज का मौसम 24.0° अधिकतम तापमान 11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.46 सूर्यास्त 05.17


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ · बरेली · कानपुर · मुरादाबाद · अयोध्या · हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष सप्तमी, 01:57 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 11 दिसंबर 2025, वर्ष 4, अंक 118, पृष्ठ 14 मूल्य 6 रुपये




मा. योगी आदित्यनाथ,मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश




# बीडीए बरेली को बना रहा ग्रेटर...







मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय


मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम

बरेली को नाथ नगरी के नाम से जाना जाता है। शहर की चारों दिशाओं में भगवान भोलेनाथ के सात प्राचीन नाथ मंदिर हैं। इन नाथ मंदिरों से लाखों भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है, लेकिन अब बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) इसमें एक नया नाम जोड़ने जा रहा है और वह है ग्रेटर बरेली। बीडीए, बरेली शहर को इस प्रकार से विकसित करने को प्रयासरत है कि जल्द ही आस्था, औद्योगिक के क्षेत्र में इसे ग्रेटर बरेली के रूप में नई पहचान मिलेगी। रामगंगा नगर आवासीय योजना, ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के साथ ही अब पीलीभीत बाईपास रोड पर नई टाउनशिप विकसित होने के साथ ही बरेली को औद्योगिक हब बनाने के लिए बीडीए राहपुरा जागीर में इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी जल्द ही विकसित करने जा रहा है। बीडीए की योजनाओं में बरेली के हर वर्ग की जुबान पर रामायण वाटिका का नाम है। भक्ति और पर्यटन का संगम बनने जा रहे रामायण वाटिका में भगवान श्रीराम की 51 फीट ऊंची प्रतिमा को आकर्षक रूप देने के लिए लैंडस्केपिंग, लाइटिंग और सुंदर मूर्तिकला पर तेजी से काम चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही इसका अनावरण करेंगे।

## रूद्रावनम में दिखेगा नाथ नगरी का वैभव

बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने ग्रेटर बरेली के सेक्टर सात में रुद्रावनम प्रस्तावित किया है। रुद्रावनम के 23 एकड़ रकबे में से 2.5 एकड़ रकवे में नाथ म्यूजियम विकसित किया जा रहा है, इसका मॉडल बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए ने मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया था। अब इसको धरातलीय रूप देने में बीडीए अफसर जुट गए हैं।

## धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा

बीडीए अधिकारियों के मुताबिक, रामायण वाटिका को ऐसा स्वरूप दिया जा रहा है कि यह धार्मिक पर्यटन का नया केंद्र बने। यहां आने वाले लोगों को भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों से जुड़ी झलकियां देखने को मिलेंगी। इसके साथ ही वाटिका में पौधों, मूर्तियों और थीम आधारित संरचनाओं के जरिए रामायण काल का वातावरण तैयार किया जा रहा है। हर झांकी में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी के प्रसंग दिखाए जाएंगे।

## अवैध निर्माण पर शिकंजा, इंडस्ट्रियल टाउनशिप से रोजगार की बहार

बरेली के औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए रहपुरा जागीर क्षेत्र में 113 हेक्टेयर जमीन पर इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसाने को बीडीए ने तैयारी कर ली है। टाउनशिप को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। सड़कों से लेकर ऊर्जा आपूर्ति तक, हर व्यवस्था सोलर आधारित होगी ताकि यह परियोजना पर्यावरण के अनुकूल मॉडल बन सके।


बीडीए का स्काई-वे अपार्टमेंट।

## आवासीय योजनाओं से शहर के विस्तार को लग रहे हैं पंख



किसी भी शहर की मूल आवश्यकताओं में बिजली, पानी, सड़क, सीवर, पार्क, खेलकूद मैदान, बैंक और स्कूल को अहम माना जाता है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की रामगंगा नगर आवासीय योजना में यह सब समाहित है। बीसलपुर-बड़ा बाईपास रोड के किनारे 672 एकड़ व 12 सेक्टर में बसाई जा रही रामगंगा नगर आवासीय योजना में प्रत्येक सेक्टर की अपनी अलग खासियत है। सेक्टर एक में बड़े पार्क के बीच सरोवर-तालाब भी विकसित हो रहा। सेक्टर दो में रामायण वाटिका, बीडीए कार्यालय स्थापित किया गया है। सेक्टर-तीन में आठ हजार वर्गमीटर में एक इंटर कॉलेज सीबीएसई बोर्ड और राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का कार्यालय, सेक्टर-चार में सीयूजीएल का पेट्रोल पंप व कई अन्य व्यावसायिक गतिविधियां शामिल हैं। सेक्टर-पांच में कई अस्पतालों को विकसित कर ने की योजना है, जिसके लिए भूखंड आवंटित कर दिए गए हैं। सेक्टर छह में एलआईसी ऑफिस समेत कई अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाए जा रहे हैं। सेक्टर सात में वेदांता अस्पताल बनकर तैयार है, जिसका संचालन भी शुरू हो चुका है।


रास्तों का चौड़ीकरण

# 22 करोड़ की लागत से 33,000 वर्गमीटर जमीन पर हरित रामायण वाटिका विकसित

रामगंगानगर में 22 करोड़ रुपये की लागत से 33,000 वर्गमीटर जमीन पर हरित रामायण वाटिका विकसित की जा रही है। इसमें भगवान राम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनेगी। वाटिकाओं में दिखेगा वनवासी जीवन। बीडीए द्वारा विकसित रामायण वाटिका का 90 परसेंट तक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। बीडीए वीसी के अनुसार भगवान श्रीराम के वनवासी जीवन को छह अलग-अलग वाटिकाओं के माध्यम से दर्शाया जा रहा है। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम जहां-जहां से गुजरे उससे संबंधित वाटिकाओं का निर्माण किया किया गया है। उस जगह से संबंधित पेड़ों को भी वाटिका में लगाया गया है। इसके जरिए उनके जीवन के अनुभव को दर्शाने की कोशिश की गई है।



**3000** से ज्यादा विजिटर्स रामायण वाटिका की खूबसूरती देखने और शांत माहौल के लिए आते हैं।

**500** से ज्यादा नीम, अशोक, पीपल और आंवला जैसे कई खास और दवा वाले पौधे।

**150** से ज्यादा रंग- बिरंगे पौधों का प्रयोग करके तैयार की गई मूर्तियां और डिजाइन बनाए गए हैं।

## ये हैं बीडीए के प्रमुख प्रोजेक्ट


बीडीए अधिकारियों के अनुसार, शहर को विकास के पथ पर अग्रणी बनाने के लिए कई प्रमुख प्रोजेक्ट को बीडीए की ओर से धरातल पर लाने की तैयारी है। इसमें रामायण वाटिका पूरी तरह से तैयार है इसके साथ ही नाथ म्यूजियम, पीलीभीत बाईपास रोड पर नई टाउनशिप, साइंस पार्क, रूदावनम और इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी जल्द धरातल पर नजर आएगी।

## बरेली बनेगा इंडस्ट्रियल-लॉजिस्टिक हब का नया केंद्र



लॉजिस्टिक हब शुरू होते ही बरेली ट्रांसपोर्ट और सप्लाई चेन का बड़ा केंद्र बनने की ओर बढ़ेगा। इससे न सिर्फ शहर, बल्कि आसपास के जिलों का औद्योगिक विकास भी तेज़ होगा। बीडीए ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि तकनीकी औपचारिकताएं पूरी होते ही परियोजना शुरू कर दी जाएगी। आने वाले वर्षों में बरेली उत्तर प्रदेश के प्रमुख इंडस्ट्रियल-लॉजिस्टिक हब के रूप में उभर सकता है।

## लाइब्रेरी नहीं, किताबों का संसार कहो



बीडीए की रामगंगा नगर आवासीय योजना में विकसित हो रही लाइब्रेरी को किताबों का संसार कहना गलत नहीं होगा। चार मंजिला इस लाइब्रेरी में सेल्फ स्टडी एरिया, ब्रेल सेक्शन, जनरल रीडिंग, कैंटीन के साथ ही इतिहास, फिजियोलॉजी, जर्नलिज्म, वास्तुशास्त्र समेत ऑडियो-वीडियो विजुअल कक्ष भी शामिल होंगे।



भविष्य की सभी तैयारियों के साथ अगले 20 से 50 वर्षों के दृष्टिगत हमारा शहर किस दिशा में प्रगति करेगा एवं उस समय तक हमारी क्या-क्या आवश्यकताएं होंगी, उसके दृष्टिगत हम लोग आज से ही अपने शहर को सुनियोजित बनाएंगे, जिससे जन सामान्य की आशाओं, आकांक्षाओं की प्रगति उपलब्ध हो सके। बीडीए सभी योजनाओं को भविष्य की जरूरत के अनुसार धरातल पर लाने का कार्य कर रहा है।
**- भूपेंद्र एस चौधरी**, मंडल आयुक्त बरेली



शहर को विकास के पथ पर अग्रणी बनाने के लिए प्राधिकरण प्रयासरत है। लोगों की जरूरतों के अनुरूप आवासीय योजनाओं को विकसित किया जा रहा है। जल्द ही पीलीभीत बाईपास रोड पर नई टाउनशिप के साथ ही इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी विकसित की जाएगी जिससे बरेली को इंडस्ट्रियल हब बनाने का प्रयास है। रामायण वाटिका, कन्वेंशन सेंटर, स्काई-वे अपार्टमेंट, लाइब्रेरी समेत लोगों की हर आवश्यकताओं को उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। **- डॉक्टर मनिकंडन ए, उपाध्यक्ष बीडीए**



बरेली विकास प्राधिकरण निरंतर शहर के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। राम गंगानगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के बाद अब दो अन्य टाउनशिप समेत आम जन के हितकारी तमाम प्रोजेक्ट जल्द धरातल पर नजर आएंगे।
**- वन्दिता श्रीवास्तव**, सचिव बीडीए



## 15 वातानुकूलित कमरों के साथ कन्वेंशन सेंटर में गूंजेगी शहनाई

बीडीए द्वारा विकसित किए जा रहे कन्वेंशन सेंटर में 600 व 200 व्यक्तियों की क्षमता के लिए कांफ्रेंस हाल, 15 वातानुकूलित कमरों के साथ ही विवाह व अन्य आयोजन के लिए एक लॉन भी है। वहीं 300 वाहनों के लिए वृहद पार्किंग स्थल भी शामिल है।

ADVT

न्यूज ब्रीफ

## पीएनबी के कार्यक्रम में उभोक्ताओं को बांटे गए स्वीकृति पत्र

**अयोध्या, अमृत विचार :** पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय से सिविल लाइंस स्थित एक होटल के सामने बुधवार को विशेष एग्री आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अंचल कार्यालय लखनऊ के नन्द किशोर और मंडल प्रमुख अवधेश तिवारी ने किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृति पत्र वितरित किया। मुख्य अतिथि ने जग प्रसाद तिवारी, नरेंद्र बहादुर, सियाराम वर्मा, अर्चना वर्मा, जन्मेजय सिंह, खड़ेरू, हारीश चन्द्र, ध्रुव चन्द्र, दूधनाथ, आलोक, प्रकाश कुमार वर्मा, श्यामधर पांडेय आदि को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में किसान गोल्ड स्कीम, किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं केबारे में बताया। सहायक महाप्रबंधक राजेश, मुख्य प्रबंधक राजेश, मुख्य प्रबंधक सचिन, सहित अन्य लोग थे।

## धर्म की रक्षा के लिए प्रभु लेते हैं अवतार



**पूराबाजार, अमृत विचार :** जब-जब इस पृथ्वी पर साधु संतों, भक्त जनों का अपमान होता है और धर्म की हानि होने लगती है, तब-तब प्रभु किसी न किसी रूप में अवतरित होकर अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। लोगों को धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। यह बातें बरुआ बाबा धाम पर चल रही रामकथा के दूसरे दिन आचार्य संतोष शरण ने कही। कथा व्यास ने सती चरित्र व शिव विवाह का प्रसंग सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नरेन्द्र तिवारी, नीरज तिवारी, शिवा, अनमोल, हिमांशु, सानिध्य, अंशू सहित सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

## इनरव्हील क्लब ने मनाया वर्ल्ड ऑरेंज डे

**अयोध्या, अमृत विचार।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटरा नगर अयोध्या धाम में बुधवार को इनरव्हील क्लब द्वारा वर्ल्ड ऑरेंज डे मनाया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा के खिलाफ जागरूकता फैलाना और समाज को सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करना था। क्लब की सदस्याओं ने नारंगी परिधान धारण कर जागरूकता रैली निकाली। जो अशरफी भवन से दोहरी कुआं होते हुए वापस पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर लौटी। इसमें पोस्टर, स्लोगन और नारों के माध्यम से वर्ल्ड ऑरेंज डे का सशक्त संदेश दिया गया। रैली में अध्यक्ष निशा, सचिव रेणु, साथ ही वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य स्नेहलता, बीना अग्रवाल, शिप्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## शोक सभा में दी श्रद्धांजलि

**अयोध्या, अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी के कार्यालय प्रभारी व सचिव विवेक प्रताप शर्मा के पिता स्व. रामगोपाल विश्वकर्मा और अयोध्या के रामेंद्र मोहन मिश्रा के युवा पुत्र के असामयिक निधन पर पार्टी कार्यालय पर शोक सभा हुई। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पीसीसी उग्रसेन मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा ने संवेदना व्यक्त की।

# संगीत प्रतियोगिता में अवध इंटरनेशनल स्कूल ओवलऑल चैंपियन

**12** विद्यालयों ने किया प्रतिभाग, सुर-लय व ताल का संगम

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अवध इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को श्रीहरि नारायन सिंह स्मारक अंतरविद्यालीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण प्रतियोगिता में अवध इंटरनेशनल स्कूल प्रथम, भवदीय पब्लिक स्कूल द्वितीय व महाराजा पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में फैजाबाद पब्लिक स्कूल, जीडी गोयनका, भवदीय पब्लिक स्कूल, महाराजा पब्लिक स्कूल, नारायण इण्टरनेशनल स्कूल, एमआईएस इण्टरनेशनल स्कूल, उदया पब्लिक स्कूल, एसजेएस अकादमी, सनबीम स्कूल, केटी पब्लिक स्कूल, अयोध्या अकादमी एवं अवध इण्टरनेशनल स्कूल समेत 12 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया।

शुभारंभ नगर निगम के आयुक्त जयेंद्र कुमार, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, स्कूल के संरक्षक अतुल कुमार सिंह व अध्यक्ष शान्तनु सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरान्त दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद सुर और साज के संगम पर लय एवं ताल रूपी गंगा प्रवाहित हुई जो आगे जाकर दो वर्गों में एकल भजन एवं लोक नृत्य के रूप में विभक्त हो गई। सभी स्कूलों ने दोनों वर्गों में प्रतिभाग किया। एकल भजन में भवदीय पब्लिक स्कूल ने प्रथम, अवध इण्टरनेशनल स्कूल ने द्वितीय एवं उदया पब्लिक स्कूल व अयोध्या अकादमी ने सामूहिक रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य में अवध इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम, महाराजा पब्लिक स्कूल ने द्वितीय तथा एमआईएस इंटरनेशनल स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका देव प्रसाद पांडेय, सुरनि पाल व सुमधुर शास्त्री ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संरक्षक अतुल कुमार सिंह ने प्रतिभागी बच्चों, शिक्षकों, अतिथियों एवं निर्णायकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मदनमोहन त्रिपाठी, अभय सिंह, मिथिला बिहारी दास, राम प्रसाद, डॉ. दीपिका श्रीवास्तव, शिल्या वर्मा, मनीष कुमार सिंह, मीनाक्षी मिश्रा प्रियंका सिंह, नीलू सिंह, पदना गुप्ता, नम्रता सिंह, कविता सिंह, प्रधानाचार्य विष्णु कुमार गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे। आदि अनेक गणमान्य अभिभावक एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।



अवध इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित श्रीहरि नरायन सिंह स्मारक अंतरविद्यालीय संगीत प्रतियोगिता में मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार।



अवध इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित श्रीहरि नरायन सिंह स्मारक अंतरविद्यालीय संगीत प्रतियोगिता का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते विद्यालय के संरक्षक अतुल कुमार सिंह।

### जीवन में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष आवश्यक : जयेंद्र कुमार

मुख्य अतिथि नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष आवश्यक है। स्कूल विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में सीखने के लिए मंच प्रदान करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को संगीत की कोई न कोई एक विधा गायन या वादन सीखना चाहिए, जो व्यक्ति को तनावमुक्त करती है। कहा कि सफलता असफलता जीवन के दो पहलू हैं। असफलता से हमें निराश नहीं होना चाहिए। सफलता के लिए निरन्तर प्रयास करते रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते रहना चाहिए। इससे उनकी बौद्धिक विकास के साथ-साथ कलात्मक प्रतिमा व सामाजिकता का विकास होता है, जो कि इनके सम्पूर्ण जीवन में उपयोगी होता है।

● भवदीय पब्लिक स्कूल द्वितीय व महाराजा पब्लिक स्कूल रहा तृतीय



विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते विद्यालय के अध्यक्ष शांतनु सिंह।



नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता बैठक के दौरान जानकारी लेते हुए।

# विधायक ने किया बूथों का निरीक्षण

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार:** विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण अभियान को गति देने के लिए विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बुधवार को पूराबाजार व राजेपुर शक्ति केंद्र समेत दर्जनों बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं बीएलओ से अभियान की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। विधायक ने मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, घर-घर सत्यापन और त्रुटियों को दूर करने की कार्रवाई को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिया। उन्होंने बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, नए युवा मतदाताओं को जोड़ने, तथा दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के लिए विशेष सहायता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मौके पर शारदा यादव, दीपक सिंह, हरकेश सिंह, विजय प्रताप सिंह सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसआईआर को लेकर महापौर ने छेड़ा अभियान

**अयोध्या, अमृत विचार :** महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा है कि बीएलओ नगरीय क्षेत्र में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को गंभीरता से लें और नव विकसित कॉलोनियों में आबाद लोगों को शहरी क्षेत्र का मतदाता बनवाएं। उन्होंने कहा कि इससे अयोध्या के विकास की यात्रा और लंबी होगी। महापौर ने एक दर्जन बूथों का दौरा कर एसआईआर के लिए चलाए गए अभियान की जानकारी ली। भाजपा नेता विनोद श्रीवास्तव, पार्षद प्रतिनिधि रिशु पांडे भी थे। उन्होंने महाराजा इंटर कालेज अयोध्या एवं काशीराम कॉलोनी में चल रहे एसआईआर कार्य पर संतोष जताया।

## देश हित में एसआईआर, सभी भरें फॉर्म : इमरान खान



**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा एवं वरिष्ठ नेता इमरान खान ने विशेष संक्षिप्त संशोधन अभियान (एसआईआर) को देशहित एवं राष्ट्रहित का अभियान बताया है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, फार्म भरें और मतदाता बनें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चलाया जा रहा एसआईआर अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## 16 दिसंबर से एसआईआर के दूसरे चरण की तैयारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश महामंत्री और अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय ने बुधवार को तुलसी कन्या इंटर कॉलेज स्थित बूथ पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ, बीएलए-2, बूथ समिति के पदाधिकारियों एवं बूथ प्रवासी से अभियान की विस्तृत स्थिति ली। राय ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि 16 दिसंबर से शुरू हो रहे एसआईआर के दूसरे चरण की तैयारी अभी से पूरी कर ली जाए। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक में कमला शंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, शैलेन्द्र कोरी, राघवेन्द्र पाण्डेय, अशोक कसौंधन आदि थे।

# आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में उमड़े मरीज

मवई, अयोध्या

**अमृत विचार :** मवई ब्लॉक के मांजनपुर में स्थापित नवनिर्मित राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में ओपीडी सेवाएं नियमित रूप से शुरू हो गई हैं। कॉलेज के प्रारंभ होते ही क्षेत्र के मरीजों का भरोसा तेजी से बढ़ा है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। बुधवार ओपीडी में डॉ. कुसुम, डॉ. रेशमा देवी और डॉ. संतोष कुमारी ने मरीजों की जांच कर उनका आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार उपलब्ध कराया।

चिकित्सकों के अनुसार अस्पताल में प्रतिदिन 150 से 250 मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं। अस्पताल में पैरामेडिकल से लेकर अन्य आवश्यक कर्मचारियों की कमी महसूस की जा रही है, जिससे मरीजों को पंजीकरण से लेकर दवा वितरण तक असुविधा झेलनी पड़ती है। वहीं अस्पताल परिसर में मोबाइल नेटवर्क न आने की समस्या भी सामने आई है, जिसके चलते न तो कर्मचारी समय पर ऑनलाइन कार्य कर पा रहे हैं और न ही मरीज अपने परिजनों से संपर्क साध पा रहे हैं। क्षेत्रीय निवासी हरिशंकर यादव ने कहा कि अस्पताल के शुरू होने से दूर-दराज के मरीजों को अब इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ता। ओपीडी इंचार्ज डॉ. कुसुम ने बताया कि सीमित संसाधनों के तहत सभी सुविधाएं दी जा रहीं हैं। स्टाफ बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।



रुदौली के आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज की ओपीडी में मरीज देखते चिकित्सक।

● स्टाफ की कमी बना संकट, फैल रही अव्यवस्था

# भंडारे के नाम पर फर्जी वर्क ऑर्डर देकर 27 लाख रुपये की ठगी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में निशुल्क भंडारे के नाम पर फर्जी वर्क ऑर्डर देकर 27 लाख रुपये ठगी के मामले में थाना राम जन्मभूमि पुलिस ने एक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पूनम इंटरप्राइजेज अंबरनाथ महाराष्ट्र के प्रोपराइटर अनिल कुमार दीक्षित व संजय नाथ तिवारी निवासी जनपद देवरिया ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि पुणे निवासी अनिल विश्वकर्मा के माध्यम से उनका परिचय शैलेश कुमार दुबे निवासी तकपुरा कोतवाली अयोध्या से हुआ। वह मां सीताराम रसोई अयोध्या फाउण्डेशन से जुड़े हैं। यहां उनके द्वारा एक रसोई भंडारा चलाया जाना प्रस्तावित है। इसका सारा कार्य एवं वर्क आर्डर उनके द्वारा कराया जा रहा है।





21 सितंबर 2024 को शैलेश ने मुझे झांसे में लेते हुए वर्क ऑर्डर दिलाने के नाम पर 25 लाख रुपये विभिन्न खातों में व दो लाख रुपये नकद लिए। इसके बाद उसने जालसाजी एवं कूटरचित फर्जी वर्क आर्डर का पत्र भी मुझे उपलब्ध कराया। कुछ दिन बाद जब मैंने पूछताछ की। तब वह आजकल कहकर मामले को टालते रहे। बाद में जिलाधिकारी कार्यालय में पता किया तो ज्ञात हुआ कि ऐसे किसी कार्यक्रम की अनुमति नहीं ली गई है। मैंने बार-बार उससे अपने पैसे मांगे। तो उसने मुझे चार लाख का एक चेक दिया जो बाउंस हो गया। इसके बाद 10-10 लाख के दो व दो लाख का एक चेक दिया, जो अभी भी उनके पास है। इसे संदर्भ में थाना राम जन्मभूमि प्रभारी अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## विधायक की मौजूदगी में एएसडी सूची का वाचन

**अयोध्या, अमृत विचार:** रुदौली के इस्लामिया इंटर कॉलेज में स्थित बूथ संख्या 330 से 335 पर बीएलओ व बीएलए की बैठक हुई। विधायक रुदौली रामचंद्र यादव, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, सुपरवाइजर महेश आदि की मौजूद में बैठक में एसडीएं और बीएलओ से एएसडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित, डबल या मृत) मतदाताओं की सूची पढ़ी गई। 2003 की सूची से मैपिंग के संबंध में सभी को जागरूक किया गया। बैठक में कुलदीप सोनकर वार्ड नंबर 12 सभासद, मोहम्मद शफात वार्ड नंबर 19 सभासद, वार्ड नंबर 16 सभासद, आशीष वैश्य वार्ड नंबर 22 सभासद, तारिक रुदौलवी, नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, राकेश कुमार पूर्व नगर अध्यक्ष, अतीक खान पूर्व नगर अध्यक्ष, शिव प्रकाश पूर्व सभासद, इरफान खान पूर्व सभासद आदि मौजूद रहे।

# जेम स्टोन क्रिकेट क्लब ने जीती प्रीमियर लीग ट्रॉफी

पटरंगा, अयोध्या।

**अमृत विचार :** रुदौली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित गुजरनपुरवा प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में जेम स्टोन क्रिकेट क्लब ने आरएनसी क्रिकेट क्लब को चार विकेट से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्ज़ा कर लिया। बुधवार को प्रतियोगिता समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चौधरी एहसान मोहम्मद अली शहरयार ने विजेता टीम को 1.31 लाख और उपविजेता को 75 हजार धनराशि का चेक व ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता के फाइनल मैच में आरएनसी क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में छह विकेट खोकर 59 रन बनाए। जवाब में जेम स्टोन क्रिकेट क्लब ने सात ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर ट्रॉफी जीत ली। कप्तान फिरोज ख़ान ने नॉट आउट सर्वाधिक 20 रन का योगदान दिया। आरएनसी क्लब के मुकेश ने सर्वाधिक चार विकेट लिए। मुख्य अतिथि शहरयार ने आरएनसी क्लब के मुकेश को मैन ऑफ़ द मैच व प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट ट्रॉफी से सम्मानित किया। मुख्य आयोजक तबरेज आलम, युवजन सभा विस अध्यक्ष शोएब ख़ान, मोहम्मद इद्रीस, जैनुल आब्दीन, आमिर ख़ान, अमीर, तावेज, राशिद मजीद, ऐनुल हक़ सहित खेल प्रेमी गणमान्य मौजूद रहे।



● विजेता टीम को दिया गया 1.31 लाख रुपये का चेक व ट्रॉफी

विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते सपा नेता चौधरी शहरयार।

## मानवाधिकार प्रत्येक मानव की गरिमा का प्रतीक : प्रो. एके राय

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विधि विभाग में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में मानवाधिकारों की सार्वभौमिकता, गरिमा एवं संरक्षण संबंधी आयामों पर विस्तृत विमर्श हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए विधि संकायाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार राय ने कहा कि मानवाधिकार प्रत्येक मानव की प्राकृतिक गरिमा का प्रतीक हैं, जिन्हें न तो राज्य प्रदान करता है और न ही राज्य उनसे वंचित कर सकता है। प्रो. अजय कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा-संस्थानों का दायित्व है कि वे विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, सह-अस्तित्व एवं समत्व का भाव विकसित करें। डॉ. संतोष पाण्डेय ने कहा कि मानवाधिकार केवल अधिकारों का विधान नहीं, अपितु कर्तव्यों एवं मानवीय मूल्यों का जीवंत संदेश है। डॉ. विवेक सिंह ने कहा कि मानवाधिकार सामाजिक सौहार्द, समान अवसर और न्यायपूर्ण व्यवस्था की आधार-शिला हैं।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited from Indian/NRI/Foreign National Students for Admission to Ph.D. Programmes January 2026 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Management
- Faculty of Allied Health Sciences (Faculty of Paramedical Sciences) (Ph.D. in Medical Laboratory Technology/Physiotherapy)

Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th November, 2025

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

सख्ती | परिषदीय विद्यालयों के 5000 से अधिक शिक्षकों को फिर झटका

# ऑनलाइन हाजिरी में बस एक घंटे की मोहलत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शासन ने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किये हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी स्कूलों में अब शिक्षकों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसके चलते जनपद के पांच हजार से अधिक शिक्षकों को फिर बड़ा झटका लगा है।



मंगलवार देर रात जारी आदेश के तहत सुबह स्कूल शुरू होने के 1 घंटे तक ही शिक्षक उपस्थिति दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद सिस्टम अपने आप लॉक हो जाएगा। जहां इंटरनेट की समस्या है, वहां ऑफलाइन मोड में उपस्थिति ली जाएगी, जो नेटवर्क आते ही ऑटोमैटिक ऑनलाइन सिंक हो जाएगी। उपस्थिति दर्ज करने की जिम्मेदारी अब सिर्फ प्रधानाध्यापक की होगी। यदि प्रधानाध्यापक तकनीकी कारणों से उपस्थिति दर्ज नहीं कर पाते हैं तो उनसे चार्ज लेकर किसी अन्य शिक्षक को यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। किसी भी शिक्षक के खिलाफ बिना कारण बताओ नोटिस जारी किये और उनका पक्ष सुने बिना कोई कार्रवाई (वेतन कटौती/अनुशासनात्मक) नहीं की जाएगी।

> महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा मंगलवार को आदेश दिया गया है। इसका पालन कराने के लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया जा रहा है। - **लालचंद, बीएसए**

इतना ही नहीं माध्यमिक शिक्षा में चल रही शिक्षक उपस्थिति की डिजिटल प्रणाली को अब बेसिक शिक्षा विभाग में भी लागू करने के लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा की अध्यक्षता में एक तकनीकी समिति गठित की जाएगी। जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी को तुरंत प्रभाव से सभी बीईओ, खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी करने की तैयारी में जुट गये हैं। अगले कुछ दिनों में सभी स्कूलों में नई उपस्थिति प्रणाली लागू कर दी जाएगी और तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पडेस्क भी सक्रिय किया जाएगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि यह अभी भी अव्यवहारिक है। जब तक शिक्षक समुदाय की ईएल और सीएल का मुद्दा दुरुस्त नहीं होता तब तक इसका संचालन दुरुह है।

## लिंक क्लिक करते ही खाते से निकले 4.13 लाख

**अयोध्या, अमृत विचार :** वाट्सएप पर आए लिंक पर क्लिक करते ही ओडी अकाउंट से 4.13 लाख रुपये कट गए। पीड़ित नरसिंह वर्मा निवासी नाका ने कोतवाली नगर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दो नवंबर को उन्हें वाट्सएप पर एक लिंक प्राप्त हुआ। लिंक पर जाने पर लाइफ सर्टिफिकेट आवेदन पत्र मिला। इसके बाद एक अनजान नंबर से कॉल आया व उसके द्वारा दिए गए निर्देश को फॉलो करते समय मैंने अपना एटीएम कार्ड भी उससे शेयर कर दिया। इसके बाद उसके ओडी एकाउंट से 4.13 लाख रुपये कट गए। इसकी जानकारी साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर देने के साथ राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी की। इसके बाद भी उनकी राशि वापस नहीं हुई। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।



भाजपा ने निचले सदन में बोला- सीईसी समिति को लेकर मोदी पर भरोसा क्यों नहीं -10



केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले- ओमान न्यूजीलैंड से एफटीए पर वार्ता अंतिम दौर में -10



भारत की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देगा इटली : तजानी - 11



विराट कोहली एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे - 12


आज का मौसम 24.0° अधिकतम तापमान 11.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.46 सूर्यास्त 05.17

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष सप्तमी, 01:57 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 11 दिसंबर 2025, वर्ष 4, अंक 118, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## कांस्य पदक पर कब्जा



भारत ने नौ साल बाद जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया। चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में खेले गए प्लेआफ मुकाबले में अर्जेंटीना को 4-2 से हराया। अंकित पाल (49वां), मनमीत सिंह (52वां), शारदानंद तिवारी (57वां) और अनमोल इक्का (58वां) ने गोल दागे। भारतीय टीम इससे पहले दो बार (होबार्ट 2001 और लखनऊ 2016) चैंपियन रही है।

(विस्तृत खेल पेज पर)

# दीपावली अब दुनिया भर का त्यौहार, यूनेस्को की सूची में हुआ शामिल

- यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल होने वाली भारत की 16वीं सांस्कृतिक परंपरा

नई दिल्ली, एजेंसी

दीपावली को बुधवार को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया। दिल्ली में लाल किले पर आयोजित यूनेस्को की एक अहम बैठक में यह फैसला लिया गया। यह पहली बार है कि भारत अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) के संरक्षण के लिए अंतरसरकारी समिति के सत्र की मेजबानी कर रहा है। इस समिति का 20वां सत्र लाल किले में आठ से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। यूनेस्को द्वारा दीपावली उत्सव को प्रतिष्ठित सूची में शामिल किए जाने की घोषणा के बाद वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे हवा में गूंज उठे।



विभिन्न पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों ने मुख्य मंच के सामने प्रस्तुति दी और एक बड़ी स्क्रीन पर दीपावली उत्सव के चित्र प्रदर्शित किए गए। आईसीएच के संरक्षण के लिए अंतरसरकारी समिति के 20वें सत्र के दौरान दीपावली के इस सूची में शामिल होने की घोषणा के तुरंत बाद केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने देश की ओर से एक बयान दिया। यह मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होने वाली भारत की 16वीं सांस्कृतिक परंपरा है। भारत की 15 सांस्कृतिक परंपराएं वर्तमान में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल हैं, जिनमें कुंभ मेला, कोलकाता की दुर्गा पूजा, गुजरात का गरबा नृत्य, योग, वैदिक मंत्रोच्चार की परंपरा और रामलीला - महाकाव्य 'रामायण' का पारंपरिक प्रदर्शन शामिल हैं।

### दुनिया भर में दीपावली की लोकप्रियता : मोदी



प्रधानमंत्री मोदी ने यूनेस्को के निर्णय का स्वागत करते हुए प्रभु श्रीराम से लोगों का मार्गदर्शन करने की कामना की है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि देश और दुनिया के लोगों में गजब का उत्साह है। दीपावली हमारी संस्कृति और मूल्यों के बेहद करीब है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची का हिस्सा बनने के बाद दीपावली को दुनिया भर में और अधिक लोकप्रियता मिलेगी। मैं उम्मीद करता हूं कि प्रभु श्रीराम के आदर्श हमेशा ऐसे ही हमारा मार्गदर्शन करते रहें।

### दीपावली की वैश्विक मान्यता अयोध्या की सांस्कृतिक शक्ति का प्रमाण : योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने को गर्व का पल बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय उस उत्सव की वैश्विक पहचान है, जो अंधकार पर प्रकाश की विजय और नए आरंभ के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति व परंपरा की महत्ता को विश्वपटल पर और अधिक मजबूती प्रदान करती है। योगी ने एक्स से विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के दृष्टिकोण से इस उपलब्धि के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उत्तर प्रदेश के लिए इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अयोध्या श्रीराम की पावन भूमि है। यहीं पर दीपावली की पहली ऐतिहासिक उत्सव परंपरा की शुरुआत हुई थी।

# कारों की टक्कर के बाद आग, 5 जिंदा जले

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार** : पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर हाईवे किनारे खड़ी वैगनआर में पीछे से तेज रफ्तार ब्रेजा ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैगनआर दूर तक घिसटती चली गई। वैगनआर के सीएनजी टैंक में विस्फोट हो गया। दोनों कारें आग के गोले में तब्दील हो गईं। इस भीषण हादसे में आजमगढ़ जिले के एक सिपाही के परिवार के मां व चार मासूम बच्चों की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबेहा थाना क्षेत्र के डीहा मजरे कुड़वा गांव के पास हुआ।

पुलिस के अनुसार आजमगढ़ के थाना हरौला में तैनात पुलिसकर्मी जावेद अशरफ की पत्नी गुलफ्शां उर्फ चांदनी (30) अपनी बेटियों समरीन (12), जियान (10), इल्मा (6), इजमा (4) और रिश्तेदार जीशान (24) के साथ वैगनआर से लखनऊ आ रही थीं। स्थानीय लोगों ने तत्काल आग से जलती दोनों कारों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में गुलफ्शां और समरीन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। तीन अन्य बच्चों को सीएचसी हैदरगढ़ ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायलों में जीशान पुत्र अब्दुल गफ्फार (24), तृप्ति मिश्रा (17), दीप्ति मिश्रा (16), प्रगति (23), दीपांशु मिश्रा (24) सभी निवासी दक्षिणपुरी, नई दिल्ली को लखनऊ रेफर किया गया है।

# पूर्व आईपीएस अमिताभ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : फर्जीवाड़े के मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को लखनऊ पुलिस ने मंगलवार देर रात सीतापुर-महोली बार्डर से ट्रेन से जाते समय गिरफ्तार कर लिया। शाहजहांपुर में उन्हें ट्रेन से उतारा और उसके बाद देवरिया कोतवाली लेकर पहुंची। अदालत में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है। अमिताभ पर देवरिया एसपी रहते हुए पद के प्रभाव का इस्तेमाल कर अपने व पत्नी के छद्म नाम का इस्तेमाल कर देवरिया में जिला उद्योग केंद्र से औद्योगिक प्लाट बी-2 का आवंटन कराया था। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि 12 सितंबर 2025 को तालकटोरा स्थित आवास विकास कालोनी निवासी संजय शर्मा ने तालकटोरा थाने में अमिताभ ठाकुर व उनकी पत्नी नूतन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। तहरीर में बताया था कि वर्ष 1999 में अमिताभ ठाकुर जब एसपी देवरिया थे और उन्होंने अपने प्रभाव का गलत प्रयोग करके अपनी पत्नी नूतन ठाकुर को जिला उद्योग केंद्र से औद्योगिक प्लाट संख्या बी-2 का आवंटन कराया।

# परेशानियों के लिए भी मुआवजा दे इंडिगो : कोर्ट


- इंडिगो संकट पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूछा ऐसी स्थिति कैसे उत्पन्न हुई
- 5000 का हवाई टिकट 39 हजार तक कैसे पहुंचा, अन्य कंपनियों को इसका लाभ कैसे उठाने दिया गया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से बुधवार को सवाल किया कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हुई जिसके कारण इंडिगो की कई उड़ान रद्द करनी पड़ीं। अदालत ने इन हालात को संकट करार दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि फंसे हुए यात्रियों को हुई परेशानी और उत्पीड़न के अलावा, यह अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान का भी सवाल है।

मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने यह सवाल भी किया कि ऐसी संकटपूर्ण स्थिति में अन्य विमानन कंपनियां हालात का फायदा उठाकर यात्रियों से टिकटों के लिए भारी कीमत कैसे वसूल सकती हैं। अदालत ने सवाल किया कि जो टिकट 5,000 रुपये में मिल रहा था, उसका किराया 39,000 रुपये तक कैसे पहुंच गया? यदि यह संकट की स्थिति थी तो अन्य विमानन कंपनियों को इसका लाभ कैसे उठाने दिया गया? अदालत ने विमानन कंपनी को निर्देश दिया कि यात्रियों को न सिर्फ उड़ान रद्द होने के लिए बल्कि अन्य परेशानियों के लिए भी मुआवजा देने की व्यवस्था की जाए।

अन्य विमानन कंपनियों ने शुल्क लेना कैसे शुरू कर दिया? पीठ ने इस मामले पर डेढ़ घंटे से अधिक समय तक सुनवाई की। पीठ ने कहा कि यदि समिति द्वारा शुरू की गई जांच पूरी हो जाती है तो उसकी रिपोर्ट अगली तारीख 22 जनवरी को अदालत में सीलबंद लिफाफे में पेश की जाए। अदालत ने कहा कि हमें यह चिंता है कि आखिर ऐसी स्थिति कैसे उत्पन्न होने दी गई, जिसके कारण पूरे देश के हवाई अड्डों पर लाखों यात्री फंसे रहे। पीठ ने कहा कि यह न सिर्फ यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बना, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई। अदालत ने कहा कि किराए में जो अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई थी, उसे अब नियंत्रित और सीमित कर दिया गया है, जो पहले किया जाना चाहिए था। अदालत इंडिगो मामले में एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

# अधिक उत्पादन वाली प्रजातियों पर शोध करें वैज्ञानिक

कुमारगंज अयोध्या


कृषि विवि में महानिदेशक डॉ. संजय सिंह को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते कुलपति डॉ. बृजेंद्र सिंह।

- रबी-2025-26 तकनीकी कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने किए संवाद, किसानों की बेहतरी का हुआ प्रयास

**अमृत विचार:** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के हाईटेक हाल में बुधवार को रबी-2025-26 तकनीकी कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विवि के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह, उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह, केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान लखनऊ के निदेशक डॉ. टी दामोदरन, कृषि विवि मेरठ के पूर्व कुलपति डॉ. गया प्रसाद, सीपीआरआई शिमला के पूर्व निदेशक डॉ. एस.के पांडेय व बीएचयू वाराणसी के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. एपी सिंह ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की। कहा कि रबी के मौसम में बोए जाने वाले गेहूं, चना, जौ, सरसो, एवं सब्जी की ऐसी प्रजातियां विकसित की जाएं, जिससे कि उत्पादन में अधिक वृद्धि हो सके। कुलपति ने कहा कि विवि द्वारा विकसित प्रजातियों से किसानों को अधिक लाभ पहुंच रहा है और उनके आय में भी बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने समयानुकूल प्रजातियां विकसित करने पर भी जोर दिया, जिससे कि मौसम परिवर्तन के अनुसार गुणवत्तायुक्त और अधिक उत्पादन प्राप्त हो सके। कुलपति ने कहा कि कृषि अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए मक्के की उत्तम प्रजाति को विकसित करने की भी जरूरत है। उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने कहा कि अधिक पोषक तत्व वाले चारा फसलों का उपयोग पशुओं के स्वास्थ्य और उत्पादकता को बढ़ाने में मदद करता है। कहा कि ऐसी चारा फसलों का चयन किया जाए जिससे पशुओं को अधिक पोषक तत्व मिल पाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की टेक्नोलॉजी का पेटेंट करते हुए लाइसेंस दिया जाए। इससे रिवॉल्विंग फंड में इजाफा होगा और वैज्ञानिकों को ताकत मिलेगी।

महानिदेशक ने विश्वविद्यालय में चल रही उपकार की सभी परियोजनाओं की समीक्षा की और वैज्ञानिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान लखनऊ के निदेशक डॉ. टी दामोदरन ने कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखकर विवि को शोध कार्यों पर ध्यान देने की जरूरत है। किसान मजबूत होंगे तभी हमारे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

बैठक में मौजूद विशेषज्ञों ने विश्वविद्यालय के अनुसंधान पर संतोष व्यक्त किया साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बाहर से आए अन्य वैज्ञानिकों ने भी अपने विचारों को साझा किया। बैठक में कृषि वैज्ञानिकों ने रबी- 2025-26 के लिए होने वाले अनुसंधान पर जानकारी साझा की। निदेशक शोध डॉ. शंभू प्रसाद के संयोजन में रबी-2025-26 तकनीकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप निदेशक शोध डॉ. उमेश चंद्रा ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष एवं वैज्ञानिक मौके पर मौजूद रहे।


भेलसर में ओवरब्रिज के निकट लगा भीषण जाम। अमृत विचार

## भेलसर ओवरब्रिज के नीचे जाम का झाम, लोग परेशान

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** भेलसर ओवरब्रिज के नीचे बुधवार को भीषण जाम लगने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालात यह रहे कि मिनटों में पूरा होने वाला सफर लोगों को घंटों में तय करना पड़ा। सुबह से शाम तक जारी इस जाम में यात्री, स्कूली बच्चे, कर्मचारी और मरीज तक फंसे रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि ओवरब्रिज के नीचे जाम लगना रोजमर्रा की समस्या बन चुका है। ई-रिक्शा और ऑटो चालक सवारियां बैठाने के लिए सड़क के बीचों-बीच वाहन खड़े कर देते हैं। बेतरतीब पार्किंग और सड़कों पर अवैध रूप से खड़े ठेले भी रास्ते को संकरा कर रहे हैं। एसडीएम संतोष कुमार ने बताया कि जाम की समस्या को दूर करने के लिए ओवरब्रिज के दोनों ओर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है।

## मूर्ति अनावरण में जुटे कई प्रांतों के विशिष्ट जन

**सोहावल, अमृत विचार :** अरकुना चौराहे के पास स्थित कलावती रामचंद्र पब्लिक स्कूल (केआरसी) में बुधवार को मूर्ति अनावरण के कार्यक्रम में कई प्रांतों के विशिष्ट जन एकत्र हुए। अनावरण स्कूल के प्रबंधक शोभनाथ दुबे (पप्पू) के स्व. माता कलावती दुबे और पिता स्व. रामचंद्र दुबे की प्रतिमा का था। मुख्य अतिथि डॉ. संजय मयूख, राष्ट्रीय सह मीडिया प्रमुख व प्रवक्ता एवं मुख्य सचेतक भाजपा बिहार विधान परिषद विपिन भाई पटेल (गोता), वाइस चेयरमैन गुजकोमासोल ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण किया। विभिन्न राज्यों से आए विशिष्ट अतिथियों में प्रदीप बाबा साहेब कार्पे (मेयर धुले नासिक), पार्थ मनुभाई रावल, सुमित स्कूल परिवार, मनीष पटेल (उद्योगपति) मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा ने श्रद्धांजलि दी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बच्चों ने रामायण की झांकियां और नृत्य प्रस्तुत किया। मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय (खुन्नू), विश्वनाथ आदि मौजूद रहे।


कैंसर पीड़ित राजू अवस्थी के परिवार को एक लाख रुपये का चेक सौंपते पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय व आनंद सेन यादव।

## दो मृतक और एक कैंसर पीड़ित परिवार को दी गई आर्थिक सहायता

**अयोध्या, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या निवासी स्व रामप्यारे यादव पहलवान, स्व पंचलाल पाल व कैंसर पीड़ित हरि नारायण अवस्थी उर्फ राजू अवस्थी आदि तीनों के परिवार को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी है। बुधवार को पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व आनंद सेन यादव ने परिवार के सदस्यों को चेक सौंपा। पूर्व मंत्री तेज नारायन ने कहा कि सरकार न होते हुए भी राष्ट्रीय अध्यक्ष हर वर्ग की मदद करते हैं। आज सरकार होती तो इनका इलाज फ्री होता। पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने कहा कि हर शोषित, पीड़ित, दुखी के साथ पूरा समाजवादी परिवार है। हामिद जाफर मीसम, राम अचल यादव, श्रीचंद यादव, राम अजोर यादव, सुरेंद्र पाल समेत अन्य मौजूद रहे।

## लिपिक संवर्ग कर्मियों ने धरना दे भरी हुंकार

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के लिपिक संवर्गीय कर्मचारियों ने लंबित प्रकरणों के तत्काल निस्तारण की मांग को लेकर बुधवार को जिला मुख्यालय पर डीआईओएस कार्यालय पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों में भारी आक्रोश देखा गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आनंद यादव, मंडलीय अध्यक्ष हरि कृष्ण श्रीवास्तव, मंडलीय सचिव रामविलास यादव सहित सैकड़ों कर्मचारी धरने में शामिल हुए। चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के अंदर लंबित प्रकरणों का निस्तारण नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन के कारण जिला शिक्षा कार्यालय का कामकाज कुछ देर तक प्रभावित रहा। एसोसिएशन नेताओं ने कहा कि बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

# विपक्ष में कानपुर की अंजिका व पक्ष में अयोध्या के अभिनव प्रथम

अयोध्या कार्यालय

- प्रदेश के 16 मंडल के विद्यार्थी प्रतियोगिता में हुए शामिल

**अमृत विचार:** एसएसवी इन्टर कॉलेज में बुधवार को राज्य स्तरीय महीयसी महादेवी वर्मा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वर्तमान जीवन प्रणाली एवं पनपता अवसाद विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश के 15 मंडल के विजेता छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

आयोजक विद्यालय एसएसवी इन्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.मणि शंकर तिवारी ने मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेंद्र कुमार सिंह, निर्णायक साकेत कॉलेज के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जनार्दन उपाध्याय, विभागाध्यक्ष डॉ.अनिल कुमार खरे, राजा मोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर मंजूषा मिश्रा सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया।


एसएसवी इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता के विजयी छात्र को पुरस्कृत करते संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेंद्र कुमार सिंह।

संचालन राजकीय इंटर कॉलेज भदौली के प्रधानाचार्य बसंत कुमार व समारोह का संचालन एसएसवी इंटर कॉलेज के शिक्षक विवेकानन्द पाण्डेय ने किया। नोडल राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ओंकार नाथ, निर्णायक टीम के सदस्य डॉ. उदयभान मिश्रा, प्रधानाचार्य उदयभान सिंह, शिवकुमार सिंह, जयेंद्र, अनुपम कुमार, शशांक, शैलेंद्र सागर, अनुराग, आत्मानंद, दुर्गा प्रसाद शर्मा सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक ने विपक्ष में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कानपुर मंडल के वीएनएसडी की अंजिका मिश्रा, द्वितीय प्रयागराज मंडल के धर्मा देवी इंटर कॉलेज कौशांबी की कनिका, तृतीय आजमगढ़ मंडल के चिल्ड्रन स्कूल की श्रद्धा उपाध्याय, लखनऊ मंडल के गुरुनानक कन्या स्कूल लखीमपुर खीरी की त्रिशिका सिंह, गोरखपुर मंडल के पीएम श्री जुबली कॉलेज के आदित्य नाथ यादव सहित पक्ष में प्रथम स्थान अयोध्या मंडल के एसएसवी इंटर कॉलेज के अभिनव तिवारी, द्वितीय आजमगढ़ मंडल के लालसा राय कॉलेज के पांचाल हर्ष विश्वकर्मा, तृतीय मुरादाबाद मंडल के प्रभा देवी कॉलेज की कुमारी आसना नाज, चतुर्थ प्रयागराज मंडल के धर्मा देवी कॉलेज कौशांबी की साक्षी, गोंडा मंडल के कन्हैया लाल कॉलेज गोंडा की सकीना बानो और सभी प्रतिभागियों को मेडल और पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।

# अटल जन्म शताब्दी वर्ष पर सजेगा काव्य का मंच : डॉ. मिथिलेश

- एक शाम अटल के नाम कार्यक्रम के आयोजन में देश के जाने-माने कवि श्रोताओं का जीतेंगे दिल

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** राष्ट्रनायक, कवि हृदय और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति व उनकी अमर विरासत को केंद्र में रखते हुए जलालपुर शहर एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन की तैयारी में जुटा हुआ है। सहचर सेवा संस्थान द्वारा आयोजित यह गरिमापूर्ण कार्यक्रम एक शाम अटल के नाम नामक एक विशेष कवि सम्मेलन के रूप में 25 दिसंबर को स्थानीय रामलीला मैदान में आयोजित किया जाएगा। अटल की जयंती के पावन अवसर पर होने वाले इस आयोजन का समय शाम पांच बजे से तय किया गया है।


कार्यक्रम को लेकर आमंत्रण कार्ड जारी करते संरक्षक एवं अयोध्या जिला प्रभारी डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी व साथ में अन्य। अमृत विचार

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया कि अटल जी का जीवन गांव, गरीब, किसान के लिए समर्पित रहा है। उनके जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित कवि सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। आयोजन में देश के जाने-माने कवि और कलाकार अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों से श्रोताओं का दिल जीतेंगे। मंच सजाएंगे डॉ. हरिओम पवार, सर्वेश अस्थाना, अमन अक्षर, विकाश बोखल, धीरेंद्र पांडेय क्षणिक, अभय निर्भीक और शशि श्रेया जैसे प्रतिष्ठित हस्तियां, जो अटल के जीवन दर्शन, उनकी कविताओं और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर केंद्रित मार्मिक और ओजस्वी प्रस्तुतियां देंगी। संरक्षक एवं अयोध्या जिला प्रभारी डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी पहलुओं पर चर्चा की।

बैठक में मुख्य रूप से संयोजक एवं जिला मंत्री पंकज वर्मा, वरिष्ठ नेता राम किशोर राजभर, धीरेंद्र पांडेय, अमित त्रिपाठी, शाश्वत मिश्र, संजीव मिश्र, अरुण मिश्र, विकास निषाद, माखनलाल निषाद, बेचन पांडे, मानिकचंद सोनी, सुरेश गुप्त, अनुज सोनकर, निर्भय दास, प्रवीण गौड, विनय पांडे, शीतल सोनी, आनंद मिश्र, मृदुल तिवारी, विपिन कन्नौजिया, आनन्द सिंह, कृष्ण अग्रहरि, राकेश पांडे, राघवेंद्र सिंह, मुकेश निषाद और सोनू गौड़ आदि रहे। वहीं प्रवक्ता ने बताया कि यह कवि सम्मेलन नहीं, बल्कि अटल के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है।

## कोर्ट के आदेश पर अवैध गतिविधियों में प्रयुक्त वाहन कुर्क

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** मंगलवार देर रात को संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान जैतपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। थाना अध्यक्ष थीरेन्द्र कुमार आजाद मय फोर्स क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे, तभी महिंद्रा बोलेरो पिकअप को पकड़ा। जांच में पाया गया कि वाहन को पूर्व में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा कुर्क करने का आदेश पारित किया गया था। वाहन पकड़े जाने की सूचना तत्काल तहसीलदार गरिमा भार्गव को दी गई, जो मौके पर पहुंचीं। न्यायालय के आदेशानुसार थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमे में नामित अभियुक्त बाबूराम मौर्य निवासी मुतकल्लीपुर थाना पवई आजमगढ़ से संबंधित बोलेरो पिकअप को कुर्क किया गया।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** थाना जैतपुर क्षेत्र के चौदह प्रास गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि विवाद के दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के घरों में घुसकर हमला किया और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ भी किया। पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद तहरीर मिलने पर दोनों पक्षों की ओर से कुल 13 आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। एक पक्ष की तरफ से प्राण घातक हमला, छेड़छाड़, मारपीट तथा दूसरे पक्ष की तरफ से भी घर में घुसकर मारपीट और छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज हुआ है। पहले पक्ष की ओर से शोभावती पत्नी सूर्यनाथ निवासी चौदह प्रास ने आरोप लगाया कि तीन दिसंबर की सुबह विपक्षी छोटेलाल, श्रीराम, हरीलाल पुत्र मुरली, संजय पुत्र मुन्नीलाल, शनि कुमार और मोनू पुत्रगण छोटेलाल उनके पशुशाला में घुस आए और पशुओं की नाद तोडने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट किया। महिला ने बताया कि बचाव में आई उनकी बहुओं के साथ बदसलूकी करते हुए उनके कपड़े तक फाड़ दिए। मारपीट में उनके देवर रामनाथ का दांत टूट गया और पति सूर्यनाथ गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। उधर दूसरे पक्ष से छोटेलाल पुत्र स्व. मुरली निवासी चौदह प्रास ने तहरीर में बताया कि विपक्षी सूर्यनाथ, रामनाथ, निरंजन, शोभावती, सोनम, रीमा और शालू जमीनी विवाद को लेकर उनकी बनी ईंट की दीवार तोड़ने लगे थे।

## योग और प्राणायाम के बारे में दी जानकारी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** वेद माता गायत्री मंदिर जलालपुर में चल रहे 24वें वार्षिक उत्सव के अंतिम दिन सुबह लगभग सात बजे से शांतिकुंज हरिद्वार से आई टीम के नरेंद्र कुमार पांडे ने आए हुए श्रद्धालुओं को योग और प्राणायाम आसन के बारे में जानकारी दी। सर्व गायत्री पांच को साधना पर प्रकाश डाला साथ ही कथा वाचक आचार्य उमेश चंद्र ने मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के उद्देश्य को कैसे साकार किया जाए इस पर विस्तृत प्रकाश डाला। यहां घनश्याम चंद्र गुप्ता, आसाराम गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, हरिओम प्रकाश सिंह, बृजेश सिंह, जियालाल, राम मूर्ति, अनीता, ज्ञानवती शर्मा, आशा रानी ने बढ़-चढ़कर विशेष योगदान दिया।

# वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

बसखारी, अंबेडकरनगर

हादसा

**अमृत विचार।** अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आए मोटरसाइकिल सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना बुधवार की दोपहर बसखारी थाना क्षेत्र के एनएच-233 पर स्थित कटया पहलवान मोड़ के निकट की बताई जा रही है।

बता दें कि न्योरी की ओर से जा रहे बाइक चालक को सामने से आ रहे चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में युवक को बसखारी सीएससी पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बलिया जनपद के रसड़ा थाना अंतर्गत सराम भारती निवासी सिराज अहमद 23 पुत्र नूर अहमद के रूप में हुई है। जो बुधवार को अपनी मोटरसाइकिल से बाराबंकी जा रहा था। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर उप निरीक्षक कमलेश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से सिराज को सीएचसी बसखारी पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने सिराज को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तत्काल मृतक के पास से मिले आईडी कार्ड और मोबाइल से उसकी पहचान होने पर तत्काल उसके परिजनों को सूचना भेजी। देर रात तक परिजनों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों का प्रार्थना पत्र मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर अन्य कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूल से लौट रही किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास, शोर मचाने पर आरोपी फरार

**जलालपुर (अंबेडकरनगर) अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार सुबह एक 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता अपनी छोटी बहन को विद्यालय छोड़कर अपनी साइकिल से घर लौट रही थी। इसी बीच नहर के पास विशंभरपुर निवासी लालू यादव पुत्र रंजीत ने घर लौट रही किशोरी को रोक लिया और जबरदस्ती पास की झाड़ी में खींच ले गया। आरोप है कि युवक ने वहां पर किशोरी के साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। वहीं किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पीआरबी टीम पहुंची और मौके का निरीक्षण किया। इसके बाद पीड़िता अपने परिजन के साथ जलालपुर कोतवाली पहुंची और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर लालू यादव के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। वहीं कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने इस संबंध में बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही मामले में आरोपी को गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नपा गेट पर वाहनों का जमावड़ा, आवागमन बाधित

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

समस्या

**अमृत विचार।** जलालपुर नगर पालिका परिषद क्षेत्र में जाम की गंभीर समस्या बनी हुई है। एक तरफ जहां अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार जाम से निपटने के लिए विभिन्न उपाय कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके ही कार्यालय के मुख्य गेट पर वाहनों का जमावड़ा देखा गया, जिससे आवागमन बाधित हुआ।

बता दें कि अधिशासी अधिकारी के गेट के ठीक सामने मोटरसाइकिलें खड़ी कर दी गई थीं, जिससे गेट अवरुद्ध हो गया। इसके अलावा नगर पालिका परिषद के बगल में एक जेसीबी मशीन भी खड़ी मिली। यह स्थिति तब सामने आई जब अधिकारी स्वयं अतिक्रमण हटाने की बात कर रहे थे, लेकिन खुद जाम में फंसे दिखाई दिए।


जलालपुर नगर पालिका गेट पर खड़ी मोटरसाइकिलें और जेसीबी मशीन।

इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि बीते दिवस जलालपुर एसडीएम राहुल गुप्ता के साथ एक बैठक हुई थी। इस बैठक में जल्द से जल्द जाम की समस्याओं को दूर करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद के सामने खड़ी बाइकों को तत्काल हटवाया जा रहा है। कार्यालय के मुख्य गेट पर खड़ी मोटरसाइकिल और जेसीबी मशीन को भी जल्द ही हटा दिया जाएगा। जिससे समस्या का निदान होगा।

आयोजन — एमएलसी, डीएम और एसपी ने जोड़ों को दिया आशीर्वाद, राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर में कार्यक्रम संपन्न

# सामूहिक विवाह समारोह में एक-दूजे के हुए 581 जोड़े

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जनपद के राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर परिसर में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित जनपद स्तरीय भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अत्यन्त गरिमामयी माहौल में संपन्न इस समारोह में समाज के सभी वर्गों के पात्र जोड़ों ने सामाजिक परम्पराओं और रीति-रिवाजों के अनुसार वैवाहिक बंधन में बंधकर अपना नया जीवन शुरू किया।

बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले निर्धन, जरूरतमंद, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के गरीब परिवारों की पुत्रियों के विवाह के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए सामाजिक समरसता और सर्वधर्म समभाव को बढ़ावा देना है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में समाज कल्याण विभाग लखनऊ द्वारा जनपद के लिए 579 जोड़ों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष बुधवार को आयोजित भव्य समारोह में कुल 645 पात्र जोड़ों के विवाह प्रस्तावित था। जिसके सापेक्ष कार्यक्रम में 581 पात्र जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोचारण के साथ सम्पन्न कराया गया। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपए की स्वीकृत धनराशि व्यय की जाती है। जिसमें 25 हजार रुपए विवाह उपहार सामग्री के लिए, 15 हजार रुपए आयोजन के लिए तथा 60 हजार रुपए की धनराशि नवविवाहित कन्या के बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित की जाती है। कार्यक्रम के दौरान सभी जोड़ों को उपहार सामग्री भी वितरित की गई। इस अवसर पर एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी आलोक उपाध्याय, अपर उप जिलाधिकारी अकबरपुर राजेश कुमार, प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अकबरपुर विशाल सारस्वत, जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।


सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मौजूद एमएलसी हरिओम पांडे, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर व नवविवाहित जोड़े। अमृत विचार

## समूह की महिलाओं को किया गया प्रशिक्षित

**जलालपुर (अंबेडकरनगर)।** जलालपुर के गयकवा सभा कक्ष में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं को बेकरी उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वह अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी दिनेश राम, सेफ्टी कुसुम वर्मा, एनआरएलएम के कर्मचारी इंद्रमणि पांडे और लक्ष्मीकांत तिवारी उपस्थित रहे। इनके साथ समूह सखी स्नेहलता बड़ागांव, बैंक सखी मालती देवी और स्वयं सहायता समूह की सदस्य कुमकुम, सुनीता, सविता विश्वकर्मा, किरण विश्वकर्मा, शशि मौर्य रहीं।

रघुराज शरण सिंह महाविद्यालय
नकहा बसन्त, बालपुर-गोण्डा (उ0प्र0)
(सम्बद्धः मॉपाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

आवश्यकता

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य पद पर तथा स्नातक स्तर पर रसायन विज्ञान एवं गणित विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है:-
**अर्हता-प्राचार्य पद** हेतु पी-एच.डी.उपाधि सहित 15 वर्षों का शैक्षणिक अनुभव के साथ ही यू.जी.सी./उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के उपबन्धों के अनसार तथा **सहायक आचार्य पद** हेतु स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाणपत्र सहित पी-एच.डी.उपाधि अथवा नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू.जी.सी. द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाहि की जायेगी।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधिपत्रों एवं अनुभव की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक

सीताराम सिंह महाविद्यालय, साबुकपुर, अम्बेडकरनगर उ0प्र0

में आवश्यकता है :-

**स्नातक स्तर पर बी0एससी0 पाठ्यक्रम में** (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में **प्रवक्ता-02 पद** तथा **स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी0एड् पाठ्यक्रम में बी0एड्0 प्रवक्ता -10 पद**
**योग्यता एवं वेतनमान -** यू0जी0सी0, एन0सी0टी0ई0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
**भवदीय- मो0 नं0- 7905991967**

न्यूज ब्रीफ

## शिक्षक की आपत्तिजनक फोटो वायरल, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** फेसबुक पर शिक्षक की आपत्तिजनक फोटो व भ्रामक जानकारी वायरल करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति पर केस दर्ज किया है। सराय कल्याण गांव निवासी शिक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ सोनू ने बताया कि गांव के कृष्णा सिंह उर्फ कृष्णदेव सिंह ने एक फरवरी को उनकी फोटो पोस्ट कर गलत तथ्य लिखे, जिससे उन्हें मानसिक व सामाजिक क्षति हुई। 23 नवम्बर को विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट कर दोबारा वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

## तीन आरोपियों को तलब करने की अर्जी पर हुई सुनवाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रॉपर्टी डीलर विजय नारायण सिंह हत्याकांड में तीन अतिरिक्त आरोपियों को तलब कर मुकदमा चलाने के मामले में एडीजे प्रथम संन्ध्या चौधरी की अदालत में बुधवार को पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बहस की। अधिवक्ता ने बताया विनय तिवारी, दीपक मिश्र समेत तीन को भी मुकदमे में शामिल करने की मांग की गई है। यह अर्जी अभियोजन गवाह सतीश नारायण सिंह की गवाही के आधार पर दाखिल की गई है। कोर्ट ने बहस सुनने के बाद आदेश के लिए कोर्ट ने 16 दिसंबर की तारीख नियत की है। मामले में पुलिस ने आरोपी अजय सिंह सिलावट के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

## सौरभ व कथा वाचक शनि सम्मानित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले में समाजिक कार्य करने वाले सौरभ मिश्र विनम्र व कथा वाचक शनि मिश्र को समाजसेवी अखिलेश सिंह पर्वत ने सम्मानित किया है। समाजसेवी ने बताया कि सौरभ मिश्र द्वारा जिले में यातायात के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जाता रहा है। वहीं जन समस्याओं पर हमेशा मुखर आवाज उठाने का कार्य किया जाता है। समाज के लिए किए गए कार्यों को देखते हुए प्रभु श्री राम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया है।

## वैष्णवी का राष्ट्रीय फुटबॉल कैंप में चयन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** एमजीएस इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा वैष्णवी का चयन राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए अयोध्या में चल रहे 18 सदस्यीय कैंप में हुआ है। उसने गाजीपुर में हुई प्रदेश स्तरीय सब जूनियर छात्रा फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। उसके चयन पर विद्यालय परिवार व खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# हाईवे पर पलटा टेंपो, दबकर महिला की मौत व 3 घायल

### लखनऊ-बलिया हाईवे पर मोतिगरपुर चौराहे के पास हुई घटना, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

मोतिगरपुर, सुलतानपुर



सीएचसी पहुंचे घायलों का इलाज करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** लखनऊ-बलिया हाईवे पर बुधवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार वाहन को बचाने के प्रयास में एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके नीचे दबकर एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए।

घटना मोतिगरपुर चौराहे के पास की है। जानकारी के अनुसार, जौनपुर जिले के जर्रा गांव थाना सरायख्वाजा निवासी निरंजन अपनी पत्नी कुमारी (60), भतीजी गरिमा (16) और टेंपो चालक संजय (45) के साथ मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर सराय भीषम गांव में रिश्तेदार के घर जा रहे थे। रास्ते में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन को बचाने के चक्कर में टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में कुमारी टेंपो के नीचे दब गई, जबकि निरंजन, गरिमा और चालक संजय दूर जा गिरे और घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल धर्मराज पाठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने कुमारी को मृत घोषित कर दिया। बाकी तीनों का इलाज जारी है।

थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी



अनुराग (फाइल फोटो)

**कादीपुर/मुड़िलाडीह, सुलतानपुर :** बीती रात सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में मिले युवक के शव की पुलिस ने बुधवार को पहचान कर ली है। मामला कादीपुर-अखंडनगर मार्ग पर अमरेथू डड़िया गांव के पास का है, जहां डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा से करीब सौ मीटर दूर सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एम्बुलेंस से भेजवाया। बुधवार को मृतक की पहचान रानेपुर कूम्ही डड़िया निवासी अनुराग पुत्र राधेश्याम (30) के रूप में हुई। बताया गया कि अनुराग मंगलवार को जालंधर जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन ट्रेन छूट जाने के बाद वह अपनी ससुराल ककना (राम तीरथ गौतम) चला गया। उसका छोटा भाई गोविंद की ससुराल पास के ही अमरेथू डड़िया गांव में है। पुलिस के अनुसार अनुराग मंगलवार की रात भाई की ससुराल से पानी लेकर शौच के लिए गया था, तभी वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। हालांकि मृतक के पिता राधेश्याम ने बेटे के साले पर हत्या का आरोप लगाते हुए गहरी आशंका जताई है। फिलहाल मामला सड़क दुर्घटना या हत्या दोनों ही पहलुओं के बीच उलझा हुआ है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों से पर्दा उठ सकेगा।

## रामपुर हनुमानगंज में 450 मतदाता फॉर्म अब भी लंबित

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकास खंड भदैंया के ग्राम पंचायत रामपुर हनुमानगंज में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तेजी से जारी है। जानकारी के अनुसार, बूथ नंबर 56 पर कुल 1294 मतदाता फॉर्म वितरित किए गए थे, जिनमें से मंगलवार तक 844 फॉर्म ऑनलाइन प्राप्त हो चुके हैं। इस प्रकार अभी 450 फॉर्म लंबित हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए बीएलओ सरिता देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री और अनुचर प्रखर गांव में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। अभियान के दौरान मृत मतदाताओं व स्थानांतरित व्यक्तियों के फॉर्म भी सफलतापूर्वक जमा कराए जा चुके हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विनीता सिंह ने बताया कि अभियान को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए सभी कर्मचारी पूर्ण समर्पण के साथ जुटे हुए हैं।

# सर्राफा डकैती: गैंगस्टर कोर्ट में गवाही दर्ज

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** चर्चित सराफा डकैती कांड में गैंगस्टर एक्ट की चल रही सुनवाई में बुधवार को अभियोजन के तीसरे गवाह भरतजी सोनी अदालत में गवाही हेतु स्पेशल गैंगस्टर जज राकेश की अदालत में उपस्थित हुए, जिनसे बचाव पक्ष की ओर से अरविंद सिंह राजा ने जिरह की। जिरह पूर्ण होने के बाद आरोपी अजय यादव के वकील संतोष पांडेय ने भरतजी सोनी से जिरह की पर जिरह पूर्ण न होने से कोर्ट ने सुनवाई के लिए 11 दिसंबर की तारीख नियत की है।

कोतवाली नगर के कोतवाल धीरज कुमार ने मामले में आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज कराया था। विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर कोर्ट अलका सिंह के मुताबिक मामले में मास्टरमाइंड विपिन सिंह समेत 12 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत केस विचाराधीन है। वहीं डकैतीकांड से जुड़ें इसी मामले में एडीजे चतुर्थ जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में गवाह न हाजिर होने से सुनवाई 15 दिसंबर तक टल गई।

## सुनीता हत्याकांड में अभियोजन गवाह तलब


**संवाददाता, सुलतानपुर :** थाना हलियापुर क्षेत्र के जरई कलां गांव में 25 अप्रैल 2024 की रात घटित सुनीता पासी हत्या कांड में जिला जज की अदालत मे महत्वपूर्ण प्रगति हुई। वादी दिनेश पासी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि आरोपी डब्लू पासी ने दुपट्टे से उसकी पत्नी सुनीता की हत्या कर दी थी। घटना के वक्त आरोपित द्वारा बच्चों को भी जान से मारने की धमकी दी गई थी, जिससे पूरे परिवार में दहशत फैल गई थी। गंभीर प्रकृति के इस मामले में अदालत में अभियोजन के दूसरे गवाह मृतक की 13 वर्षीय लक्ष्मी की गवाही दर्ज की गई। गवाह ने घटना की परिस्थितियों, परिवार पर पड़े प्रभाव और आरोपित की भूमिका को विस्तार से अदालत के सामने रखा। मामले की सुनवाई कर रहे जिला जज सुनील कुमार ने शेष अभियोजन गवाहों को तलब करते हुए अगली तारीख 12 दिसंबर निर्धारित की है।

## 45 उपभोक्ताओं से 3.25 लाख की वसूली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के गनेशपुर कैथौली गांव में बुधवार को विद्युत विभाग द्वारा संचालित एकमुश्त समाधान योजना का शिविर लगाया गया है। शिविर का आयोजन भटमई विधुत उपकेंद्र के अभियंता रवींद्र त्रिपाठी व इस डी ओ अभिषेक रायके नेतृत्व में किया गया। शिविर में विधुत विभाग के अधिकारियों के साथ ही कर्मचारी भी मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे विधुत उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान किया गया। शिविर में पहुंचे 45 उपभोक्ताओ ने एकमुश्त समाधान योजना का लाभ लिया। महकमे को 45 उपभोक्ताओ से 3 .25 लाख रुपए की राजस्व वसूली की गई। वही आठ बड़े बकायेदार उपभोक्ताओ का विधुत बिल जमा नहीं करने पर उनका विधुत कनेक्शन काटा गया। शिविर में विधुत विभाग के लाइनमैन प्रदीप सिंह, सुनील धुरिया, गोविंद, फूलचन्द्र, जयनाथ ने उपभोक्ताओं की तकनीकी समस्याओं का समाधान किया। विद्युत सखी पूनम, मीटर रीडर मंजीत व चंद्रभान ने बिलिंग, मीटर रीडिंग और कनेक्शन से जुड़ी प्रक्रियाओं को संभाला।

# चलते ही खड़ी हो गई चीनी मिल

संवाददाता, सुलतानपुर



चीनी मिल के जर्जर हुए पुराने कल पुर्जे। ● अमृत विचार

● **टरबाइन में आई खराबी से ठप हुआ संचालन मरम्मत में जुटे इंजीनियर**

**अमृत विचारः** जिले की इकलौती किसान सहकारी चीनी मिल एक बार फिर तकनीकी खामी का शिकार हो गई है। किसी तरह शुभारंभ के तीसरे दिन बुधवार को मिल चली तो पर मात्र तीन घंटे के संचालन के बाद ही पहिया रूक गया। सुबह 10 बजे शुरू हुई पेराई दोपहर एक बजे के आसपास टरबाइन में आई खराबी के चलते अचानक ठप हो गई।

गौरतलब है कि बीते सोमवार को किसान सहकारी चीनी मिल के 42वें पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ था। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, मिल उपाध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मंगलवार को गन्ने के अभाव में मिल का संचालन नहीं हो सका था, जबकि बुधवार को तकनीकी खराबी के कारण पेराई रुक गई। जिला गन्ना अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि टरबाइन में तकनीकी दिक्कत आने के कारण मिल की पेराई बाधित है। इंजीनियर खराबी दूर करने में लगे हुए हैं और मरम्मत पूरी होते ही संचालन दोबारा शुरू किया जाएगा। स्थानीय किसानों ने कहा कि मिल के उपकरण अत्यधिक जर्जर हो चुके हैं। चुनावी समय पर जनप्रतिनिधि मिल के जीर्णोद्धार के वादे तो करते हैं, लेकिन बाद में उस पर अमल नहीं होता।

## ट्रैक्टर रोटावेटर में फंसने से युवक की मौत

**बल्दीराय/विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय थाना क्षेत्र अंतर्गत मजरे सुखबड़ेरी में सोमवार को रोटावेटर में फंस जाने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। बृजेश प्रजापति (29 वर्ष) पुत्र जियालाल, निवासी सुखबड़ेरी, जुताई के बाद रोटावेटर में मिट्टी फंस गई, जिसके चलते उसने ट्रैक्टर को खड़ा करके रोटावेटर की सफाई शुरू की। बताया जाता है कि वह रोटावेटर को नचाते हुए मिट्टी निकाल रहा था कि अचानक उसका धड़ मशीन में फंस गया। बृजेश गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ा। परिजनों ने आनन-फानन में उसे निजी वाहन से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

## कई थानों के प्रभारियों के बदले गए कार्यक्षेत्र

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बड़े पैमाने पर तबादले करते हुए कई थानों के प्रभारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। कुड़वार थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा को चांदा कोतवाल बनाया गया है। अमन हत्याकांड में चांदा थाना प्रभारी दीपेंद्र विक्रम सिंह निलंबित किए गए थे। यहां पर कुड़वार एसओ रहे अमित कुमार मिश्र को तैनाती दी गई। क्षेत्र में बढ़े अपराध पर अंकुश लगाना अमित के लिए चुनौती होगा। नगर कोतवाली के शाहगंज चौकी प्रभारी रही वंदना अग्रहरि को हलियापुर थानाध्यक्ष के पद पर तैनाती दी गई है। हलियापुर थाना प्रभारी रहे तरुण पटेल को कुड़वार थानाध्यक्ष बनाया गया है। कुड़वार थाने में अपराध निरीक्षक रहे राम उग्रह कुशवाहा को दोस्तपुर थाने का अपराध निरीक्षक बनाया गया है।

# 65 बच्चों की जांच में दो मिले कुपोषित

भदैंया, सुलतानपुर



वजन दिवस पर बच्चों की हुई नापतौल। ● अमृत विचार

● **'वजन दिवस' पर बच्चों की लंबाई व वजन की हुई माप**

**अमृत विचारः** विकासखंड के हनुमानगंज आंगनबाड़ी केंद्र पर मंगलवार को 'वजन दिवस' का आयोजन किया गया। इस दौरान शून्य से पांच वर्ष तक के कुल 65 बच्चों की लंबाई और वजन की माप की गई। यह आयोजन शासन के निर्देशानुसार बच्चों की शारीरिक वृद्धि और पोषण स्थिति की निगरानी के उद्देश्य से किया गया था।

सीएचसी भदैंया के चिकित्सक डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि वजन दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चों की वृद्धि की नियमित मॉनिटरिंग करना है। यदि किसी बच्चे का वजन या लंबाई उसकी उम्र के अनुरूप नहीं बढ़ती, तो उसे कुपोषित श्रेणी में रखा जाता है। कुपोषित पाए गए बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया जाता है, जहां उनका समुचित उपचार व पोषण परामर्श दिया जाता है। कार्यक्रम में आफरीन की 14 माह की बच्ची अनिशबा को चिकित्सक ने उम्र के अनुसार कम शारीरिक विकास पाए जाने पर पोषण पुनर्वास केंद्र भेजने की सलाह दी। जांच में दो बच्चे कुपोषित पाए गए, जबकि शेष बच्चों की माप सामान्य रही। सभी बच्चों का डेटा पोषण ट्रैकर पर दर्ज किया गया।

## ननिहाल तक करना पड़ेगा सफर 2003 की सूची में नहीं है नाम

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण- 2026 अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान 2003 की मतदाता सूची को आधार मानकर पात्र मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है।

चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार यदि कोई मतदाता 2003 की सूची में दर्ज है, तो उसे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 की मतदाता सूची में शामिल होने में कोई कठिनाई नहीं होगी। इसी प्रकार अगर 2003 की मतदाता सूची में उसके माता-पिता का नाम दर्ज है, तब भी मतदाता को सूची में शामिल कर दिया जाएगा। लेकिन सबसे जटिल स्थिति तब बनती है, जब 2003 की मतदाता सूची में न स्वयं मतदाता का नाम है न ही माता-पिता का नाम दर्ज है। ऐसी दशा में मतदाता की पारिवारिक पहचान और वंशानुक्रम सत्यापित करने के लिए ननिहाल तक का सफर करना पड़ेगा। मतदाता का मिलान नाना-नानी के मतदाता सूची क्रमांक से किया जाएगा। यदि ननिहाल की मतदाता सूची में पारिवारिक संबंध की पुष्टि हो जाती है, तब ही उस व्यक्ति को 2026 की मतदाता सूची में सम्मिलित माना जाएगा। अधिकारियों के अनुसार यह प्रक्रिया उन मामलों में लागू होती है, जहा पुराने रिकॉर्ड उपलब्ध न हों और वंशानुक्रम प्रमाणित करने के लिए वैकल्पिक सूची की आवश्यकता पड़े। विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण का उद्देश्य है कि पारिवारिक सत्यापन के बिना कोई भी अवैध मतदाता सूची में शामिल न हो सके। वही वास्तविक पात्र मतदाताओं को उनके हक का मताधिकार सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही मतदाताओ को अन्य 13 प्रकार के अभिलेख प्रस्तुत करने के विकल्प दिए गए हैं।

# अनवर व जमीदार के घोड़ों ने मारी बाजी

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर



घुड़दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के मऊ गांव में बुधवार को आयोजित राज्य स्तरीय घुड़दौड़ प्रतियोगिता रोमांच और शौर्य के माहौल में सम्पन्न हुई। प्रयागराज, लखनऊ, पीलीभीत सहित विभिन्न जिलों से आए 22 घोड़ों ने मैदान में दमखम दिखाते हुए दौड़ में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सपा नेता शकील अहमद एवं विशिष्ट अतिथि बसपा नेता अफसार अहमद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

चौताला श्रेणी की रेस सबसे आकर्षण का केंद्र रही। अंतिम राउंड में जबरदस्त रोमांच देखने को मिला जिसमें प्रथम स्थान अनवर सभासद लखनऊ का घोड़ा, द्वितीय स्थान अदनान प्रधान मंगरौरा का घोड़ा रहा। दौड़ खत्म होते ही मैदान तालियों और शोर से गूंज उठा। वहीं, सिंधी घुड़दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर भैया जमीदार प्रयागराज का घोड़ा, द्वितीय स्थान पर अनवर सभासद लखनऊ का घोड़ा, तृतीय स्थान पर लक्की सिंह सुलतानपुर का घोड़ा रहा। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि शकील अहमद और विशिष्ट अतिथि अफसार अहमद ने विजेता घोड़ों के मालिकों एवं सवारों को शील्ड, नगद पुरस्कार, साइकिल और पंखे देकर सम्मानित किया। निर्णायक की अहम भूमिका वरिष्ठ घुड़सवार अलीरजा ने निभाई। वहीं, पूरे कार्यक्रम में जोश बनाए रखने के लिए मंच से बद्री प्रसाद यादव लगातार कमेंट्री करते रहे।

## मारपीट के दोषी को एक साल परिवीक्षा की सजा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** घर में घुसकर मारपीट व जानलेवा हमला करने के 18 वर्ष पुराने मामले में बुधवार को एडीजे प्रथम संध्या चौधरी की अदालत ने अमेठी के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के ऊंचगांव निवासी दोषी विश्वनाथ पाल को एक वर्ष की परिवीक्षा की सजा सुनाई है। एडीजीसी क्रिमिनल पवन दुबे के मुताबिक, शिवचरन मौर्य ने पहली पत्नी को छोड़कर रामकली से दूसरी शादी कर ली थी। पहली पत्नी से हुए बेटे विश्वनाथ मौर्य ने संपत्ति में हिस्से की मांग को लेकर 14 फरवरी 2007 को पिता पर हमला कर दिया था। बीच-बचाव करने पहुंचीं सौतेली मां रामकली को तमंचे से गोली मार दी गई, जबकि बहन गायत्री देवी को लाठी से हमला कर घायल कर दिया गया था। कोर्ट ने केवल घर मे घुसकर मारपीट का आरोपी को दोषी पाते हुए एक साल की परिवीक्षा की सजा सुनाकर रिहा कर दिया।

## मेहनत का कोई विकल्प नहीं: एसडीएम



वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के मेधावियों को सम्मानित करतीं एसडीएम।

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कड़ी मेहनत और दृढ़ इच्छा शक्ति से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है, मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। यह बात लंभुआ एसडीएम गामिनी सिंगला ने कही। वे ऑल सेंट्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, रहतीपुर कुबेरशाहपट्टी में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं। एसडीएम ने बच्चों की सैनिक परेड की सलामी ली और ओलंपिक मशाल प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा का अर्थ किसी को पीछे छोड़ना नहीं, बल्कि अपने प्रयासों से आगे बढ़ना है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को एसडीएम ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक सुनील कुमार सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए एसडीएम ने कहा कि सही मार्गदर्शन से ही बच्चे देश का उज्ज्वल भविष्य बनते हैं। अंत में पंकज सिंह ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MANOJ TIWARI से MANOJ KUMAR TIWARI कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **MANOJ KUMAR TIWARI, PARWAR PURAB मोहनलालगंज, लखनऊ।**

**सूचना**

मैने अपना नाम MANOJ KUMAR CHAUHAN से बदलकर MANOJ CHAUHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-RAM AWADH CHAUHANADD-MUHAMMADPUR PALI DIST-GHAZIPUR (U.P.)**

**सूचना**

मैने अपना नाम BACHACHHAN KHAN से बदलकर BACHCHAN KHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **BACHCHAN KHAN S/O-RAMJAN KHAN ADD-VILL-KARMUPURWA VISHWANATH GANV PO-RAIBHOJHA PS-NANPARA DIST- BAHRAICH-271865 (U.P.).**

**सूचना**

मैं नरेन्द्र कुमार सुत स्व.गया प्रसाद व लक्ष्मी कुमारी पत्नी नरेन्द्र कुमार नि. ग्राम – इटौरा, पो. – बाबागंज, तहसील – कुंडा, जनपद – प्रतापगढ़, अपने पुत्र सुनील कुमार उर्फ सोनू व पुत्र वधू माया देवी पत्नी सुनील कुमार उर्फ सोनू से आजिज आ गया हूँ। मैं दोनों को अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। इनके द्वारा किए गए कोई कार्य, धर्म अधर्म, कर्ज, सामाजिक, आर्थिक अथवा किसी भी प्रकार के विवाद से हमारा कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SABA SIDDIQUI से SABA KHAN कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जानी व पहचानी जाऊं। **SABA KHAN, H.NO.-874, FARUKHABAD, CHILLAVAN, KANPUR ROAD, LUCKNOW.**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा घरेलू नाम पूनम और आधार कार्ड में पप्पू है। दोनों नाम मेरे ही हैं। मुझे पूनम उर्फ पप्पू दोनों नाम से जाना पहचाना जाय। **पूनम उर्फ पप्पू पत्नी स्व. हरिओम निवासी खेमपुर देवापसिया कटरा बाजार गोंडा।**

**सूचना**

मेरा समस्त अभिलेखों में नाम रिजवान अहमद है। जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम राजकुमार दर्ज है। राजकुमार और रिजवान अहमद दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं और मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाए। अब मेरा नाम आधार कार्ड में भी रिजवान अहमद दर्ज किया जाए। **राजकुमार उर्फ रिजवान अहमद पुत्र स्वर्गीय नागेश्वर प्रसाद ग्राम विशुनापुर, परगना, तहसील व जिला बलरामपुर।**

**सूचना**

मेरा बड़ा पुत्र गंगेश बहादुर पुत्र श्याम सुंदर, उसकी पत्नी सुषमा देवी पत्नी गंगेश बहादुर, आर्यन पुत्र गंगेश बहादुर, आये दिन मारपीट करते रहते हैं। गंगेश बहादुर मुझे एवं मेरी पत्नी से मारपीट करता है। उसका चाल चलन एवं आचरण ठीक नहीं है। इसलिए अपने पुत्र गंगेश बहादुर, उसकी पत्नी व बेटे को अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किए गए कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्य से उसका कोई लेना देना नहीं होगा। **माया देवी पत्नी श्याम सुंदर एवं श्याम सुंदर पुत्र छेदीलाल, ग्राम–राजापुर बिंधन, थाना– महेशगंज, तहसील– कुंडा, जिला– प्रतापगढ़, उ.प्र.**


कवायद

### सरकार व विभाग ने लिया संज्ञान, पर्यटन विभाग ने ऑफिशियल पेज पर किया पोस्ट

# तीर्थ स्थल धोपाप धाम का होगा पर्यटन और आर्थिक विकास

लक्ष्मण गांधी, लंभुआ, सुलतानपुर



पर्यटन विभाग के ऑफिशियल पेज पर की गई पोस्ट। धोपाप धाम में टीले पर स्थित राम जानकी मंदिर।

**अमृत विचारः** आस्था इतिहास और आत्मशुद्धि का पावन तीर्थ धोपाप धाम को अब पर्यटन और आर्थिक दृष्टि से विकसित किए जाने की दिशा में पहल शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग ने पहली बार अपने ऑफिशियल फेसबुक पेज पर धोपाप धाम के महात्म्य और मंदिर की तस्वीरें साझा की हैं। इस पहल से क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है और लोगों को उम्मीद है कि इससे क्षेत्र में पर्यटन, रोजगार और आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

पहले पोस्ट में दो पोस्टर लगाया गया है। 'धोपाप मंदिर और स्नान के समय के पोस्टर पर धोपाप मंदिरः यहां स्नान करने से सभी पाप हो जाते हैं नष्ट, ऐसी दृढ़ मान्यता है' का स्लोगन लिखा गया है। दूसरी पोस्ट में तमाम जिम्मेदारों के पेज को टैग करते हुए धोपाप धाम के इतिहास लिखा गया है और तीर्थ स्थल के पर्यटन विस्तार की बात लिखी गई है। पोस्ट में यह भी लिखा है 'सुलतानपुर का धोपाप तीर्थ वह स्थान है, जहां माना जाता है कि भगवान राम ने रावण वध के पश्चात महर्षि वशिष्ठ की सलाह पर गोमती नदी में स्नान कर प्रायश्चित किया था। तभी से यह स्थान 'धोपाप' नाम से प्रसिद्ध हुआ। आज भी श्रद्धालु मानते हैं कि धोपाप घाट पर डुबकी लगाने से मन के अपराध, कर्मों की अशुद्धियां और जीवन की नकारात्मकता दूर होती है।'

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली बार है जब सरकार और विभाग ने धोपाप धाम को औपचारिक रूप से संज्ञान में लिया है। इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मूलभूत सुविधाएं मिलने की संभावना बढ़ गई है। पर्यटन विभाग पूर्व में भी धोपाप मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य करा चुका है।

## गंगा दशहरा को उमड़ते हैं श्रद्धालु

विदित हो कि गंगा दशहरा (ज्येष्ठ शुक्ल दशमी) और रामनवमी के अवसर पर धोपाप धाम में विशाल धार्मिक मेला आयोजित होता है, जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु पाप धोने के लिए स्नान करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने रावण वध के बाद ऋषियों की सलाह पर यहीं स्नान कर अपने पापों का प्रायश्चित किया था। यह स्थल विष्णु पुराण में वर्णित 'धुतोपपा' नाम से प्रसिद्ध है और इसे मोक्षदायिनी नगरी माना जाता है, जहां गोदान और धार्मिक संस्कार संपन्न किए जाते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण गांधी ने बताया कि अब यह तीर्थ स्थल रामायण सर्किट में शामिल हो रहा है, जिससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर भी खुलेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार का किया निर्णय

**मनकापुर, गोंडा।** बुधवार को बार एसोसिएशन की आमसभा की बैठक को संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय किया गया कि अधिवक्ता तीन दिनों तक ग्राम न्यायालय में न्यायिक कार्यों से दूर रहेंगे। संघ द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि इस अवधि में सभी सदस्य ग्राम न्यायालय में व्यावहारिक सहयोग नहीं करेंगे। साथ ही हाजिरी माफी प्रार्थना पत्र सह-अभियुक्त के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा, जिस पर अधिवक्ताओं द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए जाएंगे। बैठक की जानकारी बार संघ अध्यक्ष भानु प्रताप मिश्र तथा महामंत्री लाल चन्द्र शुक्ल द्वारा जारी पत्र के माध्यम से दी गई।

### भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य बने अजय

**उमरी बेगमगंज, गोंडा :** उमरी निवासी अजय सिंह उर्फ पिंटू सिंह भारतीय जनता पार्टी प्रांतीय परिषद के सदस्य पद पर निर्वाचित हुए हैं। अजय सिंह ग्राम सभा उमरी बेगमगंज के निवासी हैं और वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री पद पर कार्यरत हैं। उनके सदस्य पद पर निर्वाचित होने पर तरबगंज विधायक प्रेम नारायन पांडे, ब्लॉक प्रमुख तरबगंज मनोज पांडे, ब्लॉक प्रमुख बेलसर राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष इकबाल बहादुर तिवारी, ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामधोख मिश्र, विनोद पांडे, सीपी सिंह, रविंद्र पांडे, तरबगंज बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेश सिंह पूर्व जिला मंत्री अशोक सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य श्री नारायण पांडे, त्रियुगी नरायन शुक्ला, धर्मेंद्र पांडे, मंडल अध्यक्ष बेलसर राकेश कुमार भारती ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### जमीन विवाद में छप्पर में लगाई आग

**तरबगंज, गोंडा :** थाना क्षेत्र के उमरा ग्राम पंचायत के मजरा भटपुरवा में जमीन विवाद को लेकर एक छप्पर में आग लगा दी गई। मंगलवार सुबह हुई इस घटना में छप्पर और उसमें रखी लकड़ी जलकर राख हो गई। पुलिस ने पीड़ित गायत्री देवी की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पीड़िता गायत्री देवी ने अपनी शिकायत में बताया कि गांव के स्वामी नाथ के साथ लंबे समय से जमीन विवाद चल रहा है। मंगलवार की सुबह स्वामी नाथ ने दो अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर उनकी पैतृक जमीन पर जबरन निर्माण कार्य शुरू कर दिया। रोकने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी और उनके छप्पर में आग लगा दी। जबकि उक्त जमीन का मामला न्यायालय में बिचाराधीन है। इस आगजनी में छप्पर के साथ उसमें रखी लकड़ियां भी पूरी तरह जलकर खाक हो गईं है। कोतवाल कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि जांच की जा रही है।

### सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण

**खरगूपुर, गोंडा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने खरगूपुर सीएचसी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतलाल पटेल ने खरगूपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेबर रूम, ओपीडी, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने दवा वितरण एवं जांच में पारदर्शिता लाने तथा शासन के मनसा अनुरूप लोगों को सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अधीक्षक डॉक्टर अजय यादव से विभिन्न सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिया है। वह यहां 15 मिनट रहकर वापस मुख्यालय चले गए।

### रेलवे ट्रैक पर मिला बुजुर्ग का शव

**करनैलगंज :** स्थानीय रेलवे स्टेशन से मात्र एक किलोमीटर दूर ग्राम पिपरी के समीप रेल पटरी पर 65 वर्षीय बुजुर्ग का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने शव की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद हल्का दरोगा सरफराज खान व कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया ट्रेन की चपेट में आने से मौत की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि बुजुर्ग के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। हालांकि, मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

### राशन वितरण न करने की शिकायत

**रुपईडीह, अमृत विचार।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिछुड़ी में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकत्री कुसुम तिवारी ने महिला स्वयं सहायता समूह पर परियोजना कार्यालय से राशन उठाने के बावजूद भी उन्हें राशन न उपलब्ध कराए जाने की शिकायत सीडीपीओ से की है। उनके इस शिकायत पर सीडीपीओ द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई किए जाने के लिए खंड विकास अधिकारी को पत्र भेजा है।

## परिषदीय स्कूलों में शुरू हुई अर्धवार्षिक परीक्षा

- एसआईआर व बीएलओ ड्यूटी के बीच शिक्षकों ने संभाला मोर्चा

**गोंडा, अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों की अर्धवार्षिक परीक्षा बुधवार को आखिरकार शुरू हो गई, लेकिन अव्यवस्थित तैयारियों ने शिक्षकों और बच्चों दोनों को परेशान किया। तीन माह की देरी के बाद शुरू हुई इस परीक्षा में न तो विद्यालयों को पर्याप्त समय मिला और न ही शिक्षकों को तैयारी का मौका। एसआईआर और बीएलओ ड्यूटी में फंसे शिक्षक परीक्षा संचालन के दौरान दोहरी जिम्मेदारी निभाते नजर आए।

जिले के 2509 परिषदीय विद्यालयों में करीब तीन लाख नौनिहाल अध्ययनरत हैं। जिला समन्वयक प्रशिक्षण हरि गोविंद यादव ने बताया कि पहले दिन की परीक्षाएं शांतिपूर्ण रहीं। बृहस्पतिवार को प्राथमिक स्कूलों में गणित तथा जूनियर स्कूलों में विज्ञान की परीक्षा आयोजित की जाएगी। बीएसए अमित सिंह ने बताया कि जो शिक्षक या शिक्षामित्र बीएलओ ड्यूटी में लगे हैं उन्हें परीक्षा से मुक्त रखा गया है। अन्य सभी शिक्षकों को परीक्षा समय का कड़ाई से पालन करने और विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।

## डीएम व सीडीओ ने छात्रों को बताया सफलता का मंत्र

संवाददाता, गोंडा

- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ करियर गाइडेंस मेला

**अमृत विचार:** जनपद के राजकीय माध्यमिक इण्टर कालेजों के हाईस्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के लिए कहा बुधवार को पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के प्रांगण में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएम व सीडीओ ने छात्र छात्राओं को सफलता का मंत्र बताते हुए अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बच्चों को डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि छात्र अपनी योग्यता, क्षमता एवं रुचि के अनुरूप तनाव रहित होकर अपने करियर विकल्प का उचित चयन कर विशेष उपलब्धि हासिल कर सकते है। पंख पोर्टल के मंडल कोऑर्डिनेटर अमित पाण्डेय ने पोर्टल से संबंधित जानकारी प्रदान की। लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज की वनस्पति विज्ञान की एचओडी डॉ.रेखा शर्मा डॉ.संदीप श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, जिला क्रीडा अधिकारी अशोक सोनकर, मुख्य प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गोंडा उमेश कुमार आर्य, राजकीय पॉलिटेक्निक के व्याख्याता अभय कृष्णा, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के व्याख्याता अजय प्रताप सिंह तथा गौरव उपाध्याय, आई.टी.आई. के प्रशिक्षण अधिकारी शिवाकांत तथा अन्य विभागों से आये हुए अधिकारियों ने भी छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।



बच्चों के स्टॉल पर अपनी टिप्पणी लिखतीं डीएम प्रियंका निरंजन। अमृत विचार

जिला विद्यालय निरीक्षक जा रामचंद्र तथा सहायक वित्त लेखाधिकारी सुदीप पाण्डेय ने भी छात्र छात्राओं को लक्ष्य प्राप्ति को लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने छात्र छात्राओं की तरफ से करियर से संबंधित स्टालों का निरीक्षण किया। जिला समन्वयक उत्तम कुमार मल्ल गीता त्रिपाठी, ममता चौधरी, आशा सिंह तथा जनपद के समस्त राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

## सीएमओ आफिस के भ्रष्ट लिपिक को एंटी करप्शन टीम ने दबोचा

### मुकदमा दर्ज, चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान के लिए मांग रहा था रिश्वत

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** भ्रष्टाचार को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय एक बार फिर चर्चा में आ गया है। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे विभाग के खिलाफ जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य मंत्री तक शिकायत की लेकिन कुछ बिगाड़ नहीं पाए। बुधवार को सीएमओ का वरिष्ठ लिपिक घूस लेते रंगे हाथ पकड़ में आ गया और एंटी करप्शन टीम ने उसे धर दबोचा और कोतवाली देहात में मुकदमा पंजीकृत कराया है।

सीएमओ कार्यालय में कार्यरत रहे वरिष्ठ लिपिक अंगद पांडेय बीमार हैं और उनकी दवा चल रही है। वर्ष 2014 में वह सेवानिवृत्त हो गए। उनके इलाज पर हुए खर्च के लिए मेडिकल प्रतिपूर्ति की फाइल वर्षों से सीएमओ कार्यालय में लटकी है। प्रतिपूर्ति भुगतान के लिए वरिष्ठ लिपिक शशिकांत ने फाइल पास करने के लिए मोटी रकम मांगी। अंगाद पांडेय के पुत्र आशीष ने बताया कि वह कई महीने से दौड़ रहे हैं। हर बार आने पर वरिष्ठ लिपिक को घूस देना पड़ रहा था तब वह कुछ बोलते थे लेकिन हर बार घूस की मांग करने पर वह निराश हो गए और उन्होंने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की।

### विधायकों ने कई बार उठाया है भ्रष्टाचार का मुद्दा

अभी जल्द ही गोंडा से स्थानांतरित सीएमओ डा रश्मि वर्मा व उनके आफिस के खिलाफ तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय, गौरा विधायक प्रभात वर्मा ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से की थी। कई गंभीर आरोप लगाए थे। लेकिन सीएमओ की पहुंच के आगे विधायक भी नतमस्तक रहे। पूरे तीन चार साल तक सीएमओ का स्थानांतरण न होने के कारण सीएमओ कार्यालय के कर्मचारी भी बेलगाम थे और मनमानी वसूली तथा उपकरणों की आपूर्ति में लूट खसोट मची थी। इससे हर वर्ग के लोग परेशान थे। यहां तक कि मेडिकल बनवाने के नाम पर जमकर वसूली की जाती थी। दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए लगने वाले शिविर में भी जमकर लूट की जाती थी। लेकिन आज रंगे हाथों वरिष्ठ लिपिक शशिकांत की गिरफ्तारी ने भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के कई कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। भ्रष्टाचार के मामले पहले भी आ चुके हैं। बुधवार को सेवानिवृत्ति स्वास्थ्य कर्मी अंगद पांडे के बेटे आशीष की शिकायत पर देवीपाटन मंडल की एंटी करप्शन टीम के निरीक्षक राज किशोर यादव ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात लिपिक शशिकांत को पांच हजार नकद रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। टीम के दबोचते ही सीएमओ कार्यालय में हड़कंप मच गया। आरोपी लिपिक को लेकर टीम कोतवाली देहात पहुंची जहां पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सेवानिवृत कर्मचारी के बेटे आशीष पांडे ने बताया कि उनके पिता अंगद पांडे जो स्वास्थ्य विभाग में ही तैनात थे। सेवानिवृत हो चुके हैं। चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान को लेकर रिश्वत की मांग की गई थी। जब उन्होंने देने से इनकार किया तो दौड़ाया जा रहा था। आरोप है कि पूर्व में भी कई बार रिश्वत ली गई थी। जब भुगतान नहीं हुआ तो उन्होंने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की थी। आरोपी को एंटी करप्शन टीम में गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि एंटी करप्शन टीम के निरीक्षक राजकिशोर यादव की तहरीर पर आरोपी स्वास्थ्य लिपिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आशीष कुमार पांडे ने रिश्वत मांगे जाने की शिकायत की थी। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## विवाहिता को जलाने का प्रयास सात नामजद

**नवाबगंज :** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और मिट्टी का तेल डालकर जलाने की कोशिश का मामला सामने आया है। कस्बे निवासी सरजू प्रसाद की पुत्री उमा देवी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी शादी वजीरगंज थाना क्षेत्र के भगोहर गांव निवासी धनलाल के साथ हुई थी। विवाह में परिजनों ने सामर्थ्य के अनुरूप दहेज दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष शुरू से ही कम दहेज को लेकर ताने देता रहा और मारपीट करता रहा। उमा देवी के अनुसार उसके पति व परिजन उससे रुपये और सोने की चेन की मांग करते हैं। मांग न पूरी होने पर उसे मां-बहन की गालियां देकर लगातार प्रताड़ित किया जाता है। आरोप है कि एक दिन पति धनलाल, देवर सूरज, संतोष, श्रवण कुमार, ननद रेशमा, सास मालती और परिजन लालू ने मिलकर उसे कमरे में बंद कर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। उमा देवी की चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे, तब उसकी जान बच सकी। पीड़िता ने बताया कि ससुराल पक्ष उसे लगातार धमकी देता है कि यदि दहेज की मांग पूरी न हुई तो वह उसे जला देंगे और पति दूसरी शादी कर लेगा। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वास चतुर्वेदी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर सभी सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच वजीरगंज थाने को स्थानांतरित कर दी गई है।

## प्रदर्शनी में विशेषज्ञों ने किसानों को दी जानकारी


जिला उद्यान परिसर में लगी कृषि प्रदर्शनी को देखतीं डीएम प्रियंका निरंजन।

- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत प्रगतिशील किसान को किया गया सम्मानित

**गोंडा, अमृत विचार:** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत मण्डलीय गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने गोष्ठी की गतिविधियों को देखा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में जिलाधिकारी ने उद्यान विभाग सहित विभिन्न कृषि विभागों और प्रगतिशील किसानों द्वारा स्थापित स्टालों का दौरा किया, जहां सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों, फसल विविधीकरण, नई खेती तकनीकों और सरकारी अनुदान योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई थी।

जिलाधिकारी ने नवाचारों की प्रशंसा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन जानकारियों को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाया जाए। जिलाधिकारी ने 'हर खेत को पानी' के लक्ष्य से संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का महत्व रेखांकित किया और विभागीय अधिकारियों को योजना के पूर्ण लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने तथा तकनीकी प्रशिक्षण और फील्ड डेमो के माध्यम से किसानों को सक्षम बनाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में उपनिदेशक कृषि, उपनिदेशक रेशम, उपनिदेशक उद्यान, जिला उद्यान अधिकारी सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। गोष्ठी का संचालन उद्यान विभाग द्वारा किया गया।

## भागवत कथा करने से आध्यात्मिक धरोहर मिलता है : रवि शंकर

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** नगर के भरत मिलाप चौराहे के समीप मंगलवार की शाम श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा अनुष्ठान का शुभारंभ विधि-विधान के साथ हुआ।

कथा प्रारंभ होते ही पूरा परिसर भजन, कीर्तन और हरे रामा-हरे कृष्णा के मधुर जयघोषों से गुंजायमान हो उठा। कथा के प्रथम दिवस पंचवटी श्री सीताराम आश्रम ऋषि भूमि से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक रवि शंकर गुरु भाई ने भागवत महापुराण के माहात्म्य का अत्यंत हृदय स्पर्शी और सारगर्भित वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करने वाली अद्वितीय आध्यात्मिक धरोहर है।

कथावाचक ने भक्ति माता की उत्पत्ति, उनके रूपों और उनकी करुणा का अद्भुत चित्रण किया।


कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

- हरे रामा-हरे कृष्णा के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा परिसर

उन्होंने ज्ञान और वैराग्य के वृद्ध होने और फिर भागवत श्रवण के प्रभाव से उनके युवा होने की कथा को इतनी भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया। शुकदेव जी के प्राकट्य की कथा का वर्णन भी अत्यंत मनोहारी रहा। श्री गुरु भाई ने बताया कि कैसे शुकदेव जी जन्म से ही परब्रह्म स्वरूप थे और कैसे उन्होंने वैराग्य और आत्मज्ञान की राह को अपने जीवन का सार बनाया।

कथा के समापन पर भव्य आरती का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रभु के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। इस पावन अनुष्ठान में मुख्य यजमान हेमलता रस्तोगी एवं जमुना प्रसाद रस्तोगी रहे। कथा के दौरान संजय रस्तोगी, राजीव रस्तोगी, शिवकुमार सोनी, सुधीर सोनी, रवि रस्तोगी, संतोष सोनी, अमित सोनी, रवि सोनी, संदीप मेहरोत्रा, अम्बरीष रस्तोगी, घनश्याम रस्तोगी, सोनिया रस्तोगी, सीमा सोनी, रंजन सोनी, काजल सोनी, आरती सोनी, अंजलि सोनी, पुष्पांजलि रस्तोगी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय भक्त शामिल रहे।

## कुएं में शव मिलने के मामले में 3 हत्यारोपी गिरफ्तार

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** मोहल्ला बमपुलुस में 40 वर्षीय अकबर अली उर्फ चौधरी की हत्या कर शव को कुएं में फेंकने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि पुलिस टीम ने नामजद आरोपियों मुन्ना, हारून और इम्तियाज़ को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय रवाना कर दिया है। उल्लेखनीय है कि 4 दिसंबर की सुबह खेत के कुएं से अकबर अली का शव मिलने पर परिजनों ने हंगामा करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी। परिवार ने आरोप लगाया था कि मृतक का विवाद 3 दिसंबर की शाम हारून से हुआ था, जिसके बाद ही वह लापता हो गया था। पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। कोतवाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य प्रमाणों के आधार पर मामले की विवेचना आगे बढ़ाई जा रही है।

## बालिकाओं को गुड टच बैड टच की दी जानकारी


बच्चों को जागरूक करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत कोतवाली करनैलगंज की एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय कोचा कासिमपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप राय के नेतृत्व में टीम ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को महिला सुरक्षा, बाल सुरक्षा और साइबर जागरूकता से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। टीम ने मिशन शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली समझाते हुए शासन द्वारा जारी प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 181 और 1930 के उपयोग के बारे में बताया। छोटे बच्चों को गुड टच-बैड टच की जानकारी देकर सुरक्षित रहने के तरीके समझाए गए। वहीं अभिभावकों से संपर्क कर स्कूल न जाने वाले बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराध से बचाव, अनजान लिंक/कॉल से दूरी, बैंकिंग फ्रॉड से सावधानी और सोशल मीडिया पर गोपनीयता बनाए रखने के उपाय समझाए गए।

## होमगार्ड के बेटे ने फंदे से लटक कर दी जान

**खरगूपुर :** ग्राम पंचायत देवरिया कला निवासी होमगार्ड शिवभान तिवारी के बेटे पदुमनाथ तिवारी (28) ने बुधवार सुबह तीन बजे कमरे के छत के हुक से रस्सी से फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि पदुमनाथ तिवारी नशे का आदी था। उसने कुछ महीने पहले भी जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। नशे को लेकर उसकी पत्नी रिंकी देवी से आए दिन विवाद होता रहता था। लगभग एक सप्ताह पहले वह अपने मायके चली गयी थी। बुलाने पर वह नशा छोड़ने पर आने के लिए कहती थी। उन्होंने बताया कि सोमवार को उसकी पत्नी की शिकायत पर पदुम नाथ को थाने बुलाया गया, जिस पर दोनों के बीच समझौता हुआ था कि उसके पति को नशा मुक्ति केंद्र भेज देने पर वह ससुराल आ जाएगी। शिवभान तिवारी रुपईडीह कंपनी में होमगार्ड के पद पर कार्यरत है, जिनकी ड्यूटी इस समय कमिश्नर कार्यालय में है।


पदुमनाथ (फाइल फोटो)

## कार्यशाला

### संगठन की मजबूती और जागरूक वोटिंग से ही बदलेंगे हालात : संजय निषाद

## खत्म करनी होगी पौवा, पैसा, पायल की राजनीति

**नवाबगंज, अमृत विचार:** कस्बे के पड़ाव मोहल्ले स्थित एक निजी मैरिज हॉल में बुधवार को निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को राजनीति, संगठन और सामाजिक चेतना की नई दिशा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

संजय निषाद ने कहा कि जो व्यक्ति मुलायम सिंह यादव, पं. जवाहरलाल नेहरू और कांशीराम जैसे नेताओं की बातों को समझ गया, वह ज्ञानवान और संपन्न हुआ, लेकिन जो नहीं समझे वे आज भी पिछड़ गए। उन्होंने कहा कि धरती पर सही ज्ञान देने वाला व्यक्ति कभी-कभी जन्म लेता है और यदि कोई मेरी बातों को चार घंटे तक समझ ले, तो वह भी समझदार बन जाएगा। मंत्री ने आज की राजनीति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पौवा पिलाकर, पैसे व पायल देकर वोट लेने की परंपरा बढ़ रही है, जिसे खत्म करना होगा। समाज और आने वाली पीढ़ी का भविष्य तभी सुरक्षित होगा जब बिकाऊ और लालच में पड़ने वाली मानसिकता को राजनीति से बाहर किया जाएगा। संजय निषाद ने कहा कि सत्तर साल तक सरकारें बनाकर पछताने वाले नासमझ कहलाते हैं और नासमझ को न हटाना भी अज्ञानता है। उन्होंने दलितों और पिछड़ों की दशा का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें वर्षों तक मूलभूत अधिकारों से वंचित रखा गया। देश आज संविधान से चलता है, और यही संविधान हमारी इज्जत और अधिकारों की रक्षा करता है। मंत्री ने कहा कि जनता अब समझ चुकी है कि वोट के अधिकार का सही प्रयोग कर वह अपना भविष्य बेहतर बना सकती है। उन्होंने कहा कि जो शिक्षा और इलाज अमीरों या सक्षम लोगों को मिलता है, वही सुविधा हर गरीब, निर्बल और शोषित तक पहुँचनी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी 13 दिसंबर को लखनऊ में होने वाली बड़ी रैली में भारी संख्या में पहुँचने की अपील भी की। कार्यशाला में जिलाध्यक्ष रामानंद निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार निषाद, शिवबक्स निषाद, राजाबाबू निषाद, दिनेश, राजित राम, रेनू, सुनीता, संतोष, कपिल, सालिकराम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चों के साथ मंत्री ने फोटो भी खिंचवाई।


कैबिनेट मंत्री संजय निषाद। अमृत विचार

## घर में घुसे अज्ञात लोगों ने पिता को पीटा

### बेटी को बंधक बनाकर फरार, शिकायत दर्ज

संवाददाता, तरबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की रात तीन अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर पिता की पिटाई की और उनकी बेटी का अपहरण कर लिया। इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपितों की तलाश में लगी है।

पीड़ित पिता ने अपनी शिकायत में बताया कि शनिवार की रात तीन अज्ञात लोग उनके घर में घुस आए। जब वे बेटी को ले जाने लगे, तो खटपट की आवाज सुनकर नींद खुल गई। आंगन में जाकर देखा तो तीन लोग लड़की को पकड़कर ले जा रहे थे। रोका तो एक व्यक्ति ने अवैध असलहे के बट से कनपटी व सिर पर मारकर घायल कर दिया। बदमाश बेटी के साथ 40 हजार रुपये लेकर फरार हो गए।

कोतवाल कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस लड़की और अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### महाराष्ट्र से चोरी/गुम मोबाइल बरामद करने में मिली सफलता

**बलरामपुर।** महाराष्ट्र (मुंबई) से चोरी और गुम हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी में बलरामपुर पुलिस ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विशेष अभियान के तहत साइबर थाना बलरामपुर और महाराष्ट्र पुलिस की संयुक्त टीम ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कुल 174 स्मार्टफोन बरामद किए हैं। इनकी अनुमानित कीमत लगभग 36 लाख रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में चलाई गई। पुलिस अधीक्षक ने सफलता पर टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्रवाई बलरामपुर पुलिस की सतर्कता, तकनीकी दक्षता और जनता की सहायता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### प्रशिक्षण 14 दिसंबर से

**रुपईडीह, अमृत विचार।** कर्नाटक प्रदेश में आगामी 14 दिसंबर से शुरू हो रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे ने रुपईडीह ब्लॉक की ग्राम पंचायत बेलवाभान के प्रधान विवेक शुक्ल का चयन किया है। उनके चयनित होने पर खंड विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य मनोज कुमार शुक्ल, श्री रघू बाबा सेवा आयोग संस्थान घुघुआपुर के प्रबंध निदेशक गोली दूबे, रिंकू मिश्र, क्रांति कुमार शुक्ला, अनिल कुमार पांडेय, बच्चन मिश्र, रामकरण चतुर्वेदी, प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, राकेश वर्मा, धर्मेंद्र पांडेय, रवि मिश्र, राजेश सोनी आदि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्ति की है। नामित किए गए ग्राम प्रधान ने बताया कि यह प्रशिक्षण पांच दिवसीय रहेगा।

### क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

**उतरौला।** ब्लॉक संसाधन केंद्र गैड़ास बुजुर्ग में बुधवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय क्विज एवं मॉडल प्रतियोगिता उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान, नवाचार और सृजनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। ब्लॉक क्षेत्र के उच्च एवं कम्पोजिट विद्यालयों से चयनित विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। क्विज प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय बांक के अखिलेश वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर उच्च प्राथमिक विद्यालय धौरहरा की मैसरा खान रहीं।

### सीएमओ ने रोका वेतन

**बलरामपुर।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में जिले की टीबी यूनिटों के कमजोर प्रदर्शन पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने कड़ा रुख अपनाया। मंगलवार को सीएमओ कार्यालय में हुई बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि जिन यूनिटों का प्रदर्शन असंतोषजनक है, उनके संबंधित एसटीएस और एसटीएलएस का वेतन तत्काल प्रभाव से रोका जाए। बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अजय कुमार शुक्ला, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला कार्यक्रम समन्वयक अविनाश सिंह, सूर्यमणि तिवारी, महेंद्र शुक्ला सहित सभी टीबी यूनिटों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**तुलसीपुर, बलरामपुर:** भवनियापुर स्थित आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में बुधवार को संस्थापक सप्ताह समारोह का सातवां एवं अंतिम दिवस आध्यात्मिक गरिमा और सांस्कृतिक वैभव के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं महंत दिग्विजयनाथ जी और अवेद्यनाथ जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत-गीत, भाषण, नृत्य और अन्य आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच को जीवंत कर दिया। प्रधानाचार्य डॉ. डी. पी. सिंह ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों और गणमान्य नागरिकों का बैज पहनाकर स्वागत किया।

### एमएलके पीजी कॉलेज में सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू

**बलरामपुर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर के अंतर्गत एमएलके पीजी कॉलेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर बैकपेपर तथा तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाएँ बुधवार से शुरू हो गईं। परीक्षा के पहले दिन कुल 215 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 8 छात्र अनुपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं केंद्राध्यक्ष प्रो. जे.पी. पांडेय ने बताया कि परीक्षाओं के सुचारू और शुचितापूर्ण संचालन के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। कॉलेज की आंतरिक सचल टीम द्वारा मुख्य द्वार पर छात्रों की गहन तलाशी ली जा रही है, साथ ही परीक्षा कक्षों में परीक्षार्थियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# घने कोहरे की चादर में लिपटा जिला

## बढ़ती ठिठुरन को लेकर प्रशासन सक्रिय, अलाव-कंबल से मिलेगी राहत

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** दिसंबर के दूसरे सप्ताह में सर्द मौसम ने पूरी रफ्तार पकड़ ली है। मंगलवार तड़के से ही शहर घने कोहरे की मोटी परत में लिपटा रहा। दृश्यता इतनी कम रही कि सुबह साढ़े सात बजे तक सड़कें धुंध में गायब सी नजर आईं और वाहन रेंग-रेंगकर चलते दिखे। तेज सर्द हवाओं ने कंपकंपी और बढ़ा दी, जिससे आमजन का सुबह घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 22 और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अगले कुछ दिनों तक इसी तरह कोहरा छाया रहने व तापमान में और गिरावट की संभावना है।


बलरामपुर नगर में मंगलवार सुबह छाये घने कोहरे के कारण सड़क पर रेंगते वाहन।

### कंबल वितरण तेज

कड़ाके की ठंड और कोहरे के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने राहत कार्यों को तेज कर दिया है। ज़रूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए जिले की तीनों तहसीलों में पहले चरण में 2400 कंबल भेजे गए हैं। विशेष रूप से फुटपाथों, खुले स्थानों व कच्चे घरों में रहने वाले लोगों को इससे काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

- 44 स्थानों पर अलाव जलाने की तैयारी

नगर पालिका चेयरमैन डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने बताया कि शहर में 44 चिन्हित स्थलों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है ताकि रात के समय कोई भी व्यक्ति ठंड से बेहाल न हो। नगर पालिका टीम द्वारा नियमित रूप से निगरानी की जा रही है और कंबल वितरण भी तेज गति से कराया जा रहा है। घनी धुंध, हाड़ कंपा देने वाली हवाओं और गिरते तापमान के बीच प्रशासन के ये प्रयास जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहे हैं।

# साइबर फ्रॉड कर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

- 781 इलेक्ट्रॉनिक आइटम और वैगनआर कार बरामद

**बलरामपुर, अमृत विचार।** कोतवाली देहात पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी में लिप्त दो आरोपियों को पकड़कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 22 प्रकार के कुल 781 इलेक्ट्रॉनिक सामान, दो मोबाइल फोन, दो एटीएम कार्ड, 400 रुपये नकद तथा बिना नंबर प्लेट की सफेद मारुति वैगनआर कार बरामद की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई।

साइबर ठगी के मामलों के त्वरित अनावरण के लिए दिए गए निर्देशों के तहत अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने अवधेश शुक्ला निवासी बरगदही, बहराइच तथा बीरेन्द्र तिवारी उर्फ बाबू निवासी मनेरा रानीपुर, बहराइच को गिरफ्तार किया। दोनों मोबाइल में फ्रॉड एप डाउनलोड कर आमजन से ऑनलाइन ठगी करते थे।

जांच के दौरान आरोपियों के कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक सामान से भरा गत्ते का बॉक्स, घटना में उपयोग की गई वैगनआर कार और अन्य आपत्तिजनक सामग्री मिली। पुलिस ने पूरी बरामदगी को सील कर मालखाना में जमा किया है।

# नियम उल्लंघन पर मीट की दुकान सील

**बलरामपुर।** डीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को निबकौनी अंधेरी बाग स्थित जमीर मीट शॉप के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। निर्धारित तिथि पर निरीक्षण के दौरान दुकान संचालक जमीर अहमद और प्रतिनिधि मो. फारूख मौके से अनुपस्थित पाए गए। दूरभाष से सूचना देने के बावजूद दोनों के उपस्थित न होने पर विभाग ने दुकान पर आपात प्रतिबंध सूचना चस्पा कर दी और निरीक्षण तक के लिए दुकान को सील कर दिया। खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार संबंधित कारोबारकर्ता को मीट निर्यात के लिए केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राप्त है, जबकि सूचना मिली थी कि वे घरेलू बाजार में मीट की बिक्री भी कर रहे हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। पूरे मामले में प्रावधानों के अनुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# एसडीएम ने बीएलओ को दी कड़ी चेतावनी

- गौर रमवापुर में मतदाता पुनरीक्षण की समीक्षा

**महदेईया बाजार, बलरामपुर अमृत विचार।** विधानसभा बलरामपुर सदर क्षेत्र में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक बुधवार को ग्राम गौर रमवापुर स्थित पंचायत भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सदर हेमंत कुमार ने की। उन्होंने बीएलओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एसआइआर फॉर्म निर्धारित समय-सीमा में हर हाल में पूरा कर जमा करें, लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसडीएम ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार 2003 की मतदाता सूची के आधार पर मतदाताओं का सत्यापन अनिवार्य है। सभी बीएलओ और सुपरवाइजर को अपने-अपने क्षेत्रों की मैपिंग करते हुए शत-प्रतिशत एसआइआर कार्य पूरा करने और इसकी प्रगति दैनिक रूप से निर्वाचन कार्यालय को भेजने को कहा गया।

उन्होंने सबसे खराब प्रगति वाले बीएलओ को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि प्रतिदिन शाम को मैपिंग कार्य की अपडेट अनिवार्य रूप से भेजें, ताकि कार्य की स्थिति स्पष्ट रहे। उन्होंने कहा कि जितने फॉर्म मतदाताओं को दिए गए हैं, उन्हें पूरी तरह भरकर समय पर जमा कराया जाए।

बैठक में बीडीओ अवनीन्द्र कुमार पांडेय, एडीओ कॉऑपरेटिव आनंद बाबू, सुपरवाइजर चंद्रप्रकाश मौर्य, अंकित पांडेय, धनेश्वर प्रसाद, सत्यम सक्सेना, हरीशचंद्र सिंह, कपिल यादव, बीएलओ गुड़िया देवी, अंजू देवी, माण्डवी मिश्रा, पवन कुमार, मुरता देवी, आशा देवी सहित बूथ संख्या 302 से 364 तक के सभी बीएलओ मौजूद रहे।

# 951 युवाओं ने कराया पंजीकरण 737 का किया गया प्रारंभिक चयन

वृहद रोजगार मेला

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** तुलसीपुर के डीपीएस इंस्टीट्यूट चरनगहिया में जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा बुधवार को वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले का उद्घाटन तुलसीपुर क्षेत्र के विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन कर किया। उन्होंने विभिन्न कंपनियों के स्टॉलों का निरीक्षण कर उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी भी ली।

मेले में 12 कंपनियों ने प्रतिभाग किया जिनमें 1552 पदों पर चयन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। पे-टीएम, जेके टायर्स, कंस्ट्रक्शन सेक्टर, एमआर, मशीन ऑपरेटर, कम्प्यूटर ऑपरेटर समेत विभिन्न क्षेत्रों में भर्ती की गई। स्वतंत्र रोजगार को बढ़ावा देने के लिए जिला उद्योग केंद्र और लीड बैंक–इंडियन बैंक, बलरामपुर शाखा ने भी स्टॉल लगाए, जहां युवाओं ने उत्साहपूर्वक पंजीकरण किया।



रोजगार मेले में मंच पर मौजूद मुख्य अतिथि। अमृत विचार

उद्बोधन में मुख्य अतिथि विधायक शुक्ला ने युवाओं को अधिक से अधिक कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने की सलाह दी और सेवायोजन विभाग के कार्यों की सराहना की। इस दौरान तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों क्षेत्रों से बड़ी संख्या में रिक्तियों की मांग देखने को मिली। अधिकांश कंपनियां आईटीआई और डिप्लोमा धारक अभ्यर्थियों को वरीयता दे रही थीं।

जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता ने कहा कि युवाओं को बेहतर अवसर तभी मिलेंगे जब वे गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण और संबंधित संस्थानों का चयन करेंगे। रोजगार मेले में 951 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। जिनमें से 737 अभ्यर्थियों का कंपनियों द्वारा प्रारंभिक चयन किया गया।

# 10 नेत्र परीक्षण अफसरों का रोका गया वेतन

**बलरामपुर, अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलेभर में नेत्र परीक्षण, बच्चों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग और रेफरल सेवाओं की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सीएमओ ने कहा कि समय पर नेत्र परीक्षण और बाल स्वास्थ्य जांच जनस्वास्थ्य सुधार की बुनियाद है। उन्होंने विभिन्न चिकित्सा इकाइयों से प्राप्त रिपोर्टों का अवलोकन करते हुए प्रगति और कमियों पर चर्चा की। समीक्षा के दौरान बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए 10 नेत्र परीक्षण अधिकारियों पर सीएमओ ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी का दिनांक 10 दिसंबर का वेतन रोकने के निर्देश दिए। अनुपस्थित अधिकारियों में उतरौला, शिवपुरा, बलरामपुर, गैंसड़ी और गैण्डास बुजुर्ग ब्लॉकों के कर्मचारी शामिल हैं। डॉ. रस्तोगी ने कहा कि राष्ट्रीय अंधता निवारण और आरबीएसके दोनों ही संवेदनशील कार्यक्रम हैं, इसलिए किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में अनुशासनहीनता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सीएमओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य गति बढ़ाई जाए। उन्होंने स्क्रीनिंग, फॉलो-अप, रिपोर्टिंग तथा सर्जरी रेफरल की प्रक्रिया को तेज करने पर जोर दिया। जिन क्षेत्रों में उपलब्धि कम है, वहां विशेष अभियान चलाकर बच्चों एवं लाभार्थियों को जोड़ने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी ब्लॉक चिकित्सा इकाइयों से नेत्र परीक्षण अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से लाभार्थियों तक अधिकतम पहुंच सुनिश्चित किए जाने की अपील की।

# आयकर पर विचार गोष्ठी आयोजित

**गोंडा :** देश के समग्र विकास में आयकर की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, ये बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के ललिता सभागार में आईक्यूएसी द्वारा आयोजित आयकर की भूमिका एवं महत्व विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए आयकर अधिकारी प्रफुल्ल वर्मा ने कहीं। उन्होंने आयकर के विभिन्न स्रोतों और देश के निर्माण में आयकर की भूमिका पर प्रकाश डाला। आयकर निरीक्षक विपिन सिंह एवं सीए पवन अग्रवाल ने आयकर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए सभी नागरिकों को समय से आयकर जमा करने के लिए जागरूक किया। डॉ. ओंकार पाठक ने कौटिल्य के अर्थशास्त्र पर चर्चा करते हुए आज भी इसे प्रासंगिक बताया। प्रो. जितेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट किया। डॉ. रेखा शर्मा ने मंच संचालन किया और धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य प्रो. बीपी सिंह ने किया।

# भत्ते के विरोध में सचिवों की साइकिल यात्रा शुरू



साइकिल भत्ते के विरोध में यात्रा निकालते ग्राम पंचायत सचिव। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** शासन द्वारा प्रतिमाह मात्र 200 रुपये साइकिल भत्ता दिए जाने के विरोध में विकास खंड हरैया सतघरवा सहित जनपद के सभी नौ विकास खंडों के ग्राम पंचायत सचिवों ने साइकिल यात्रा शुरू कर दी। सचिवों ने 10 दिसंबर 2025 से साइकिल से क्षेत्र, विकास खंड मुख्यालय और जनपद स्तर पर भ्रमण शुरू करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि शासन बिना जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराए सचिवों पर ऑनलाइन अटेंडेंस प्रणाली और अन्य विभागीय कार्यों का अतिरिक्त बोझ डाल रहा है। ऐसे में सचिवों को मोटरसाइकिल भत्ता, मोबाइल और प्रतिमाह रिचार्ज सहित अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए बिना नई व्यवस्थाओं को लागू करना अव्यवहारिक है।

उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्य करने वालों को सुविधा मिलेगी तभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सकेगा। साइकिल यात्रा में नित्यानंद सिंह, संतोष कुमार मिश्र, अभिषेक सिंह, लालजी मिश्र, अरुण पटेल, अनूप सैनी, कपिल गुप्ता, उमाशंकर पाल, मोहित त्रिपाठी, अशफाक उल्ला अंसारी समेत कई ग्राम पंचायत सचिव शामिल रहे।

# अर्जुन बाबा के समर्थन में गोस्वामी समाज सड़क पर

- रामलीला मैदान से तहसील तक किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**करनैलगंज, अमृत विचार :** तानाशाही नहीं चलेगी के नारों के बीच गोस्वामी समाज के हजारों लोगों ने बुधवार को भारी आक्रोश व्यक्त किया। रामलीला मैदान में सभा के बाद भीड़ पैदल मार्च करते हुए तहसील पहुंची और जोरदार प्रदर्शन किया। इसके उपरांत राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार अतुल पाल को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि अर्जुन प्रसाद गोस्वामी एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं, जो 2015 से 2020 तक बीरपुर कटरा के प्रधान रहे और 2020–2025 के दौरान जिला पंचायत व नगर पंचायत चुनाव भी लड़ चुके हैं। आरोप लगाया गया कि स्थानीय भाजपा विधायक बावन सिंह की द्वेषपूर्ण भावना के कारण जिला प्रशासन ने दबाव में आकर उन्हें जिला बदर किया गया है। रामअवध गोस्वामी, सुनील पुरी, अरविंद गिरी, अभिषेक गोस्वामी, नील ठाकुर, त्रिलोकी नाथ तिवारी, महेश व अन्य लोग शामिल रहे।


करनैलगंज में एसडीएम को ज्ञापन देने जाते गोस्वामी समाज के लोग। अमृत विचार

# बीमारी के चलते होमगार्ड जवान की मौत

**गोंडा, अमृत विचार :** बीमारी के चलते होमगार्ड जवान की मौत हो गई, जिससे कोहराम मच गया। संगठन के पदाधिकारी ने शोक व्यक्त करते हुए मृतक जवान के परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। होमगार्ड जवान सुरेश पाण्डेय (57) पुत्र स्व ईश्वर दयाल पाण्डेय कम्पनी नगर प्रथम गोंडा अचानक तबियत बिगड़ने से निधन हो गया। वर्तमान माह में ड्यूटी फायर सर्विस स्टेशन पर चल रही थी। मृतक जवान ग्राम पूरे उदई थाना कोतवाली देहात का निवासी है। मृतक जवान के परिवार में दो बेटे राज पाण्डेय (22) रितेश पाण्डेय (17) व एक पुत्री महक पाण्डेय (15) व पत्नी हैं। उत्तर प्रदेश होमगाड्‌र्स अवैतनिक अधिकारी व कर्मचारी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र अंकम ओझा, कम्पनी अध्यक्ष राजेंद्र दूबे, नीरज पांडे, सुरेन्द्र पाण्डेय व अन्य पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया।


सुरेश पाण्डेय (फाइल फोटो)


**कार्यालय ग्राम पंचायत भगहरिया पूरे मितई, वि0ख0 कटरा बाजार, गोण्डा**

पत्रांक : मेमो/अल्प0नि0/राज्य वित्त/केन्द्रांश 2025–26 दिनांक : 08.12.2025

**निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो/एजेन्सियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भगहरिया पूरे मितई वि0ख0 कटरा बाजार, जनपद– गोण्डा में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रांश वित्त आयोग योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से तत्कालिक आवश्यकता के आधार पर कार्यो को सम्पादित कराये जाने हेतु प्रकाशन दिनांक सीलबंद निविदा दिनांक 20.12.2025 समय अपरान्ह 3 बजे तक आमन्त्रित किये जाते हैं। जो उसी दिन अपरान्ह 4 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निम्नांकित कार्य हेतु निविदा प्रपत्र कार्यालय पंचायत भवन भगहरिया पूरे मितई से निर्धारित शुल्क जमा कर क्रय किये जा सकते हैं, किसी एक अथवा समस्त निविदाओं/कोटेशनों को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधोहस्ताक्षरी में निहित है। अन्य जानकारी नियम व शर्ते कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। जिनका अनुपालन समस्त प्रतिभागी निविदादाताओं को किया जाना अनिवार्य है।
कार्य का नाम– ग्रा0पं0 में विभिन्न स्थानों पर शोकपिट निर्माण कार्य।

रामामूर्ति वर्मा– ग्रा0वि0 अधिकारी
ग्रा0पं0– भगहरिया पूरे मितई
वि0ख0– कटरा बाजार– गोण्डा

रेखा सिंह – प्रधान
ग्रा0पं0– भगहरिया पूरे मितई
वि0ख0– कटरा बाजार– गोण्डा


# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



विज्ञान के मॉडल प्रदर्शित करते बच्चे। अमृत विचार

**नवाबगंज, अमृत विचार:** कस्बे के पड़ाव मोहल्ले में स्थित अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में बुधवार को बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच की अद्भुत झलक देखने को मिली। विद्यालय परिसर वैज्ञानिक मॉडलों, प्रयोगों और नवाचार से भरे प्रस्तुतियों से खचाखच भरा रहा।

प्रदर्शनी का शुभारंभ सेवानिवृत्त अध्यापक माता प्रसाद पांडे, रसायन विज्ञान के शिक्षक रजनीश तिवारी और डॉ. गुलज़ार हैदर द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू मौर्या के निर्देशन में प्रदर्शनी का संचालन शिक्षकों नितीश श्रीवास्तव, आशुतोष सर, तानिया श्रीवास्तव, शैलजा तिवारी, पुष्पा मैम, हुमा और अरबाज़ सर ने सफलतापूर्वक किया।

# कबड्डी में करुआ पारा के बच्चों की टीम अव्वल

**इटियाथोक, गोंडा:** इटियाथोक की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय करूवा पारा के बच्चों ने बालिका वर्ग में कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय इटियाथोक के छात्र अल्तमस ने लम्बी कूद में तृतीय स्थान प्राप्त किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर रामराज, यूटा के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र प्रकाश मौर्य, सत्य प्रकाश गौतम, अशोक कुमार यादव, दिलीप कुमार वर्मा, अभय प्रताप सिंह, अशोक कुमार मौर्य, राम जी पाण्डेय, नीरज शर्मा, शब्बीर अली, केडी यादव, राजकुमार, क्रांति शुक्ला, चंद्र प्रकाश वर्मा, सुरेश उपस्थित रहे।


**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पयागपुर जनपद– बहराइच**

पत्र सं0–133/अलाव/सूखी जलौनी लकडी आपूर्ति / न0पं0प0/2025–26 दिनांक :–10.12.2025

**ई–निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्र सं0–132/अलाव/सूखी जलौनी लकडी–आपूर्ति / न0पं0प0/2025–26. दिनांक 10 दिसम्बर, 2025 द्वारा वर्ष 2025–26 में ठण्डक एवं शीत लहरी से बचाव हेतु नगर पंचायत पयागपुर सीमाक्षेत्र में विभिन्न चौराहों / प्रमुख स्थानों/वाडो में अलाव जलवाये जाने के दृष्टिगत सूखी जलौनी लकडी की आपूर्ति हेतु समस्त टिम्बर मर्चेन्ट, थोक एवं फुटकर लकडी बेचने वाले अनुभवी फर्मो / व्यक्तियों जिनका पंजीकरण जी0एस0टी0 एवं आयकर विभाग में हो, से निम्नलिखित नियम व शर्तो के अधीन प्रतिशत दर के आधार पर ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक ।। दिसम्बर, 2025 को अपरान्ह 1:00 बजे से दिनांक 18 दिसम्बर, 2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित किये जायेंगे। जिसकी तकनीकी विड दिनांक 8 दिसम्बर, 2025 को अपरान्ह 3:30 बजे आनलाइन खोली जायेगी। सूखी जलौनी लकड़ी की आपूर्ति 1000 कुन्तल रू0 600.00 प्रति कुन्तल की दर से प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है। जिसकी मात्रा आवश्यकता के दृष्टिगत घट–बढ़ सकती है। निविदा मूल्य एवं 2 प्रतिशत जमानत धनराशि नगर पंचायत पयागपुर में संचालित भारतीय स्टेट बैंक, शाखा सोहरियावां के बचत खाता संख्या–39299996124 आई0एफ0सी0 कोड– SBIN0009394 में आर0टी0 जी0एस0/ नेफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। विशेष परिस्थिति में जमानत धनराशि की एफ0डी0आर0/ टी0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पयागपुर के पदनाम से बन्धक हो, जमा की जा सकती है। ई–निविदा हेतु जलौनी लकड़ी की मात्रा, कुल मूल्य सहित 2 प्रतिशत जमानत धनराशि एवं निविदा मूल्य तथा शर्ते ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है:–

| क्रं0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित मात्रा | अनुमानित दर/कुन्तल | अनुमानित लागत | 02 प्रतिशत जमानत | निविदा मूल्य (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 + टेण्डर शुल्क सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सूखी जलौनी लकड़ी की आपूर्ति। | 1000.00 | 600.00 | 600000.00 | 12000.00 | 958.00 |

प्रमिता सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत पयागपुर
जनपद– बहराइच

बालेन्द्र प्रताप
अध्यक्ष
नगर पंचायत पयागपुर
जनपद– बहराइच

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला जज राकेश धर दुबे ने 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए बुधवार को न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत व एडीजे अवनीश गौतम, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व एडीजे निर्दोष कुमार, जेएम गौरव द्विवेदी, दिलीप कुमार साहनी, एलडीएम जुगुल किशोर आदि मौजूद रहे।

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** नवीन मार्डन थाना कटरा के प्रभारी निरीक्षक लाल साहब सिंह रात गश्त के दौरान बिकवा घाट पुल गोंडा बॉर्डर से एक युवक को देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। उसकी पहचान गोंडा जिले के थाना खरगूपुर के ग्राम विसनापुर निवासी अताउल्ला के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया है।

### तीन ओवरलोड ट्रकों को किया गया सीज

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** खनन निरीक्षक विवेक कुमार ने विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान बुधवार को अवैध बालू लदे ओवरलोड तीन ट्रकों को पकड़ा। ये तीनों ट्रक भिनगा तहसील क्षेत्र भंगहा मोड़ के पास से पकड़े गए। इन ओवरलोड ट्रकों को सीज कर भिनगा कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। खनन निरीक्षक ने बताया कि संबंधित वाहन चालकों व स्वामियों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

### दिव्यांगों व वृद्धों के लिए 16 से लगेगा कैंप

**श्रावस्ती, संवाददाता, अमृत विचार :** जिले में दिव्यांगों व वृद्धजनों के लिए श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर व दिल्ली की ओर से ब्लाकवार कैंप लगाया जाएगा। इसके तहत सिरसिया में 16 व 17 दिसंबर, गिलौला में 18 व 19, इकौना में 20 व 21, जमुनहा में 23 व 24 तथा हरिहरपुररानी ब्लाक परिसर में 26 व 27 दिसंबर को कैंप लगाया जाएगा। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार ने दी।

### सीमा पर गश्त जारी

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिले में सीमा सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाए रखने के लिए मल्हीपुर व सिरसिया पुलिस एसएसबी के साथ सीमा पर संयुक्त गश्त कर रही है। इसके साथ ही संयुक्त टीम इंडो-नेपाल बॉर्डर पार आने जाने वाले लोगों व वाहनों की सघन जांच कर रही है।

# 144 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

## पयागपुर में जूनियर हाईस्कूल के निकट आयोजित किया गया सामूहिक विवाह समारोह

**संवाददाता, पयागपुर, बहराइच**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत तहसील के निकट स्थित जूनियर हाईस्कूल के मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 144 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। वैवाहिक कार्यक्रम में 19 मुस्लिम जोड़े का निकाह हुआ तथा 125 हिंदू जोड़ों का विवाह हिंदू रीति रिवाज के तहत संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद अक्षयवरलाल गोंड ने विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख विशेश्वरगंज के प्रतिनिधि राकेश पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख पयागपुर के प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय सहित अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात पाण्डाल में मुख्य वेदी पर यजमान के रूप में संयुक्त रूप से कन्या पूजन के साथ वैदिक रीति-रिवाज के साथ कन्यादान किया गया। वैवाहिक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक पयागपुर श्री त्रिपाठी, पूर्व सांसद श्री गोंड, विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी सहित अन्य वक्ताओं ने नव विवाहित जोड़ों को सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।


कार्यक्रम में नवदंपति को उपहार देते अतिथि। ● अमृत विचार

इस अवसर पर सीओ पयागपुर हर्षिता तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, तहसीलदार अम्बिका चौधरी, बीडीओ पयागपुर अजय सिंह, विशेश्वरगंज के दीपेंद्र पाण्डेय, थानाध्यक्ष पयागपुर संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### 10 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** स्थानीय पुलिस ने 10 लाख की स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने बताया कि मादक पदार्थों की रोकथाम अभियान के तहत रूपईडीहा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने 50 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 10 लाख आंकी गई है। टीम ने 09 दिसंबर की रात नेपाल बॉर्डर के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका। तलाशी में उसके कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी की पहचान राजवन निवासी सुभानपुरवा, थाना रामगांव, जनपद बहराइच के रूप में हुई।



हरी झंडी दिखाकर वाहन रैली रवाना करते सीडीओ। ● अमृत विचार

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारम्भ

**बहराइच, अमृत विचार :** 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर से मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद व जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय द्वारा वाहन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ जनपद के सभी विकास खंडों, प्रमुख चौक-चौराहों, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च तथा अन्य धार्मिक स्थलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत पोस्टर का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर विकास जायसवाल, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनीष, सुनील, अर्जुन प्रसाद, दीक्षित, मालिक एहतराम, प्रतिमा सिंह, विजय पाठक आदि थे।

# छोटे ऋण स्वीकृत करने में ध्यान दें बैंक

**बैठक**

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार की देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति (डीडीसी)/ जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) की त्रैमासिक बैठक हुई। बैठक के दौरान डीएम द्वारा सीडी रेशियो, प्राथमिक क्षेत्र के ऋणों के अंतर्गत सभी योजनाओ की बैंकवार गहनतापूर्वक समीक्षा करते हुए 60 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले सभी बैंकों को अपनी मासिक कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

सीडीओ मुकेश चन्द्र ने बैंकों को सुझाव दिया कि अधिक संख्या में छोटे ऋणों को स्वीकृत करने पर विशेष ध्यान दें। बैठक में सीएम युवा, एमवाईएसवाई, ओडीओपी, एसएचजी, सीसीएल आदि योजनाओं के अंतर्गत लंबित पत्रावलियों को शीघ्रता पूर्वक निस्तारित करने एवं अनावश्यक आधार पर आवेदनों को रिजेक्ट न करने के निर्देश दिए गये। सीडीओ ने उपायुक्त एनआरएलएम को निर्देश दिया कि अधिक संख्या में पत्रावलियां बैंकों को प्रेषित की जायें। इस अवसर पर नाबार्ड द्वारा संभाव्यतायुक्त ऋण योजना (पीएलपी) 2026-27 की बुकलेट भी लॉन्च की गयी।

### बैठक में हुई अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा

**बहराइच, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार की देर शाम मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक हुई। सीडीओ ने निर्देश दिये कि वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 अन्तर्गत ऐस माडल शाप जो हस्तांतरित नहीं हुई हैं उन्हें जल्द हस्तांरित कराएं। बीडीओ चित्तौरा ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत डुहरू के स्थान पर ग्राम पंचायत धरसवां में अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्य करा लिया जायेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में विभागीय बजट से 17 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य कराया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत एवं नगर क्षेत्रों में स्थानीय निकाय को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है। जबकि विकास खण्ड महसी में विभागीय बजट हेतु नई ग्राम पंचायत का चिह्नांकन किया जायेगा।

### ट्राला से टकरायी बस, चालक घायल

**बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार :** कुतुबद्दीनपुर के निकट नेशनल हाईवे 927 पर बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे ट्रक (ट्राला) और रोडवेज बस की टक्कर हो गयी। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

घायल ट्रक चालक की पहचान पंजाब निवासी 30 वर्षीय रवी (30) पुत्र करमा के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही बाबागंज चौकी इंचार्ज शिवेश कुमार शुक्ला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल चालक को उपचार के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।

# दो अंतर्जनपदीय चोर मुठभेड़ में गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** गिलौला पुलिस ने ने मंगलवार रात मुठभेड़ के बाद दो चोरों को गिरफ्तार किया। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली भी लगी। उनके कब्जे से पुलिस ने चांदी के जेवर, नगदी, तमंचा व कारतूस बरामद किया। गिरफ्तार दोनो बदमाश अंतर्जनपदीय शातिर चोर बताए जा रहे हैं, जो सोनवा व गिलौला थाना क्षेत्र में हुई चोरियों में संलिप्त थे।

एसपी के अनुसार मंगलवार रात थानाध्यक्ष गिलौला आशीष कुमार टीम के साथ गश्त पर थे तभी चेतिया मुरार पुलिया के पास चोरों से मुठभेड़ हो गई। चोरों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में बहराइच के थाना विशेश्वरगंज के ग्राम दिगिशपुरवा के मजरा देवानपुरवा निवासी रोशन लाल के दाहिने पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने रोशनलाल सहित विशेश्वरगंज के ही खरगौरा बनकटी निवासी शिव कुमार उर्फ सुखी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि सोनवा व गिलौला के मोहम्मदापुर मोड़ स्थित दुकान में हुई चोरी में यह शामिल थे। उनके कब्जे से पुलिस ने सोनवा से चोरी गए चांदी के जेवरात, 9400 रुपये व देशी तमंचा तथा कारतूस बरामद किया।

### मकान पर गिरा पेड़, पांच घायल

**बहराइच, अमृत विचार :** वजीरबाग इलाके में बुधवार की सुबह एक विशालकाय पेड़ मकान पर गिर गया । हादसे में एक मासूम समेत पांच लोग मामूली रूप से घायल हो गए । वहीं घर में रखागृहस्थी का सामान नष्ट हो गया। वजीरबाग में इरशाद के घर के बगल में कुछ लोग बरगद का पेड़ काट रहे थे । तभी उसका एक हिस्सा उनके मकान पर गिर गया। इसके चलते घर के बाहर बैठे शिबू, सुल्तान व सबा समेत पांच लोग घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। गृह स्वामी ने बताया कि पेड़ गिरने से मकान की दीवार व छत पूरी तरह ध्वस्त हो गई।

### विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया

**बहराइच, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के निर्देश पर विश्व मानवाधिकार दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में तारा महिला इण्टर कॉलेज मे निबन्ध प्रतियोगिता तथा शिवांशु सुशील महाविद्यालय, वृद्धाश्रम, अमीनपुर नगरौर व जिला कारागार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बताया गया कि 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकार घोषणा को अपनाया था।

# अधिक उपज के बताये तरीके


**गोष्ठी**

**बहराइच, अमृत विचार :** कृषि विभाग द्वारा संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान के 07वें दिन विकास खंड कैसरगंज की 06 ग्राम पंचायतों भखरौली कनपुरवा, डिहवाशेरबहादुरसिंह, नौगौईयां, सहबापुरपचलखी, कोहली तथा कंडोली एवं बलहा की 03 ग्राम पंचायतों लालबोझी, परसाअगईया एवं सरैया में विकसित कृषि संकल्प अभियान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत नौगोइआ में आयोजित गोष्ठी में उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शैलेंद्र सिंह, डॉ. कुमारी प्रियंका सिंह द्वारा किसानों को उन्नतिशील प्रमाणित बीज प्रयोग कर धान की नर्सरी डालने, रोपाई से पूर्व भूमि शोधन हेतु ट्राइकोडर्मा का उपयोग करने, फसल बुआई में लाइन शोइंग अपना कर अधिक उत्पादन प्राप्त करने के तरीके बताए। उप कृषि निदेशक ने किसानों को लाइटट्रैप से कीटरोग नियंत्रण, आईपीएम अपनाने, नेचुरल फार्मिंग योजना, फसल प्रदर्शन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आदि की जानकारी किसानों को प्रदान की गई। इसी प्रकार विकास खण्ड बलहा की ग्राम पंचायत परसा आगैया व लालबोझी में आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा उपस्थित किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, सोलर पंप, बीज वितरण, मृदा नमूना, कीट नियंत्रण हेतु लाइट ट्रैप, आईपीएम प्रदर्शन इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। गोष्ठी को प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार नानपारा अमर सिंह व अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित करते हुए कृषकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए राम प्रकाश मौर्य, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप बी मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# घाघरा घाट पुल की मरम्मत का शुरू हुआ कार्य

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** लखनऊ-बहराइच मार्ग पर स्थित संजय सेतु घाघरा घाट पुल की मरम्मत का कार्य एनएचएआई ने बुधवार से शुरू कर दिया। पुल की मरम्मत के कारण बाराबंकी की ओर से तथा बहराइच की ओर से वाहनो को रोक-रोक कर एक-एक तरफ से छोटे-बड़े वाहनों को संचालित कराया जा रहा है।लखनऊ-बहराइच मार्ग पर चार दशक पूर्व बने पुल पर हजारों की संख्या में छोटे बड़े वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। अधिक क्षमता से भार सहन न कर पाने से पुल आए दिन हर दूसरे महीने क्षतिग्रस्त हो जाता है जिससे आम जनजीवन पर असर पड़ रहा है। पुल जब बना था तब वाहन भी छोटे थे आवागमन 10% था आज 80 गुना वाहनों की संख्या अधिक बढ़ गई है तथा भारी वाहनों की भी संख्या काफी बढ़ गई है। एनएचएआई के रेजिडेंट इंजीनियर अनंत मौर्य, असिस्टेंट इंजीनियर विपुल श्रीवास्तव की देखरेख में मरम्मत का कार्य चल रहा है।


भिनगा तहसील में कंबल वितरित करते जिला पंचायत अध्यक्ष, एसडीएम व अन्य।

### जरूरतमंदों को वितरित किये गये कंबल

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सदर तहसील सभागार भिनगा में बुधवार को कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व सांसदव जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने सैकड़ों पात्र लाभार्थियों को कंबल वितरित किया। इस दौरान एसडभ्एम भिनगा आशीष भारद्वाज, तहसीलदार जागृति सिहं, नायब तहसीलदार, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, सुनील तिवारी, विनोद कुमार साहू, रामछवि यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** गोपी पुरवा निवासिनी एक विवाहिता की मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सिरसिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोयली यादव (30) पत्नी राजेंद्र प्रसाद यादव की मंगलवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। मृतका के पिता छोटकऊ यादव का आरोप था कि उसने आठ वर्ष पूर्व बेटी कोयली का विवाह राजेंद्र से किया था। मंगलवार शाम वीडियो काल के जरिए बेटी कोयली से मायके में बात हुई थी, तब वह बिल्कुल ठीक थी।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार होमगार्ड की मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सोनवा थाने से बुधवार सुबह ड्यूटी से वापस लौट रहे होमगार्ड जवान की बाइक को मोहनिया गांव के निकट अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल होमगार्ड को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिनगा लाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भिनगा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सोनवा के बरावांहरगुन निवासी कृष्ण गोपाल विश्वकर्मा (50) होमगार्ड जवान थे। बुधवार सुबह करीब पांच बजे वह सोनवा थाने में रात्रि ड्यूटी कर बाइक से घर लौट रहे थे। भिनगा-बहराइच फोरलेन स्थित मोहरनिया गांव स्थित धर्मकांटा के पास पहुंचते ही घने कोहरे के कारण अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में होमगार्ड कृष्ण गोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे सोनवा थाना प्रभारी बिसुनदेव पांडेय ने एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल भिनगा पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने होमगार्ड कृष्ण गोपाल विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों की सूचना पर पहुंची भिनगा पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेज दिया है।

**बदले हालात** | समूह से ऋण लेकर खरीदी दरी बनाने की मशीन, अन्य महिलाओं को भी दी प्रेरणा

# महिलाओं को स्वावलम्बन की राह दिखा रहीं शकुंतला

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** रिसिया विकास खण्ड की ग्राम पंचायत परसाखरगमन में गठित डॉ. भीमराव अम्बेडकर महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी शकुन्तला देवी महिलाओं को स्वावलंबन की राह दिखा रही हैं।

उन्होंने समूह में जुड़ने के बाद 50,000 की धनराशि ऋण लेकर दरी बनाने का कार्य प्रारम्भ किया। उन्होंने कठिन मेहनत करते हुए अपने घर के आर्थिक हालात को बदल डाला और अपनी एक नयी सामाजिक पहचान बनाई। शकुन्तला देवी की पहचान समूह की एक सक्रिय सदस्य के रूप में है। शकुन्तला ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत कई ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को संगठित कर उनके आर्थिक एवं सामाजिक जीवन में बदलाव लाने में सफलता प्राप्त की है। खेती बारी कम होने के कारण एवं गाँव में कोई रोजी-रोजगार न होने के कारण शकुन्तला देवी को आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ता था। बच्चों के लिए भोजन की एवं स्कूल की व्यवस्था करना मुश्किल था। तभी आजीविका मिशन द्वारा 2019 में गांव में समूह बनाये जाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा था जिसमें शकुन्तला देवी ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होने न स्वयं वल्कि अपने आस पास की महिलाओं को समूह से जोडा। शकुन्तला देवी आज सफल गृहणी होने के साथ सफल व्यवसायी भी है। 2024 में उन्होंने समूह से ऋण लेकर दरी बनाने की मशीन खरीदकर दरी बनाने का कार्य प्रारम्भ किया।



स्टाल में दरी दिखातीं शकुंतला व समूह की अन्य महिलाएं। ● अमृत विचार

### संदिग्ध दशा में तालाब में मिला युवक का शव

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** कंजडवा गांव स्थित शराब भट्ठी के सामने तालाब में बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पड़ा मिला। इकौना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम कंजड़वा के कुछ ग्रामीणों ने बुधवार सुबह शराब भट्ठी के सामने स्थित तालाब पर एक युवक का शव देखा। पुलिस ने शव की पहचान करायी तो भाई धनीराम शुक्ला ने उसकी पहचान अपने छोटे भाई बहराइच के थाना पयागपुर के ग्राम मिर्चिहा के मजरा रायडीहा निवासी अप्पू शुक्ला (40) पुत्र राजप्रसाद शुक्ला के रूप में की।

## सिटी डायरी


मांगों का ज्ञापन सौंपते हिंदू सुरक्षा सेवा के पदाधिकारी।

### अभद्र टिप्पणी के विरोध में हिंदू सुरक्षा सेवा संघ ने सौंपा ज्ञापन

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** नानपारा तहसील क्षेत्र के हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नानपारा तहसील मुख्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी नानपारा व कोतवाल नानपारा को सौंपा। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं और धर्मगुरु पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के विरुद्ध शाहिद मलिक द्वारा अपमानजनक व अभद्र टिप्पणी की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि आरोपी ने न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों का प्रयोग किया, बल्कि खुले तौर पर चुनौती देते हुए यह भी कहा कि "हिंदू समाज मेरा कुछ नहीं कर सकता। संस्थान के सदस्यों ने ऐसी टिप्पणियों को समाज में वैमनस्य फैलाने वाला बताते हुए तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।


श्रीराम कथा सुनाते व्यास। अमृत विचार

### भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलें

**खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार :** बरदहा बाजार स्थित बाबा परमहंस धाम पर आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा के पहले दिन वृंदावन धाम से आए प्रवाचक संत रामचंद्र दास ने कहा कि रामकथा सुनने से मन निर्मल होता है और संशय दूर होता है तथा शांति प्राप्त होती है। आज समाज में भगवान श्रीराम के आदर्शों व व्यक्तित्व को अपनाने की आवश्यकता है। प्रवाचक ने कहा कि भगवान श्रीराम कथा केवल कथा नहीं, बल्कि कर्म, त्याग और भक्ति का संदेश है। यदि मनुष्य भगवान श्रीराम के जीवन मूल्यों को आत्मसात कर ले तो समाज कल्याण की दिशा में अग्रसर हो जाएगा। रामकथा अहंकार को छोड़कर सत्यनिष्ठ जीवन जीने की प्रेरणा देती है।


जेसीबी से खोदा गया नौबस्ता का तालाब। अमृत विचार

### मनरेगा के मजदूर नहीं, जेसीबी खोद रही तालाब

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** विकास खंड नवाबगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनहा नौबस्ता में रात में जेसीबी से तलाब की खोदाई की गयी। पड़ताल के दौरान देखने को मिला कि सम्बंधित अधिकारी व ग्राम प्रधान की मिली भगत से श्रमिकों द्वारा खोदाई नहीं करायी गयी है। ग्राम वासियों का कहना है की विकास कार्य में श्रमिकों से काम नही लिया जाता है । इस संबंध मे खंड विकास अधिकारी राहुल पांडेय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अभी मैं मीटिंग में हूं तालाब की फोटो मेरे व्हाट्सएप पर भेज दीजिए मैं एडीओ पचायत से दिखवाता हूं। फिर कार्रवाई की जायेगी।


कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

### महाराणा प्रताप कक्ष का उद्घाटन

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर में महाराणा प्रताप कक्ष का उद्घाटन बाबागंज ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने किया। जेपी सिंह को पांच परिवर्तन विद्या भारती संस्कृत शिक्षा संस्थान लेखक गोपाल महेश्वरी की पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। राजकुमार गुप्ता उर्फ पिंटू, शेर सिंह कसौधन, विवेक शुक्ला एडवोकेट, अनिल शर्मा व अंकुर मिश्रा आदि मौजूद थे।

अमृत विचार
गुरुवार, 11 दिसंबर 2025





कलयुग में रहना है या सतयुग में, यह तो स्वयं चुनो, तुम्हारा युग तुम्हारे पास है।
-विनोबा भावे, संत

# जनापेक्षा की अभिव्यक्ति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कथन कि 'व्यवस्था को दुरुस्त करने की प्रक्रिया में जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए'- दरअसल आम नागरिक की अपेक्षाओं की सच्ची अभिव्यक्ति है। सुधारों की गति तेज तो हुई है, परंतु कई सुधारों ने नागरिकों पर अतिरिक्त बोझ और असुविधा भी थोपी है। ऐसे में प्रधानमंत्री की यह स्वीकारोक्ति शासन की संवेदनशीलता और नागरिक-केंद्रित प्रशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का साफ संकेत है। सिस्टम में सुधार के नाम पर जनता को परेशान नहीं करना, एक व्यवहारिक दृष्टिकोण है, पर इसे लागू करना आसान नहीं है।

भारतीय प्रशासनिक ढांचा अभी भी जटिल प्रक्रियाओं, फाइल संस्कृति और 'अनावश्यक अनुपालन' से आबद्ध है। इस कथन को लागू करने के लिए सबसे पहले सरकारी मशीनरी की मानसिकता बदलनी होगी, जहां सुधार का अर्थ सिर्फ सख्ती नहीं, बल्कि दक्षता, पारदर्शिता और सहूलियत के रूप में समझा जाए। प्रधानमंत्री की चाहत है 'पेनलेस सर्जरी।' यानी विसंगतियों से राहत बिना दर्द के, पर वास्तविकता यह है कि प्रशासनिक सुधार अक्सर दो स्तरों पर दर्द पैदा करते हैं- एक, नागरिकों के लिए प्रक्रियागत बोझ, दूसरा सरकारी तंत्र के लिए पुरानी आदतें बदलने की चुनौती। यदि सरकार इन दोनों मोर्चों पर समन्वय बिठा सके, तभी यह 'दर्द रहित' शल्य चिकित्सा संभव होगी। कानून का उद्देश्य भय पैदा करना नहीं, नागरिकों को सुरक्षा देना है। यदि इसी भावना के साथ बिना राजनीतिक पक्षपात और बिना जन-दुःख के नियम कानून लागू हों, तो निश्चित ही यह टिप्पणी व्यवस्था को अधिक मानवीय बनाने की दिशा में संकेत देती है। प्रधानमंत्री ने बार-बार डेटा जमा करने की बाध्यता को खत्म करने की बात कही है। डिजिटल भारत के इस दौर में यह पूर्णतः संभव है, क्योंकि आधार, पैन, बैंक केवाईसी और विभिन्न सरकारी डेटाबेस पहले से ही नागरिकों की अधिकांश जानकारी को केंद्रीकृत रूप से उपलब्ध कराते हैं। फिर भी एसआईआर जैसे सरकारी उपक्रमों में बार-बार वही कागज़ात मांगे जाना बताता है कि डिजिटल ढांचा भले विकसित हो गया हो, पर सरकारी तंत्र की प्रक्रियाएं अभी डिजिटल सोच को आत्मसात नहीं कर पाई हैं। इस संस्कृति में सुधार के बिना इन घोषणाओं का असर सीमित रहेगा। सरकार द्वारा सेल्फ-सर्टिफिकेशन को स्वीकार करने के बावजूद कई विभाग अब भी कागजी सत्यापन और अनावश्यक औपचारिकताएं जारी रखे हैं। इससे साफ है कि जमीनी स्तर पर अनुपालन तंत्र अभी मानसिक रूप से इसके लिए तैयार नहीं।

ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस और ईज ऑफ लिविंग के क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण प्रगति जरूर हुई है। ऑनलाइन सेवाएं बढ़ीं, पासपोर्ट-ड्राइविंग लाइसेंस जैसी सेवाएं सरल हुईं, कई अनुमतियों को स्वचालित किया गया, लेकिन नागरिकों को आज भी टैक्स, नगर निकाय, राजस्व विभाग, पुलिस सत्यापन और कल्याण योजनाओं में अनावश्यक चक्कर लगाने पड़ते हैं। प्रधानमंत्री की यह घोषणा तभी सार्थक होगी जब सभी विभागों में 'वन-टाइम डेटा सबमिशन' प्रणाली लागू हो। कागजी फाइलों की जगह डिजिटल फार्म लें और कानून प्रवर्तन पारदर्शी तथा मानवीय हो।

## प्रसंगवश

# राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक है वंदेमातरम

'वंदे मातरम' भारत की भारतीयता और राष्ट्रीय पहचान का एक शक्तिशाली प्रतीक है, जो मातृभूमि के प्रति भक्ति, एकता, स्वतंत्रता संग्राम की भावना और सांस्कृतिक गौरव को दर्शाता है। यह एक ऐतिहासिक गीत है और यह हर भारतीय के दिल में राष्ट्र प्रेम का गहरा भाव जगाता है, जो भारत के स्वर्णिम भविष्य का आह्वान भी करता है। 'वंदे मातरम्' भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद का सार है, जो मातृभूमि के प्रति असीम प्रेम, सांस्कृतिक गौरव और एकता की भावना को दर्शाता है, जिसे बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने रचा और यह स्वतंत्रता आंदोलन का एक शक्तिशाली मंत्र बन गया, जो हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति का 'रस' भरता है। यह गीत भारत की भूमि, उसकी सुंदरता (सुजलां सुफलां) और शक्ति का वर्णन करता है, जिसे राष्ट्रीय गान 'जन गण मन' के समान सम्मान प्राप्त है और यह भारत की आत्मा का प्रतीक है।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आम्बेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

यह सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पहली उद्घोषणा है, जिसने भारत को एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में परिभाषित किया। इसने स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरित किया और आज भी 'विकसित भारत' के संकल्प में प्रेरणा देता है। यह मातृभूमि को शक्ति, दिव्यता और समृद्धि का प्रतीक मानता है, जिसमें चंदन सी शीतलता और सुस्वादु फल है। यह भारत की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है, जो हर भारतीय में गर्व और समर्पण का भाव जगाता है।

इस गीत ने प्रतिरोध की भावना को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इन दो शब्दों के उच्चारण मात्र से ही असंख्य भारतीयों के हृदय में हलचल मच गई, जिससे लाखों लोग राष्ट्र के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने और हज़ारों लोगों को अपने प्राणों की आहुति देने के लिए प्रेरित हुए। यद्यपि 'जन गण मन' राष्ट्रगान है, फिर भी 'वंदे मातरम' ने लोगों के हृदय में अधिक गहराई से जगह बनाई। 'वंदे मातरम' केवल मातृभूमि के प्रति अभिवादन का प्रतीक नहीं है, बल्कि राष्ट्र के प्रति त्याग, साहस और सर्वोच्च प्रेम की भावना का भी प्रतीक है। इसके अमूल्य योगदान को स्वीकार करते हुए, 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा ने 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगान के समान दर्जा दिया। अलगाववादियों ने इसे बंगाल का गीत बताया, जबकि बंकिमचंद्र ने खुद स्पष्ट किया था कि माता बंगाल नहीं, भारत है। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 1882 में आनंदमठ का दूसरा संस्करण प्रकाशित करते समय प्रस्तावना में लिखा, 'यह समस्त भारतवर्ष की माता के लिए लिखा गया है।' (स्रोतः आनंदमठ, 1882 संस्करण, पृष्ठ 4-5)

बंकिम ने 'सप्तकोटि' काव्य अलंकार के लिए लिखा, जैसे वेदों में सहस्त्रशीर्ष लिखा जाता है, न कि सटीक गिनती के लिए)। श्री अरविंद ने 1907 में लिखा था, 'बंकिम ने बंगाल को भारत का प्रतीक बनाया है। जिस तरह गीता में कृष्ण अर्जुन के माध्यम से समस्त मानवता को उपदेश देते हैं, उसी तरह बंकिम ने बंगाल के माध्यम से समस्त भारत को जागृत किया।' (वंदे मातरम् अखबार, 11 अप्रैल 1907)। रवींद्रनाथ ने 1917 में Nationalism पुस्तक में लिखा, 'बंकिम की माता बंगाल की नहीं, संपूर्ण भारत की माता हैं। वह हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक फैली हुई है।' नेताजी ने 1943 में सिंगापुर में आजाद हिंद सरकार बनाई और पूरे छह छंद वाले मूल 'वंदे मातरम' को ही राष्ट्रगान घोषित किया। वहां बंगाली, तमिल, पंजाबी, मराठी, मलयाली सब सैनिक एक साथ पूरे गीत को गाते थे।

# पश्चिम बंगाल में नई सियासत की आहट!





शक्ति प्रकाश श्रीवास्तव
स्वतंत्र पत्रकार

पश्चिम बंगाल में बीते दो दिनों में हुए दो आयोजनों ने सियासी गलियारे में हलचल मचा दी है। पहला आयोजन छः दिसंबर को मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के रूप में हुआ, जबकि दूसरा आयोजन अगले ही दिन ऐतिहासिक ब्रिगेड मैदान में रिकार्ड तोड़ जमावड़े के बीच सामूहिक गीता पाठ के रूप में हुआ। अब इन आयोजनों को लेकर सियासत होने की उठी चर्चा के भी अपने वाजिब कारण हैं।

मसलन पश्चिम बंगाल में अगले साल के मध्य में विधानसभा का चुनाव है। कुछ दशकों से वहां तृणमूल कांग्रेस की सरकार है। केंद्र में सत्तासीन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए की लगातार कोशिश है कि वहां की सत्ता उसे मिल जाए, लेकिन ऐसा पिछले चुनावों में संभव नहीं हो सका है। ऐसे में जब शांत चल रहे प्रदेश में अचानक इस तरह की दो बड़ी गतिविधियां हों, तो उसके पीछे सियासी समीकरण होने का शक लाजिमी है।

पहला आयोजन अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस की तिथि यानी छः दिसंबर को हुआ। इसका आयोजन तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित किए गए विधायक हुमायूं कबीर ने किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी के नाम से मस्जिद की नींव रखी। तिथि का भी चयन ऐसा किया, जिस दिन अयोध्या में गिराए गए विवादित ढांचे को 33 साल पूरे हुए थे। अयोध्या के उस विवादित ढांचे को मुस्लिम समुदाय बाबरी मस्जिद बताता रहा है, हालांकि इस मस्जिद निर्माण के पीछे कबीर की मंशा जो भी हो, लेकिन देश के मुस्लिम समाज ने इसे उचित नहीं माना है।

पश्चिम बंगाल में बीते दो दिनों में हुए दो आयोजनों ने हलचल मचा दी है। इन आयोजनों को लेकर सियासत होने की उठी चर्चा के भी अपने वाजिब कारण हैं।

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना यासूब अब्बास ने मस्जिद की नींव रखे जाने की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा है कि बाबर के नाम पर मस्जिद बनाकर भारत में नए विवाद को जन्म दिया जा रहा है। बाबरी मस्जिद विवाद पर मौलाना ने कहा कि यह दुख की बात है कि बाबरी मस्जिद के नाम पर देश में नया बवाल खड़ा किया जा रहा है। चाहे पश्चिम बंगाल हो, उत्तर प्रदेश हो, बिहार हो, पंजाब हो या कश्मीर, किसी भी राज्य में बाबर के नाम पर मस्जिद बर्दाश्त नहीं है।

उनके मुताबिक मस्जिदों का नाम अल्लाह, पैगंबर या इमामों के नाम पर होना चाहिए न कि बाबर, अकबर या औरंगजेब के नाम पर। इस तरह मस्जिद का नामकरण करना गलत है। उन्होंने मांग उठाई कि हुमायूं कबीर के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि इस तरह देश को दोबारा फसाद की आग में झोंकना सही नहीं है।

इस आयोजन से इतर दूसरे ही दिन, बंगाल के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक भव्य सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सनातन संस्कृति संसद नामक संस्था द्वारा इस ऐतिहासिक मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग पांच लाख लोगों ने सस्वर गीता पाठ किया। आम लोगों तक सनातन धर्म की मूल भावना और गीता के सार्वभौमिक संदेशों को पहुंचाने की नीयत से आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना हर तरफ हो रही है।

ऐसा नहीं है कि यह आयोजन पहली बार हुआ है। इसकी शुरुआत 2022 में ही हुई थी। तब पहली बार लगभग पांच हजार लोगों ने गीता पाठ किया था। अलबत्ता ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम का आयोजन 24 दिसंबर 2023 को पहली बार हुआ था। तब इस आयोजन में लगभग एक लाख लोग सहभागी रहे थे।

इस बार के कार्यक्रम में देश के कई चर्चित संतों ने भी हिस्सा लिया। इन संतों ने उपस्थित धर्मावलंबियों को संबोधित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए देशवासियों से अपील की।

उन्होंने कहा कि हिंदू अगर एक हो जाएं तो भारत को हिंदू राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने यह भी कहा कि ये देश बाबर का नहीं, रघुवर का है। हिंदुओं को एक होकर गांव-गांव में भगवा लहराना होगा। हम बहुत जल्दी कथा करने बंगाल आएंगे। अपनी विशिष्ट शैली में उन्होंने कहा कि अगली बार बंगाल में कथा के दौरान धर्म विरोधियों की ठठरी बांध देंगे। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत बांग्ला भाषा में की।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पद्मभूषण साध्वी ऋतंभरा और बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मौजूद रहे। अतिविशिष्ट अतिथियों में बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी सहित बीजेपी के कई सांसद, विधायक आदि उपस्थित रहे।

बेशक इन दोनों ही आयोजनों से सीधे तौर पर किसी सियासी समीकरण का जुड़ाव होना प्रमाणित नहीं हो रहा है, लेकिन अचानक से तीन दशक बाद एक चर्चित मुद्दे से संबंधित आयोजन का होना और अगले ही दिन दूसरे धर्म विशेष से जुड़े कार्यक्रम का आयोजन सियासी कड़ियां जोड़ने को मजबूर करता है। संभव है कि वास्तव में ऐसा कुछ भी न हो, लेकिन स्थान-काल-पात्र ऐसा सोचने-समझने को बाध्य करता है, क्योंकि पहले आयोजन के कर्ता-धर्ता का सियासी जुड़ाव होना और दूसरे आयोजन में सियासी हस्तियों की मौजूदगी, इसका एहसास करा रही हैं।

## आमने सामने



देखिए, प्याज बागबानी का मामला है। फिर भी कृषि मंत्री होने के नाते मैं कह रहा हूं कि प्याज की सप्लाई अच्छी रही है, इसलिए वे फेंक रहे हैं। कांग्रेस शासन के दौरान प्याज नहीं था। किसानों को पानी नहीं मिलता था, इसलिए प्याज ज्यादा नहीं होता था।
-एदल सिंह कंषाना
कृषि मंत्री, मध्य प्रदेश

कंषाना का यह बयान किसानों के साथ धोखा है। यह किसानों का अपमान है। सरकार की गलत नीतियों के कारण उन्हें प्याज फेंकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। सत्ताधारी भाजपा के नेताओं की कथित जिद और घमंड पार्टी को खत्म कर देगा और किसान सही समय पर उन्हें सबक सिखाएंगे। -जीतू पटवारी
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, मप्र



# धर्मांतरण बाद आरक्षण लाभ संवैधानिक धोखा



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
स्वतंत्र पत्रकार

हिंदू से ईसाई बनने पर आरक्षण प्रदत्त सुविधा से वंचित रहना पड़ सकता है। हिंदू समाज जाति आधारित विभेद से प्रभावित था। इस विभेद को समाप्त करने व आर्थिक-सामाजिक उन्नयन के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 बना। इधर देश में सक्रिय ईसाई मिशनरियों ने विभिन्न प्रलोभनों के साथ ही यह बताकर धर्मांतरण का खेल शुरू किया कि उनके मत/धर्म में जाति आधारित व्यवस्था न होने के कारण कोई जातिगत विभेद नही है। संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 ने भी स्पष्ट कर दिया है कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म से इतर धर्म के अनुयायी अनुसूचित जाति के सदस्य नहीं रहेंगे, फिर भी छुटपुट धर्मांतरण की आहट मिलती रहती है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कई निर्णयों में पहले ही कहा है कि ईसाई धर्म स्वीकार करने वाले अनुसूचित जाति के सदस्य कोई सुविधा नही ले सकते हैं। जितेंद्र साहनी मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के हालिया फैसले ने इस विषय पर एक विधिक विमर्श की शुरुआत कर दी है, हालांकि यह कोई नया निर्णय नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय पिछले वर्ष ही इसे 'संविधान के साथ धोखाधड़ी' बता चुका है। संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश-1950 के प्रस्तर 3 में स्पष्टतया कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति जो हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म से अलग धर्म मानता है, उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता।

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 ने भी स्पष्ट कर दिया है कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म से इतर धर्म के अनुयायी अनुसूचित जाति के सदस्य नहीं रहेंगे।

सर्वोच्च न्यायालय ने सी सेल्वारानी बनाम स्पेशल सेक्रेट्री-कम-जिला कलेक्टर व अन्य (2024 एससीसी ऑनलाइन एससी 3470) 930 में अभिनिर्धारित कर चुका है कि ईसाई धर्म अपनाने पर कोई भी व्यक्ति अपनी मूल जाति का नहीं रहता है। इसी निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि सिर्फ लाभ लेने के उद्देश्य से धर्म बदलना संविधान के साथ धोखा है और आरक्षण नीति के सिद्धांतों के खिलाफ है।

सी सेल्वारानी (पूर्वोक्त) निर्णय के पैरा-15 का मूलपाठ इस तरह है '15-... भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत प्रत्येक नागरिक को अपनी पसंद के धर्म का पालन करने और उसे मानने का अधिकार है। कोई व्यक्ति किसी अन्य धर्म में तभी धर्मांतरित होता है, जब वह उसके सिद्धांतों और आध्यात्मिक विचारों से वास्तव में प्रेरित होता है, यदि धर्मांतरण का उद्देश्य मुख्यतः आरक्षण का लाभ प्राप्त करना है, लेकिन दूसरे धर्म में कोई वास्तविक विश्वास नहीं है, तो इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि ऐसे गुप्त उद्देश्य वाले लोगों को आरक्षण का लाभ देना आरक्षण नीति के सामाजिक मूल्यों को ही नष्ट करेगा। इस मामले में, प्रस्तुत साक्ष्य स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि अपीलकर्ता ईसाई धर्म को मानती है और नियमित रूप से चर्च जाकर इस धर्म का सक्रिय रूप से पालन करती है। इसके बावजूद, वह हिंदू होने का दावा करती है और रोजगार के उद्देश्य से अनुसूचित जाति समुदाय का प्रमाण पत्र चाहती है। उसका ऐसा दोहरा दावा अस्वीकार्य है और वह बपतिस्मा के बाद भी स्वयं को हिंदू के रूप में पहचान जारी नहीं रख सकती। इसलिए, अपीलकर्ता को अनुसूचित जाति का सांप्रदायिक दर्जा प्रदान करना, जो धर्म से ईसाई है, लेकिन रोजगार में आरक्षण का लाभ उठाने के उद्देश्य से अभी भी हिंदू धर्म अपनाने का दावा करती है, आरक्षण के मूल उद्देश्य के खिलाफ होगा और संविधान के साथ धोखाधड़ी होगी।'

ऐसा नहीं है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार 26 नवंबर 2025 को पूर्वोक्त मामले में इस विषय पर अपना मत व्यक्त किया है। सर्वोच्च न्यायालय सुसाइ व अन्य बनाम यूनियन ऑफ़ इंडिया व अन्य (एआईआर 1986 एससी 733) और केपी मनु बनाम चेयरमैन स्क्रूटिनी कमेटी (2015) 4 एससीसी-1 मामले में भी अभिनिर्धारित कर चुका है कि अनुसूचित जाति के सदस्यों के लिए संविधान में प्रदत्त सुविधाओं का लाभ इस जाति के वह सदस्य नहीं ले सकते, जिन्होंने धर्मांतरण कर हिंदू धर्म से ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया है।

प्रश्नगत निर्णय में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरी ने सर्वोच्च न्यायालय के सी सेल्वारानी व अन्य निर्णयों (पूर्वोक्त) का आधार लिया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के संपूर्ण प्रशासनिक मशीनरी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य में ईसाई बने लोग अनुसूचित जातियों का लाभ लेना जारी न रखें। धर्मांतरण के बाद अनुसूचित जाति का स्टेटस बनाए रखना 'संविधान के साथ धोखाधड़ी' है। उच्च न्यायालय ने राज्य के सभी जिला मजिस्ट्रेट को विधिसम्मत तरीके से ऐसे मामलों की पहचान करने और उन्हें रोकने के लिए चार माह की कड़ी समय सीमा (डेडलाइन) तय की है।

उच्च न्यायालय ने मंत्रिमंडल सचिव (कैबिनेट सेक्रेटरी) भारत सरकार, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव/अपर प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक कल्याण और अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण उत्तर प्रदेश को भी निर्देशित किया है कि इस निर्णय के आलोक में विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे कानून का पालन हो सके। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति गिरी ने निर्णय में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के अक्काला रामी रेड्डी बनाम आंध्र प्रदेश राज्य (2025 एससीसी ऑनलाइन एपी 1685) मामले में दिए गए निर्णय का भी उल्लेख किया है।

## सोशल फोरम

# महिलाओं की जिंदगी को मेरी ने कराया आसान





लक्ष्य
संगीतकार

मेरी (May) मैगी, डबलिन की वह महिला जिसने 1973 में सुप्रीम कोर्ट में ऐतिहासिक केस जीतकर शादीशुदा दंपतियों को गर्भनिरोधक (contraceptives) इस्तेमाल करने का अधिकार दिलाया था, उनका 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। इस दंपत्ति का केस आयरलैंड में चर्च और सरकार के अलग-अलग होने की दिशा में एक बड़ा मोड़ माना जाता है।

मेरी मैगी की गर्भावस्था के दौरान उनकी सेहत बहुत खराब रहती थी। उनके डॉक्टर ने उन्हें डायफ्राम (एक तरह का गर्भनिरोधक) इस्तेमाल करने की सलाह दी। इसके लिए इंग्लैंड से एक खास किस्म की जेल मंगानी पड़ती थी, लेकिन 1935 के कानून के कारण, जो गर्भनिरोधक पर प्रतिबंध लगाता था, कस्टम अधिकारियों ने वह सामान जब्त कर लिया। अगर वे दोबारा विदेश से ऐसा सामान मंगाते, तो उन पर जुर्माना या जेल हो सकती थी।

1972 में, डॉक्टर लॉग्रन और अपने वकील की मदद से, मैगी दंपति ने इस कानून के खिलाफ हाईकोर्ट में केस दायर किया, लेकिन वहां केस हार गए, लेकिन 1973 में सुप्रीम कोर्ट में अपील के दौरान पांच में से चार जजों ने उनके पक्ष में फैसला दिया। कोर्ट ने कहा कि गर्भनिरोधक का इस्तेमाल करना शादीशुदा दंपतियों का निजी निर्णय है, जिसमें सरकार दखल नहीं दे सकती।

कैथोलिक चर्च के मजबूत प्रभाव के कारण, इस फैसले के बाद भी गर्भनिरोधक को पूरी तरह वैध बनने में समय लगा। छह साल बाद, married couples के लिए डॉक्टर की पर्ची पर गर्भनिरोधक उपलब्ध हुए और 1985 में 18 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को बिना पर्ची के इन्हें खरीदने की अनुमति मिल गई।

## सामयिकी

# पॉक्सो के बढ़ते लंबित मामले व पीड़ितों का दर्द

नाबालिगों के खिलाफ अपराधों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और उससे भी बड़ी चिंता का विषय यह है कि इन मामलों का निपटारा वर्षों तक अधर में लटका रहता है। पॉक्सो यानी लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम का उद्देश्य बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके ठीक विपरीत तस्वीर पेश करती है। आंकड़े बताते हैं कि देश में पॉक्सो के 35 हजार से अधिक मामले वर्षों से लंबित चल रहे हैं और न्याय की प्रक्रिया पीड़ितों व उनके परिवारों के लिए एक असहनीय इंतजार बन गई है।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

2023 तक लंबित मामलों का जो विवरण सामने आया है, वह किसी भी समाज और शासन के लिए चिंता का गंभीर संकेत है। उत्तर प्रदेश में 10,556 मामले लंबित हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। महाराष्ट्र 7,962 लंबित मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है। तमिलनाडु में 1,910, मध्य प्रदेश में 1,736, छत्तीसगढ़ में 375 और राजस्थान में 224 मामले अभी भी न्याय की प्रतीक्षा में हैं। बिहार मंल 1,079, झारखंड में 415, पंजाब में 152, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश दोनों में 101, चंडीगढ़ में 16 और उत्तराखंड में 374 मामलों की लंबितता भी यही सिद्ध करती है कि न्यायिक प्रक्रिया के बोझ ने पीड़ितों के लिए न्याय की राह लंबी और कठिन बना दी है। यह स्थिति बताती है कि देश में पॉक्सो कानून का उद्देश्य जितनी तेजी से पूरा होना चाहिए था, उससे बहुत दूर है।

केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन लाल मेघवाल ने बताया है कि देश में कुल 773 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट कार्यरत हैं, जिनमें से 400 कोर्ट विशेष रूप से पॉक्सो मामलों के लिए बनाए गए हैं। इन अदालतों ने अब तक 3.5 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है, जो निश्चित रूप से एक उपलब्धि है, लेकिन उसके बावजूद हजारों मामले अभी भी अधूरे पड़े हैं। यह दर्शाता है कि केवल अदालतों की संख्या बढ़ा देना समाधान नहीं है। न्याय प्रक्रिया में पुलिस, अभियोजन, मेडिकल रिपोर्ट, फोरेंसिक जांच, गवाही और साक्ष्य संकलन जैसे कई चरण होते हैं, और इनमें होने वाली देरी पॉक्सो मामलों की लंबितता को बढ़ाती रहती है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार देश में हर तीन मिनट में एक बच्चा अपराध का शिकार बनता है और हर आठ मिनट में एक पॉक्सो का मामला दर्ज होता है। इन आंकड़ों में बीते दो वर्षों के भीतर ही तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है, जो सामाजिक व प्रशासनिक दोनों स्तरों पर चेतावनी का इशारा है। 2021 से 2025 के बीच कुल 1,31,692 पॉक्सो मामले दर्ज किए गए। वहीं सबसे कम मामले मिजोरम, नागालैंड, लद्दाख और अंडमान निकोबार जैसे क्षेत्रों में सामने आए हैं।


एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि कई मामलों में अपराध की प्रकृति इतनी संवेदनशील होती है कि बच्चे मानसिक रूप से टूट जाते हैं। लंबित मामलों का सबसे बड़ा कारण पुलिस जांच की धीमी गति, मेडिकल व फोरेंसिक रिपोर्ट में देर, गवाहों का न मिल पाना, पीड़ित परिवारों का दबाव में आ जाना और अदालतों में पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। ग्रामीण इलाकों में यह समस्या और अधिक गंभीर होती है, जहां पीड़ितों को न्याय पाने के लिए सामाजिक प्रताड़ना भी सहनी पड़ती है। यह चुनौती केवल कानून और अदालतों तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक सामाजिक समस्या भी बन चुकी है। भारत जैसा देश, जहां माता पिता अपने बच्चों को संस्कारों और नैतिकता की शिक्षा देने पर जोर देते हैं, वहां बच्चों के साथ यौन अपराधों की बढ़ती घटनाएं एक गहरी सामाजिक विडंबना को दर्शाती हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।


अमृत विचार
# कैम्पस

हिन्दी हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और सांस्कृतिक पहचान का दर्पण है। यह भाषा हमें अपनी जड़ों से जोड़ती है, अभिव्यक्ति को सशक्त बनाती है और सोच में गहराई लाती है। समय के साथ हिन्दी का दायरा लगातार बढ़ा है। आज यह सिर्फ साहित्य या बोलचाल की भाषा नहीं रही, बल्कि आधुनिक करियर की दुनिया में एक महत्वपूर्ण साधन बन चुकी है। यदि आपने हिन्दी साहित्य का अध्ययन किया है या हिन्दी भाषा के प्रति गहरा लगाव रखते हैं, तो आपके लिए रोजगार के ऐसे अनेक अवसर मौजूद हैं, जो आपको एक बेहतरीन और स्थिर भविष्य दे सकते हैं। आइए जानें वे प्रमुख करियर विकल्प, जिनमें आपकी मजबूत हिन्दी आपकी पहचान बना सकती है।

-फीचर डेस्क




# हिन्दी : भाषा से आगे करियर के नए आयाम




## पत्रकारिता: बढ़ते अवसर

आज हिन्दी न केवल भारत की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इसका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। टीवी न्यूज चैनल, प्रिंट मीडिया, रेडियो और डिजिटल पोर्टल्स में हिन्दी पत्रकारों की भारी मांग है। यदि आपको खबरों की समझ है, भाषा पर पकड़ मजबूत है और आप अभिव्यक्ति में निपुण हैं, तो आप रिपोर्टर, एंकर, न्यूज एडिटर या डिजिटल कंटेंट क्रिएटर के रूप में करियर शुरू कर सकते हैं। फ्रीलांस पत्रकारिता भी आज अच्छा विकल्प बन चुका है, जहां आप अपनी सुविधानुसार काम करते हुए अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## अनुवाद : भाषा का सेतु

ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में हर संस्था चाहे वह सरकारी हो या निजी, विभिन्न भाषाओं में सामग्री उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है। ऐसे में हिन्दी अनुवादकों की भूमिकाएं बेहद महत्वपूर्ण हैं। अनुवादक अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन या अन्य भाषाओं की सामग्री को हिन्दी में बदलते हैं और यह कार्य घर बैठे भी किया जा सकता है। कई कंपनियां पार्ट-टाइम या फ्रीलांस अनुवादकों को प्राथमिकता देती हैं, जिससे यह क्षेत्र नए प्रतिभाशाली युवाओं के लिए बेहद अनुकूल बन चुका है।



## इंटरप्रिटेशन: मौखिक अनुवाद का करियर

इंटरप्रेटर का कार्य ट्रांसलेटर से अलग होता है। जहां ट्रांसलेटर लिखित सामग्री का अनुवाद करता है, वहीं इंटरप्रेटर बोले गए शब्दों का तत्काल अनुवाद करता है। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, विदेशी मेहमानों की बैठकों, विश्वविद्यालयों और दूतावासों में इंटरप्रेटर्स की मांग हमेशा बनी रहती है। यदि आपकी हिन्दी और दूसरी भाषा पर अच्छी पकड़ है, तो यह क्षेत्र आपको वैश्विक स्तर पर काम करने के अवसर दे सकता है।



## सरकारी नौकरियां: सुरक्षित करियर की राह

हिन्दी साहित्य की डिग्री प्राप्त करने के बाद आप केंद्र और राज्य सरकार की अनेक नौकरियों के लिए पात्र बन जाते हैं। यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग और पीएसयू जैसी परीक्षाओं में हिन्दी विषय से जुड़े उम्मीदवारों के लिए अलग से पद और अवसर मौजूद रहते हैं। हिन्दी अधिकारी, राजभाषा अधिकारी, अनुवादक और कंटेंट विशेषज्ञ जैसे पद इस क्षेत्र में प्रमुख हैं।

## भाषण लेखन: प्रभावशाली शब्दों की कला

राजनीतिक नेताओं, उद्योग विशेषज्ञों और कई संस्थानों को ऐसे लेखकों की आवश्यकता होती है, जो प्रभावशाली और असरदार भाषण तैयार कर सकें। यदि आपकी लेखन शैली प्रभावशाली है और आप संवेदनशील मुद्दों को सरल भाषा में व्यक्त कर सकते हैं, तो भाषण लेखन आपके लिए एक उत्कृष्ट करियर विकल्प बन सकता है।

## अध्यापन: ज्ञान का सबसे सम्मानित मार्ग

हिन्दी साहित्य के छात्रों के लिए शिक्षण हमेशा एक सम्मानित और स्थिर विकल्प रहा है। आप स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय में अध्यापक बनकर नई पीढ़ी को भाषा का ज्ञान दे सकते हैं। इसके साथ ही विदेशी विश्वविद्यालयों में भी हिन्दी पढ़ाने के अवसर उपलब्ध हैं, जो इस क्षेत्र को वैश्विक बनाते हैं।

## वॉयस असिस्टेंट और बीपीओ: नई टेक्नोलॉजी के अवसर

वॉयस टेक्नोलॉजी के विस्तार के साथ हिन्दी वॉयस असिस्टेंट्स, कॉल सेंटर और कस्टमर सर्विस में हिन्दी बोलने वाले युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। यहां केवल स्पष्ट उच्चारण और संवाद कौशल की आवश्यकता होती है, जिससे यह अवसर शुरुआती करियर वालों के लिए भी उपयुक्त बन जाता है।


## स्क्रीन राइटिंग: रचनात्मकता का मंच

फिल्मों, टीवी धारावाहिकों और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की बढ़ती लोकप्रियता ने हिन्दी स्क्रीन राइटर्स की मांग को कई गुना बढ़ा दिया है। यदि आपके पास कहानी कहने का हुनर है, संवाद लिखने में निपुण हैं या गीत लेखन की समझ रखते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए सुनहरा अवसर है। हिन्दी साहित्य की पृष्ठभूमि वाले युवाओं को इस क्षेत्र में विशेष लाभ मिलता है, क्योंकि उनकी भाषा स्वाभाविक और प्रभावी होती है।

## कंटेंट राइटिंग और एडिटिंग: डिजिटल दुनिया की सबसे बड़ी जरूरत

डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के विस्तार ने हिन्दी कंटेंट की मांग को शीर्ष पर पहुंचाया है। वेबसाइट्स, ब्लॉग्स, न्यूज पोर्टल्स, विज्ञापन एजेंसियां और पब्लिकेशन हाउस लगातार ऐसे कंटेंट राइटर्स और एडिटर्स की तलाश में रहते हैं, जो प्रभावशाली और शुद्ध हिन्दी लिख सकें। यह क्षेत्र उन लोगों के लिए बेहद उपयुक्त है, जिन्हें लेखन में आनंद आता है और जो भाषा के प्रति संवेदनशील हैं।





## जॉब अलर्ट

### कर्मचारी चयन आयोग (SSC)



- पद का नाम : कांस्टेबल (GD) और राइफलमैन (GD)
- पदों की संख्या : 25487
- योग्यता : किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या 10 वीं कक्षा पास
- आयु सीमा : 18 से 23 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 31/12/2025
- वेबसाइट https://ssc.gov.in

### इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (IIBF)

- पद का नाम : जूनियर एग्जीक्यूटिव
- पदों की संख्या : 10 पद
- योग्यता : संबंधित विषय में न्यूनतम 60% अंकों के साथ ग्रेजुएट और पद के अनुसार अतिरिक्त योग्यताएं।
- आयु सीमा : 28 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 13/12/2025
- वेबसाइट : www.iibf.org.in

### इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

- पद का नाम : ट्रेड/टेक्नीशियन/ग्रेजुएट अप्रेंटिस
- पदों की संख्या : 509
- योग्यता : ITI/डिप्लोमा/ग्रेजुएट/कक्षा 12वीं (विषय के अनुसार)
- आयु सीमा : 18 से 24 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 09/01/2026
- वेबसाइट : www.iocl.com/apprenticeships

### इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

पद का नाम : प्रोजेक्ट इंजीनियर और टेक्निकल ऑफिसर
पदों की संख्या : 23
योग्यता : B.E./B.Tech CSE/IT/ECE/EEE/E&I/इंस्ट्रूमेंटेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स में, डिप्लोमा
आयु सीमा : 33 वर्ष तक
वॉक-इन इंटरव्यू की तारीख : 16/12/2025
वेबसाइट : www.ecil.co.in

## कैंपस में पहला दिन

# जब दादाजी पहले दिन कॉलेज छोड़ने गए

कॉलेज का पहला दिन यह सोचकर ही मन में कुछ सिरहन सी होने लगी कि अब बचपन के पायदान से निकलकर युवा अवस्था की श्रेणी में पहुंच रहे हैं, कुछ उत्साह, कुछ घबराहट और एक नई शुरुआत की उमंग भी। यह सोच-सोचकर मन में खुशी थी कि अब स्कूल के अनुशासित जीवन से मुक्ति मिलेगी, अब कोई स्कूल ड्रेस नहीं होगी और न ही समय की पाबंदी वाला वो स्कूल का घंटा। अब मैं स्वतंत्र होंगी। अपने नए माहौल में नए रंग-ढंग से रहूंगी, फैशनेबल कपड़े पहन सकूंगी, अब कोई रोक-टोक नहीं होगी। कॉलेज में कैंटीन होगी, वहां दोस्तों के साथ बैठकर स्नेक्स खाऊंगी, गप्पे लगाऊंगी। मन होगा तो पढ़ेंगे, नहीं होगा तो क्लास बंक। अब कोई बंधन न होगा और इस तरह से मेरा मन तरह-तरह के सपने बुनने लगा। मैं कॉलेज के स्वच्छंद वातावरण में तितली की भांति उड़ने के लिए बेहद ही उत्साहित थी।



कॉलेज जाने का पहला दिन आ गया था। मैं सुबह से ही तैयारी में लग गई और अति उत्साह में जल्दी ही तैयार हो गई थी। मैं कॉलेज के लिए चलने लगी। मेरे मम्मी, पापा, भाई सब मुझे शुभकामनाएं देने लगे। मैं जाने के लिए अपनी स्कूटी निकल रही थी कि तभी दादाजी की आवाज आई, ' रुको बेटा !, मैं तुम्हें छोड़ने चलता हूं।' यह सुनकर मैं स्तंभित रह गई और संकोच में आ गई कि यह दादाजी क्या कह रहे हैं? वह मुझे अभी भी बच्ची ही समझ रहे थे, लेकिन वह मुझे छोड़ने जाने के लिए बेताब थे। मैं उनकी आज्ञा का उल्लंघन न कर सकी और अपनी भावनाओं को मन में दबाए हुए, चुपचाप उनके स्कूटर के पीछे बैठ गई। मेरे सपनों की उड़ान पर ब्रेक सा लग गया। मैं अपने आपको बड़ा ही परतंत्र सा महसूस कर रही थी। मुझे बड़ी सकुचाहत हो रही थी कि मेरे सहपाठी मेरे बारे में क्या सोचेंगे? वे मेरे ऊपर हसेंगे और मेरी खिल्ली उड़ाएंगे की यह तो अभी भी स्कूल की बच्ची ही है, जो अपने दादाजी के साथ आई है। इसी उधेड़बुन को सोचते-सोचते कॉलेज आ गया। मैं दादा जी को कॉलेज के गेट से ही विदा करना चाहती थी, पर वह मुझे क्लास तक ही छोड़ने चल पड़े। अब तो मेरा आत्मविश्वास बहुत ही डूब रहा था और मुझे लज्जा आ रही थी कि मेरे दोस्त मेरे बारे में क्या टिप्पणी करेंगे? तभी मैं क्लासरूम पहुंची, वहां बाहर खड़े सहपाठियों ने मुझे हेलो बोला और तपाक से पूछा, ' यह कौन हैं?' मैंने कुछ दबे हुए शब्दों और संकोच के साथ कहा, ' यह मेरे दादाजी हैं।' वे बोले, 'वाओ ! तेरे दादाजी तुझे छोड़ने आए हैं, तू तो बहुत लकी है कि तेरे दादाजी तुझे इतना प्यार करते हैं और तेरा इतना ख्याल रखते हैं।' यह सुनकर मैं आश्चर्यचकित रह गई और मेरा आत्मविश्वास बढ़ गया। दादाजी के प्रति मेरे मन में श्रद्धा और स्नेह और भी बढ़ गया। मुझे अपने घरवालों के प्यार की कद्र महसूस हुई और मुझे अपनी स्थिति भी मजबूत नजर आई। फिर मैं पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने सभी सहपाठियों, सभी प्रोफेसरों से मिली और पूरे कॉलेज में मस्ती से घूमी। इस प्रकार मेरा कॉलेज का पहला दिन खुशी, आनंद और आत्मविश्वास के साथ बीता।

**-श्रुति सुकुमार**, बरेली

# हौसला हो तो छू लो आसमान

तामकीन फातिमा के हौसलों की उड़ान एक जीवंत प्रमाण है कि सपने, मेहनत और शिक्षा की ताकत से कोई भी ऊंचाई हासिल की जा सकती है। उनकी यात्रा, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एसमयू) की कक्षाओं से शुरू होकर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशालाओं तक पहुंचना, युवाओं को कई महत्वपूर्ण संदेश देती है।



तामकीन की सफलता साबित करती है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे पुरुष प्रधान क्षेत्रों में महिलाएं न केवल प्रवेश कर सकती हैं, बल्कि शीर्ष पर विराजमान हो सकती हैं। यूजीसी-नेट (जेआरएफ) में ऑल इंडिया रैंक 2, इसरो इंटर्नशिप और डीआरडीओ में वैज्ञानिक 'बी' के पद पर चयन, ये सब उनकी प्रतिभा का प्रमाण हैं। यह 'आत्मनिर्भर भारत' के दौर में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करता है, जहां वे राष्ट्रीय सुरक्षा और तकनीकी नवाचार में योगदान दे रही हैं।

तामकीन फातिमा एक उभरती हुई भारतीय वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने हाल ही में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक 'बी' के पद पर चयनित होकर देशभर में प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। वे अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की पूर्व छात्रा हैं और उनकी यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि एसमयू की शिक्षा प्रणाली और महिलाओं की विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ती भूमिका का प्रतीक भी है।


रूफिया खान
शिक्षिका

## प्रेरणा और प्रभाव

तामकीन की यात्रा युवाओं, खासकर महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है। एएमयू के फैकल्टी सदस्यों ने उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया, "यह न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि संस्थागत गौरव भी है, जो एएमयू की उस विरासत को दर्शाता है, जो तकनीकी विशेषज्ञ और विद्वानों को जन्म देती है, जो भारत के विकास और रक्षा में योगदान देते हैं।" उनकी कहानी यह संदेश देती है कि शिक्षा, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रसेवा की भावना से देश के सबसे प्रतिष्ठित अवसरों के द्वार खुल सकते हैं। वे 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन के तहत भारत की तकनीकी संप्रभुता और रणनीतिक शक्ति में योगदान देने वाली महिलाओं की बढ़ती संख्या का प्रतीक हैं।

## भविष्य की योजनाएं

डीआरडीओ में शामिल होकर तामकीन ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया है। वे भारत की रक्षा अनुसंधान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हैं, जो उन्हें देश की वैज्ञानिक शक्ति का केंद्र बनाता है। उनकी यात्रा एएमयू के कक्षाओं से डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं तक पहुंची है और यह केवल शुरुआत मानी जा रही है। तामकीन फातिमा की कहानी साबित करती है कि मेहनत और शिक्षा से कोई सपना असंभव नहीं। तामकीन की उड़ान उन लाखों युवाओं के लिए मिसाल है, जो सोचते हैं कि 'मेरा बैकग्राउंड' या 'मेरा जेंडर' बाधा बनेगा। वह कहती हैं, "हौसला हो तो आसमान छू लो।"

## नोटिस बोर्ड

- कुमाऊं विश्वविद्यालय (नैनीताल) में पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी परिसर, महाविद्यालय और संस्थानों के वे विद्यार्थी, जिन्होंने स्नातक अंतिम वर्ष या अंतिम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा तो उत्तीर्ण कर ली है, लेकिन पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा अभी तक पास नहीं कर पाए हैं, वे इस विशेष परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.kunainital.ac.in के माध्यम से 15 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।



- पीलीभीत में 12 दिसंबर को मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। यह जॉब फेयर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान की ओर से जेपी होटल एवं वेडिंग स्क्वायर में लगेगा, जिसमें 15 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। जॉब फेयर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। जॉब फेयर में जॉब के लिए इंटरमीडिएट, ओ लेवल, ए लेवल, डिप्लोमा, आईटीआई, स्नातक व स्नातकोत्तर शैक्षिक योग्यता निर्धारित की गई है।
- अमेठी में महिलाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर उपलब्ध होने वाला है। जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी और राजकीय महिला पॉलिटेक्निक अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 17 दिसंबर को एक दिवसीय नि:शुल्क पिंक रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में लगभग देश की 10 प्रतिष्ठित प्राइवेट कंपनियां भाग लेंगी। ये कंपनियां 12 वीं, स्नातक, आईटीआई और विभिन्न तकनीकी योग्यताओं रखने वाली महिलाओं को अवसर प्रदान करेंगी। मेला सुबह 10:30 बजे से राजकीय महिला पॉलिटेक्निक परिसर में शुरू होगा। इच्छुक महिला अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराकर, योग्यता के अनुसार उपलब्ध कंपनियों में ऑनलाइन आवेदन भी कर सकेंगी।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,391.27 | 25,758 |
| गिरावट | 275.01 | 81.65 |
| प्रतिशत में | 0.32 | 0.32 |

सोना 1,32,400 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,92,000 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, गुरुवार, 11 दिसंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### 100 नई उड़ानें शुरू करेगा स्पाइसजेट

**मुंबई।** घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने बुधवार को कहा कि वह सर्दियों की मांग को पूरा करने के लिए रोजाना 100 अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की योजना बना रही है। वह इस सर्दी में प्रमुख मार्गों पर बढ़ती मांग को देखते हुए अपनी उड़ान सेवाओं को बढ़ाने और बाजार में पर्याप्त क्षमता सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। एक दिन पहले सरकार ने इंडिगो की शीतकालीन समय-सारिणी में 10 प्रतिशत कटौती करने को कहा था, ताकि संकटग्रस्त एयरलाइन अपने संचालन को स्थिर कर सके और उड़ानों के रद्द होने की घटनाओं को कम किया जा सके।

### विद्या वायर्स का शेयर बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** विद्या वायर्स का शेयर निर्गम मूल्य 52 के मुकबाले 12 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य 52 रुपये से 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52.13 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में शेयर में उछाल आया और यह 12.46 प्रतिशत चढ़कर 58.48 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर ने 52 रुपये के बराबर पर शुरुआत की। बाद में 12.40% चढ़कर 58.45 रुपये पर पहुंच गया।

### एक्वस का शेयर 13 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद एवं वैमानिकी कलपुर्जों में विशेषज्ञता रखने वाली अनुबंध विनिर्माण कंपनी एक्वस लिमिटेड का शेयर अपने 124 रुपये के मूल्य के मुकाबले 13 प्रतिशत की बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई और एनएसई दोनों पर कंपनी के शेयर ने 12.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 140 रुपये पर शुरुआत की। बाद में शेयर 22% की चढ़कर क्रमश: 151.15 रुपये और 151 रुपये प्रति शेयर पर आ गया।

### मीशो का शेयर 46% चढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** सॉफ्टबैंक के समर्थन वाली ई-कॉमर्स कंपनी मीशो का शेयर 111 रुपये के मुकाबले 46 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर शेयर की शुरुआत 162.50 रुपये पर हुई जो 46.40% अधिक है। बाद में 55.58% बढ़कर 172.70 रुपये पर पहुंच गया।


# ओमान, न्यूजीलैंड से एफटीए वार्ता अंतिम दौर में

## केंद्रीय उद्योग मंत्री गोयल ने द. अमेरिकी देश चिली से भी समझौते पर बात जल्द पूरी होने की जताई उम्मीद

जयपुर, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि ओमान और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए बातचीत अपने अंतिम चरण में है और दोनों के जल्द ही संपन्न होने की उम्मीद है। उन्होंने संकेत दिया कि दक्षिण अमेरिकी देश चिली के साथ भी व्यापार समझौते के लिए बातचीत जल्द पूरी हो जाएगी।

मंत्री ने कहा कि ओमान से समझौते के लिए बात अंतिम चरण में है और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले शुक्रवार को नई दिल्ली आ रहे हैं। एफटीए पर बातचीत अंतिम चरण में पहुंच रही है। इस बीच, वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि गहन वार्ता के तीन दौर (नवंबर 2023-मार्च 2024) के बाद दोनों पक्ष सीईपीए (व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता) के सभी घटकों पर एक समझौते पर पहुंच गए हैं जिसमें पाठ्य एवं बाजार पहुंच प्रस्ताव शामिल हैं। इसमें कहा गया कि मार्च 2024 में मंत्रिमंडल द्वारा प्रस्तुत एक प्रस्ताव को स्थगित कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप आगे की बातचीत की आवश्यकता पड़ी। चौथे दौर (सितंबर 2024) और पांचवें दौर (13-14 जनवरी 2025) में संशोधित प्रस्तावों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें कहा गया कि प्रासंगिक प्राधिकारी की स्वीकृति के बाद, हस्ताक्षर व पुष्टि के लिए मंत्रिमंडल 'नोट' का मसौदा संबंधित मंत्रालयों को भेजा गया। दोनों पक्ष अब आंतरिक अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं।



● वाणिज्य मंत्रालय ने कहा- दोनों पक्ष सीईपीए के सभी घटकों पर एक समझौते पर पहुंचे

### भारत-इजराइल ने मुख्य वार्ताकारों को किया नियुक्त

इजराइल से व्यापार समझौते पर गोयल ने कहा कि उन्होंने इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के साथ हाल ही में बैठक की थी और दोनों पक्षों ने प्रस्तावित समझौते के लिए अपने मुख्य वार्ताकारों को नियुक्त कर दिया है। तेल अवीव में दोनों देशों ने समझौते के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने हेतु संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर पिछले महीने हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इजराइल के साथ पहले चरण की शुरुआत होगी। मंत्रालय ने कहा कि भारत और इजराइल 2010 से एफटीए पर बातचीत कर रहे हैं। इसमें 280 शुल्क श्रेणियों या उत्पाद श्रेणियों को शामिल करने वाले 10 दौर पूरे हो चुके हैं।

### मालदीव ने किए हस्ताक्षर और कतर से वार्ता शुरू

इसके अलावा, इसमें कहा गया कि भारत-मालदीव मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर तीन जुलाई 2025 को माले में हस्ताक्षर किए गए थे। टीओआर आगामी एफटीए वार्ताओं के लिए ढांचा एवं दायरा निर्धारित करता है। समझौते पर वार्ता शुरू हो चुकी है। भारत और कतर भी मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करने हेतु एक टीओआर को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसी तरह की प्रक्रिया भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच भी जारी है। गोयल प्रवासी राजस्थानी दिवस में हिस्सा लेने यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हमने व्यापार से संबंधित मुद्दों पर विभिन्न देशों के नेताओं के साथ कई बैठकें की हैं।

### भारत, ईयू वार्ता शीघ्र पूरा करने को प्रतिबद्ध

**जयपुर।** पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ एफटीए पर बात आगे बढ़ा रहे हैं और समझौते की मोटी रूपरेखा तैयार हो गई है। दोनों पक्ष समझौते को जल्द पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गोयल और यूरोपीय संघ के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मार्कोस सेफकोविक ने आठ-नौ दिसंबर को वार्ता की समीक्षा की थी।

उन्होंने कहा कि चर्चाएं सकारात्मक रहीं। मुझे विश्वास है कि जल्द यूरोपीय संघ के साथ समझौते पर कोई निर्णय लिया जाएगा। जनवरी में वार्ता के समापन पर मंत्री ने कहा कि इसकी काफी प्रबल संभावनाएं हैं। दोनों पक्ष समझौते को जल्द पूरा करना चाहते हैं। चाहे एक महीने में हो, अगले सप्ताह हो या अगले महीने, ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों पक्षों ने के लिए दिसंबर के अंत की समय सीमा तय की है।

# आपका पैसा, आपका अधिकार अभियान में लें हिस्सा : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



● अभियान के तहत दो माह में 2,000 करोड़ की बिना दावे वाली संपत्तियां असली मालिकों को लौटाई गई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से 'आपका धन, आपका अधिकार' अभियान में हिस्सा लेने का बुधवार को आग्रह किया। इसके तहत गत दो महीनों में 2,000 करोड़ रुपये की बिना दावे वाली संपत्तियां उनके असली मालिकों को सफलतापूर्वक लौटाई गई हैं। सरकार ने चार अक्टूबर को 'आपका पैसा, आपका अधिकार' राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया था। इसका उद्देश्य बैंक जमा, बीमा, लाभांश, शेयर, म्यूचुअल फंड और पेंशन सहित लावारिस पड़ीं वित्तीय संपत्तियों को उनके वैध दावेदारों तक पहुंचाने में मदद करना है।

मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, सभी हितधारकों खासतौर पर सरकार, नियामक निकायों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के समन्वित प्रयासों से करीब 2,000 करोड़ रुपये पहले ही उनके सही मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। अक्टूबर से पांच दिसंबर 2025 तक 477 जिलों में शिविर आयोजित किए गए। इनमें जन प्रतिनिधियों, जिला प्रशासनों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री लोगों से 'आपका पैसा, आपका अधिकार' आंदोलन में हिस्सा लेने का आग्रह करते हुए कहा, हम आने वाले दिनों में इस आंदोलन को और व्यापक बनाना चाहते हैं। भारतीय बैंकों में बिना दावे का 78,000 करोड़ रुपये पड़ा है। बीमा कंपनियों के पास 14,000 करोड़ की राशि बिना दावे के पड़ी है। साथ ही म्यूचुअल फंड कंपनियों के पास 3,000 करोड़ और 9,000 करोड़ की राशि रखी है।

# सिम बाइंडिंग से निजता को खतरा नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों के संगठन सीओएआई ने सिम बाइंडिंग के सरकार के आदेश का स्वागत करते हुए बुधवार को कहा कि लोगों में ये गलत अवधारणा है कि इससे निजता और गोपनीयता का उल्लंघन होगा। सरकार ने देश में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के लिए सिम बाइंडिंग अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है, यानी कि जिस नंबर पर सोशल मीडिया एप सक्रिय है उस सिम के मोबाइल में रहने तक ही वह एप लॉग इन रह सकेगा।

सीओएआई ने कहा कि यूपीआई और भुगतान एप के लिए देश में पहले से ही सिम बाइंडिग के नियम लागू है। उसने कहा है कि विदेशों में जाने पर यूजर वाई-फाई या स्थानीय सिम के डाटा का इस्तेमाल करते हुए तब तक एप का इस्तेमाल जारी रख सकेंगे जब तक सेकेंड्री स्लॉट में एप से जुड़ा भारतीय सिम है। उसने कहा कि विदेशों में बैठे डिजिटल ठगों से लोगों को बचाने के लिए सिम बाइंडिग जरूरी है।



● मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों के संगठन ने किया सरकार के आदेश का स्वागत

● यूपीआई और भुगतान एप के लिए देश में पहले से ही सिम बाइंडिग के नियम लागू

संगठन के प्रेस नोट में एक निश्चित समय के बाद लॉगआउट के नियम के बारे में कहा गया है कि बैंकिंग पोर्टल, डिजी लॉकर, आधार और वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क सेशन समाप्त करने के इससे भी कड़े मानक अपनाते हैं। निजता के उल्लंघन के बारे में प्रेस नोट में कहा गया है कि सिम बाइंडिंग के लिए किसी अतिरिक्त डाटा संग्रह की जरूरत नहीं होती है। साथ ही इससे मैसेजिंग आदि पर कोई असर नहीं होता है।

# अमेजन भारत में करेगा 35 अरब डॉलर का निवेश

**नई दिल्ली।** अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने भारत में 2030 तक अपने सभी व्यवसायों में 35 अरब डॉलर का भारी निवेश करने की योजना की बुधवार को घोषणा की। कंपनी का मकसद कृत्रिम मेधा (एआई) संचालित डिजिटलीकरण, निर्यात वृद्धि और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करना है। अमेजन ने यह घोषणा माइक्रोसॉफ्ट द्वारा भारत में 2030 तक डेटा सेंटर, एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिज्ञा जताने के एक दिन की है। इससे पहले गूगल ने पांच वर्षों में एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

● गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के बाद ई-कॉमर्स कंपनी ने की घोषणा

अमेज़न ने कहा कि 2030 तक कृत्रिम मेधा और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में उसके निवेश से भारत में अतिरिक्त 10 करोड़ नौकरियां उत्पन्न करने में मदद मिलेगी। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन.वॉलमार्ट समर्थित फ्लिपकार्ट के साथ मुकेश अंबानी की घरेलू कंपनियों और इटर्नल लिमिटेड की ब्लिंक्ट, स्विगी लिमिटेड की इंस्टामार्ट एवं जेप्टो जैसी तुरंत डिलीवरी करने वाली कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए निवेश बढ़ा रही है।

# एडीबी ने किया भारत के वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.5 से बढ़ाकर 7.2% कर दिया। इसकी प्रमुख वजह हाल में जीएसटी दरों में कटौती से घरेलू खपत को मिली मजबूती है।

भारतीय अर्थव्यवस्था की यह तेज रफ्तार एशिया को भी तेजी से बढ़ने में मदद करेगी, जो इस साल 4.8% के पिछले अनुमान के मुकाबले अब 5.1% की दर से बढ़ सकती है। एडीबी की दिसंबर के लिए जारी एशिया विकास परिदृश्य रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2025 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को 7.2% कर दिया गया है, जो दूसरी तिमाही में अपेक्षा से अधिक मजबूत विस्तार को दर्शाता है। कर में कटौतियों ने खपत को मजबूती दी। सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था 8.2% की दर से बढ़ी, जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे अधिक है। पहली तिमाही में यह 7.8% थी। इस तरह चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारत 8% की वृद्धि दर हासिल कर चुका है।



● जीएसटी दरों में कटौती से घरेलू खपत को मिली मजबूती को देखते हुए एशियाई बैंक ने लिया निर्णय

एडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक, यह मजबूत वृद्धि आपूर्ति पक्ष में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के मजबूत विस्तार और मांग पक्ष में खपत एवं निवेश की वृद्धि के कारण हुई है। हालांकि मनीला स्थित इस बहुपक्षीय विकास बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने अनुमान को 6.5% पर बरकरार रखा है।



# सीईसी समिति को लेकर मोदी पर भरोसा क्यों नहीं

## चुनाव सुधारों पर लोस में चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में हुई नोकझोंक, वेणुगोपाल की टिप्पणी का भाजपा ने दिया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर रखने पर बुधवार को सरकार को आड़े हाथ लिया, जिस पर भाजपा से रविशंकर प्रसाद ने कहा कि जब प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार पर न्यूक्लियर बटन का भरोसा किया जा सकता है, तो इन नियुक्तियों के समय ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता।

चुनाव सुधारों पर लोकसभा में चर्चा में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस के वेणुगोपाल ने दावा किया कि हाल के वर्षों में निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया था कि निष्पक्ष चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग का तटस्थ होना जरूरी है। सरकार ने इसके उलट किया और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) एवं निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) के चयन की समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर कर दिया। कानून मंत्री को इस पर जवाब देना चाहिए।



शीतकालीन सत्र के दौरान लोसभा में भाषण देते भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद।

इस पर पूर्व कानून मंत्री और भाजपा सांसद प्रसाद ने कहा कि जब प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकार पर न्यूक्लियर बटन का भरोसा किया जा सकता है, तो एक अच्छे सीईसी या ईसी को चुनते समय ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता। जब संसद ने अपनी समझ से चयन समिति के संबंध में कानून पारित किया है, जिसमें प्रधान न्यायाधीश को शामिल नहीं किया गया है, तो न्यायपालिका को हर चीज़ में क्यों शामिल किया जाना चाहिए। प्रसाद ने दावा किया कि वेणुगोपाल भी इस बात से सहमत थे कि उच्चतम न्यायालय की पीठ द्वारा प्रस्तावित चयन समिति सिर्फ एक अंतरिम व्यवस्था थी। भाजपा नेता का न्यूक्लियर बटन से संकेत देश द्वारा अत्यंत असामान्य स्थिति में परमाणु हथियार चलाने की अनुमति देने के निर्णय से था।

### प्रधानमंत्री ईवीएम नहीं, दिलों को हैक करते हैं : कंगना



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद कंगना रनौत ने वोट चोरी के आरोपों को लेकर बुधवार को कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ईवीएम 'हैक' नहीं करते, बल्कि वह लोगों के दिलों को 'हैक' करते हैं। उन्होंने चुनाव सुधार पर लोकसभा में चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष पर आरोप लगाया कि उसने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे को लेकर पिछले एक साल से सदन में हंगामा किया। भाजपा सांसद ने चर्चा में एक दिन पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दिए वक्तव्य का हवाला दिया और उन पर तंज कसा। रनौत ने यह भी कहा राहुल के भाषण के दौरान विपक्ष ने सदन में एक विदेशी महिला की तस्वीर प्रदर्शित कर यहां उसका मुद्दा बनाया, जबकि उन्होंने (महिला) सोशल मीडिया पर कई बार कहा है कि वह कभी भारत नहीं गई हैं और उनका हरियाणा से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन फिर भी इन लोगों ने बिना किसी सबूत के और बिना अनुमति के उनकी यहां तस्वीर उछाली...। उनका इशारा एक ब्राजीलियाई महिला की ओर था, जिनका नाम हरियाणा की मतदाता सूची में होने का नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया था। भाजपा सांसद ने कहा कि सबसे पहले इस सदन की तरफ से उन महिला से मैं माफी मांगती हूं। आजकल व्यक्तित्व अधिकार (के हनन) का भी बहुत बड़ा अपराध होता है। उसके बावजूद उनका यहां फोटो इस्तेमाल किया गया। उन्होंने वोट चोरी के आरोपों पर कहा कि कांग्रेस के लोग शायद यह समझ नहीं पा रहे हैं कि प्रधानमंत्री ईवीएम हैक नहीं करते, बल्कि लोगों के दिलों को हैक करते हैं।

# दिल्ली दंगे : उमर व शरजील की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों से संबंधित यूएपीए मामले में उमर खालिद, शरजील इमाम व अन्य आरोपियों की जमानत पर फैसला बुधवार को सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता, अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल एस.वी. राजू और अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, अभिषेक सिंघवी, सिद्धार्थ दवे, सलमान खुर्शीद और सिद्धार्थ लूथरा की दलीलें सुनीं।

दिल्ली पुलिस ने आरोपियों की जमानत याचिकाओं का कड़ा विरोध करते हुए कहा था कि फरवरी 2020 में दंगे अचानक नहीं हुए थे बल्कि भारत की संप्रभुता पर हमला करने के लिए पूर्व नियोजित तरीके से इन्हें अंजाम दिया गया था। उमर, शरजील और अन्य आरोपियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम, 1967 और तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# संसद सत्र बीच में छोड़कर विदेश गए राहुल : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संसद सत्र के बीच में ही विदेश जाने को लेकर भाजपा ने आरोप लगाया कि यह उनकी आदत है। इस पर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आधा समय विदेश में ही रहते हैं तो राहुल गांधी की यात्रा पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं।

भाजपा ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर हमलावर होते हुए शीतकालीन सत्र के बीच में विदेश जाने पर सवाल उठाते हुए देश के महत्वपूर्ण मुद्दों के समय गायब रहने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने भाजपा मुख्यालय में गांधी पर आरोप लगाया कि ऐसा करना उनकी आदत है। 3 महीनों में गांधी कई बार देश के बाहर उस समय गए जब उपराष्ट्रपति चुनाव होने के लिए राजनीतिक पार्टियां मंथन में जुटी थीं। गांधी संभवतः उस समय मलेशिया में थे। इससे पहले गांधी बिहार चुनाव की घोषणा होने और दशहरा के समय दक्षिणी अमेरिका में थे। नेता विपक्ष श्री गांधी के ऐसे समय गायब होने की जानकारी क्यों नहीं साझा की जाती है, क्या वह किसी आधिकारिक या अनाधिकारिक यात्रा पर जाते हैं। राहुल गांधी के जर्मनी दौरे पर भाजपा केसवाल पलटवार करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री अपना आधा कामकाजी समय विदेश में बिताते हैं तो फिर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की यात्रा पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी का दौरा करेंगे, जहां वह भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के साथ ही जर्मन सरकार के कुछ मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे।

● प्रधानमंत्री आधा समय विदेश में बिताते हैं, फिर राहुल की यात्रा पर सवाल क्यों: प्रियंका गांधी

# लूथरा बंधुओं की जमानत पर सुनवाई आज

## नाइट क्लब अग्निकांड

नई दिल्ली, एजेंसी

गोवा के बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा बुधवार को दिल्ली की अदालत से अंतरिम राहत पाने में असफल रहे, जिसने उनकी ट्रांजिट अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई अगले दिन के लिए स्थगित कर दी। आरोपियों की ट्रांजिट अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहीं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना ने गोवा से जवाब मांगा और अगली सुनवाई बृहस्पतिवार के लिए तय की।

**गोवा पुलिस को अजय गुप्ता की 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड मिली :** दिल्ली की अदालत ने गोवा पुलिस को नाइट क्लब के सह मालिक अजय गुप्ता की 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड की अनुमति दे दी। गुप्ता को पूछताछ के लिए दिल्ली में हिरासत में लिया गया था। गोवा पुलिस ने गुप्ता को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद जोशी के समक्ष पेश किया और उनकी ट्रांजिट रिमांड मांगी। इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान के कारण जारी हवाई यात्रा संकट को देखते हुए अदालत ने 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड मंजूर की।

### अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाले प्रतिष्ठानों का लाइसेंस रद्द होगा : सावंत

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को कहा कि अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाले पर्यटन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। छह दिसंबर की रात एक नाइटक्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत के बाद सावंत ने उत्तर और दक्षिण गोवा जिला प्रशासन, पुलिस और पर्यटन से जुड़े हितधारकों के साथ उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक क्रिसमस और नए साल के उत्सवों से पहले कड़े सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के लिए हुई। राज्य के पर्यटन मंत्री रोहन खुंटे भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद सावंत ने कहा कि सरकार द्वारा गठित अग्नि सुरक्षा ऑडिट समिति विभिन्न पर्यटन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने पहुंच चुकी है और वह निरीक्षण पूरा होने पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

# वीर सावरकर पुरस्कार न लूंगा और न समारोह में जाउंगा : शशि थरूर

तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली, एजेंसी

शशि थरूर ने बुधवार को स्पष्ट किया कि वह वीर सावरकर के नाम पर दिए जाने वाले किसी भी पुरस्कार को स्वीकार नहीं करेंगे और न ही इससे संबंधित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, कांग्रेस नेता के. मुरलीधरन ने थरूर से आग्रह किया कि वह सावरकर से सम्मान को स्वीकार न करें और दावा किया सावरकर अंग्रेजों के सामने झुक गए थे।

तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने कहा कि आयोजकों द्वारा पुरस्कार लेने पर मेरी सहमति के बिना मेरे नाम की घोषणा करना गैरजिम्मेदाराना है। इससे पहले कांग्रेस नेता के. मुरलीधरन ने कहा कि शशि थरूर समेत पार्टी के किसी भी सदस्य को वीर सावरकर के नाम पर पुरस्कार स्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि वह अंग्रेजों के सामने झुक गए थे।

● कांग्रेस नेता बोले- मेरी सहमति के बिना मेरे नाम की घोषणा करना गैरजिम्मेदाराना

उन्हें विश्वास नहीं होता कि थरूर यह पुरस्कार स्वीकार करेंगे क्योंकि ऐसा करना कांग्रेस का अपमान की बात होगी। थरूर ने दिल्ली में कहा कि उन्हें इस पुरस्कार के बारे में मंगलवार को ही पता चला और वे समारोह में शामिल होने नहीं जा रहे हैं।

# न्यायपालिका को बदनाम करने की कोशिश न करें

नयी दिल्ली, एजेंसी

पूर्व न्यायाधीशों के समूह ने रोहिंग्या प्रवासियों से संबंधित सुनवाई के दौरान भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की हाल की टिप्पणियों के मद्देनजर उन्हें निशाना बनाकर चलाई जा रही सोची-समझी मुहिम की बुधवार को कड़ी आलोचना की। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के 44 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने कहा कि न्यायपालिका को बदनाम करने या प्रधान न्यायाधीश पर राजनीतिक मंशा थोपने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे संवैधानिक संस्थानों में जनता का विश्वास और न्यायालय की स्वतंत्रता कमजोर हो रही है।

पूर्व न्यायाधीशों ने 'उच्चतम न्यायालय का अनादर अस्वीकार्य है' शीर्षक वाले बयान में कहा कि न्यायिक कार्यवाही केवल निष्पक्ष और तर्कसंगत आलोचना के अधीन होनी चाहिए। हम जो देख रहे हैं वह सैद्धांतिक असहमति नहीं है, बल्कि एक सामान्य अदालती कार्यवाही को पूर्वाग्रह का कृत्य बताकर न्यायपालिका को बदनाम करने का प्रयास है।

● पूर्व जजों ने की रोहिंग्याओं पर की गई टिप्पणी के लिए सीजेआई के खिलाफ अभियान की निंदा

पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश पर सबसे बुनियादी कानूनी सवाल पूछने के लिए निशाना साधा जा रहा है। पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि आलोचकों ने पीठ की टिप्पणियों के एक महत्वपूर्ण हिस्से को भी नजरअंदाज कर दिया, जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि भारतीय धरती पर किसी भी व्यक्ति को, चाहे वह नागरिक हो या विदेशी नागरिक, यातना, गुमशुदगी या अमानवीय व्यवहार का शिकार नहीं बनाया जा सकता है।

दो दिसंबर को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने मानवाधिकार कार्यकर्ता रीता मनचंदा द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर तीखी टिप्पणी की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि कुछ रोहिंग्या हिरासत से लापता हो गए हैं। प्रधान न्यायाधीश ने पूछा कि यदि कोई घुसपैठिया आता है, तो क्या हम उसका लाल कालीन बिछाकर स्वागत करते हैं और कहते हैं कि हम उसे सभी सुविधाएं देना चाहते हैं? उन्हें वापस भेजने में क्या समस्या है?

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिकी विवि में चली गोली, छात्र की मौत

**फ्रैंकफर्ट।** अमेरिका की केंटकी स्टेट यूनिवर्सिटी के एक आवासीय हॉल में मंगलवार को हुई गोलीबारी में कम से कम एक छात्र की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध स्कूल का छात्र नहीं है और उसे हिरासत में ले लिया गया है। फ्रैंकफर्ट के सहायक पुलिस प्रमुख स्कॉट ट्रेसी ने मंगलवार शाम को बताया कि दोपहर करीब तीन बजे हुई गोलीबारी का संदिग्ध केंटकी स्टेट का छात्र नहीं है। ट्रेसी ने बताया कि पुलिस ने गोलीबारी पर तुरंत कार्रवाई की। फ्रैंकफर्ट पुलिस का मानना है कि परिसर में सुरक्षा को लेकर इस समय कोई गंभीर चिंता नहीं है।

### भारतीय मूल के व्यक्ति को 25 साल की सजा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में एक समुद्र तट पर 24 वर्षीय महिला की हत्या के मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को 25 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। एबीसी न्यूज ने मंगलवार को अपनी खबर में बताया कि केर्न्स स्थित उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पूर्व नर्स राजविंदर सिंह (41) को टोया कॉर्डिंगली की हत्या का दोषी पाया। खबर के मुताबिक न्यायमूर्ति लिंकन क्रॉली ने कहा कि महिला की हत्या के पीछे राजविंदर सिंह का मकसद अज्ञात था। द गार्जियन ने बताया कि राजविंदर सिंह ने 21 अक्टूबर 2018 को केर्न्स के उत्तर में वांगेट्टी बीच पर कुत्ते को टहला रही कॉर्डिंगली की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद सिंह भारत चला गया था।

### सूडान में ड्रोन हमले में दर्जनों लोगों की मौत

**जुबा।** सूडान के सशस्त्र बलों द्वारा मंगलवार शाम को देश की सबसे बड़ी तेल प्रसंस्करण ईकाई के पास किए गए ड्रोन हमले में दर्जनों लोगों की मौत हो गयी। 2023 से सूडान की सेना से लड़ रही आरएसएफ ने बताया कि दक्षिण सूडान की सीमा के पास हेगलिग स्थित तेल क्षेत्र पर उसके कब्जा करने के एक दिन बाद यह हमला हुआ। मृतकों और घायलों की सटीक संख्या की तुरंत पुष्टि नहीं की जा सकती। सात आदिवासी नेता और आरएसएफ के दर्जनों लड़ाके मारे गए हैं।

### मचाडो शांति पुरस्कार समारोह में नहीं जाएंगी

ओस्लो। नोबेल संस्थान के प्रमुख ने कहा है कि शांति पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना मचाडो बुधवार को ओस्लो में होने वाले पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं होंगी। मचाडो आखिरी बार 11 महीने पहले एक सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखाई दी थीं। संस्थान के निदेशक क्रिस्टियन बर्ग हार्पविकेन ने बताया कि वेनेजुएला की विपक्षी नेता समारोह के दिन नॉर्वे की राजधानी में मौजूद नहीं हैं।

# ऑस्ट्रेलिया में किशोरों पर लागू हुआ सोशल मीडिया प्रतिबंध

- प्रधानमंत्री अल्बनीज ने कहा- जिंदगियां बदल देगा यह सुधार

मेलबर्न, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध बुधवार से प्रभावी हो गया है और देश के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने दुनिया में इस तरह के पहले सोशल मीडिया प्रतिबंध का स्वागत किया है।

हालांकि अल्बनीज ने आगाह किया कि कार्यान्वयन कठिन हो सकता है। अल्बनीज ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (एबीसी) को बताया कि आज वो दिन है जब ऑस्ट्रेलिया के परिवार इन बड़ी तकनीकी कंपनियों से अधिकार वापस ले रहे हैं और बच्चों के बच्चे होने के अधिकार और माता-पिता के मानसिक शांति के अधिकार पर जोर दे रहे हैं। अल्बनीज ने बाद में सिडनी में सुधार समर्थकों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह सुधार जिंदगियां बदल देगा। ऑस्ट्रेलियाई बच्चों के लिए... उन्हें अपना बचपन जीने का मौका देगा। ऑस्ट्रेलिया के माता-पिता के लिए, उन्हें अधिक मानसिक शांति प्रदान करेगा जो हमारी ओर देख रहे हैं।

## पायलट ड्यूटी के नए नियम

# आसमान में उथल-पुथल

भारत में पायलटों के लिए ड्यूटी और विश्राम के नियमों में बड़े बदलाव लागू होने के बाद पूरे विमानन क्षेत्र में हलचल मच गई है। नए नियम जहां विमानों, यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम माने जा रहे हैं, वहीं अन्य देशों से उन्हें कुछ ज्यादा सख्त बताया जा रहा है। नियमों का तुरंत असर विशेषकर इंडिगो जैसी बड़ी एयरलाइन पर स्पष्ट दिखाई दिया, जिसने सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दीं। अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि पायलटों के लिए नए उड़ान ड्यूटी नियम अन्य देशों की तुलना में कार्यावधि को सीमित करने वाले प्रतीत होते हैं लेकिन स्थिति सामान्य होने में समय लगेगा। आइए जानते हैं पुराने नियम क्या थे, नए नियम कैसे बदले, दुनिया में क्या मानक हैं और भारत में विमानन नियामक डीजीसीए का क्या रुख है।




### दुनिया के अन्य देशों में नियम

अमेरिका, यूरोप और अन्य उन्नत विमानन बाजारों में पायलटों के लिए सख्त नियम पहले से लागू हैं। आईसीएओ भी सदस्य देशों को पायलटों की थकान को प्राथमिकता देने की सलाह देता रहा है। भारत के नए नियम अब वैश्विक मानकों से काफी हद तक मेल खाते हैं।

### ड्यूटी के पुराने नियम

पुराने विमानन नियमों के अनुसार भारत में पायलट को 36 घंटे का साप्ताहिक आराम मिलता था और रात की ड्यूटी 5 बजे तक ही थी यह ढांचा अंतर्राष्ट्रीय मानकों से कम सख्त माना जाता था।

### नए नियम में यह हुए बदलाव

डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने 2025 में मौजूदा नियमों को पूरी तरह संशोधित कर दिया। सबसे अहम बदलावों में साप्ताहिक रेस्ट 36 से 48 घंटे, दो स्थानीय रातों के साथ कर दिया गया। नाइट ड्यूटी में भी बदलाव किया गया। रात की उड़ान अधिकतम 8 घंटे फ्लाइट टाइम, 10 घंटे ड्यूटी कर दिया गया। एक पायलट के लिए केवल 2 नाइट लैंडिंग कर दी गई जबकि पहले 6 तक अनुमति थी। एयरलाइंस को अब क्रू थकावट पर अनिवार्य रिपोर्टिंग करना होता है।

### डीजीसीए ने कहा-सुरक्षा पहले

डीजीसीए का रुख साफ है। उसका कहना है कि नए नियम सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। पायलट थकावट एक गंभीर खतरा है। हालांकि अचानक संकट को देखते हुए नियामक ने इंडिगो सहित कुछ ऑपरेटरों को अस्थायी राहत/छूट दी, ताकि उड़ान संचालन सामान्य हो सके। साथ ही डीजीसीए ने स्पष्ट किया कि यह छूट अस्थायी है और सुरक्षा पर किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

### क्यों बिगड़ा हाल? उड़ानें रद्द होने का कारण

नए नियम लागू होने के तुरंत बाद कई एयरलाइंस, सबसे अधिक इंडिगो अपने रोस्टर को नए मानकों के अनुसार समायोजित नहीं कर पाईं। जिससे पायलट/केबिन क्रू की उपलब्धता अचानक कम हो गई। नाइट लैंडिंग और नाइट ड्यूटी सीमा से शेड्यूलिंग बाधित हुई। एयरलाइंस ने डीजीसीए को बताया कि नए नियम से तकनीकी दिक्कतें आईं जिससे हवाईअड्डों पर भीड़ हो गई। परिचालन में बाधा देश भर में महसूस की गई।

### अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की चिंता

भारत द्वारा एक एयरलाइन को ड्यूटी नियमों में छूट देने पर वैश्विक पायलट संघों ने सुरक्षा संबंधी चिंता जताई। उनका कहना है कि थकावट-रोधी नियमों में छूट देना लंबी अवधि में जोखिम पैदा कर सकता है। भारत के नए पायलट ड्यूटी नियम सुरक्षा की दृष्टि से एक सकारात्मक और आवश्यक बदलाव हैं। लेकिन अचानक परिवर्तन और सभी एयरलाइंस की तैयारियों में अंतर के कारण इसका असर सीधे उड़ान संचालन पर पड़ा। अगले कुछ महीनों में यह साफ हो जाएगा।

# भारत की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देगा इटली : तजानी

## उप प्रधानमंत्री बोले-आर्थिक संबंधों की मजबूती को बढ़ाएंगे औद्योगिक सहयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि भारत की वृद्धि में इटली महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए औद्योगिक सहयोग, संयुक्त उद्यम एवं सह-विकास परियोजनाओं को मजबूत करने पर विचार कर रहा है। ताजानी अमेरिका की शुल्क नीतियों के मद्देनजर दुनिया भर में व्यापार संबंधों के पुनर्गठन की पृष्ठभूमि में दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। उनके पास विदेश मंत्रालय का प्रभार भी है।

उप प्रधानमंत्री ने कहा कि इतालवी विदेश मंत्रालय ने स्थानीय बाजार में प्रवेश करने और संयुक्त उद्यम बनाने वाली इतालवी कंपनियों का समर्थन करने के लिए भारत के लिए 50 करोड़ यूरो की एक समर्पित वित्तपोषण सुविधा (लाइन) शुरू की है। उन्होंने कहा कि अपनी इस यात्रा के माध्यम से मैं भारत में इटली की और इटली में भारत की मौजूदगी बढ़ाना चाहता हूं। भारत एक विशाल बाजार है, एक तेजी से विकसित होती आर्थिक शक्ति है। बुनियादी ढांचे से लेकर नई प्रौद्योगिकियों तक, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं से लेकर अंतरिक्ष तक विभिन्न क्षेत्रों में इसकी उल्लेखनीय उपलब्धियां हैं।



नई दिल्ली में इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी व सीओएनआई के अध्यक्ष लुसियानों के साथ केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा।

मंत्री ने कहा कि इतालवी कंपनियां इस असाधारण अवसरों से भरपूर देश में तेजी से रुचि दिखा रही हैं। मेरा मुख्य लक्ष्य उन्हें महत्वाकांक्षी और ठोस परिणाम प्राप्त करने में मदद करना है। ताजानी ने भारत को प्राथमिकता वाला देश बताया और उसे इटली का लंबे समय से भरोसेमंद मित्र करार दिया। उन्होंने कहा कि भारत प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर एक रणनीतिक साझेदार है और अर्थव्यवस्था, व्यापार, निवेश एवं नवाचार के क्षेत्रों में एक विशेषाधिकार प्राप्त वार्ताकार है। इटली, भारत का यूरोप में एक प्रमुख साझेदार है और पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष नवंबर में दोनों पक्षों ने रक्षा, व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा एवं संपर्क जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विशिष्ट पहलों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एक महत्वाकांक्षी पांच वर्षीय रणनीतिक कार्य योजना पेश की थी। दोनों देशों के बीच वर्तमान में वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार करीब 14 अरब यूरो है और दोनों पक्ष एक मजबूत व्यापार ढांचे के तहत इसे बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत हैं। उप प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने हाल ही में इतालवी विशेषज्ञता को विश्व स्तर पर बढ़ावा देने के लिए एक निर्यात योजना भी शुरू की है और भारत रणनीतिक रूप से हमारी प्राथमिकता वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में 50 करोड़ यूरो का अतिरिक्त इतालवी निवेश हमारी कंपनियों की प्रतिबद्धता का एक ठोस संकेत है। उप प्रधानमंत्री ने कहा कि इटली की निर्यात ऋण एजेंसी ने पहले से जारी की गई दो अरब यूरो से अधिक की गारंटी के अतिरिक्त, स्थानीय मुद्रा में देश में अपना निवेश करीब 20 करोड़ यूरो तक बढ़ा दिया है। ताजानी ने कहा कि इटली न केवल अधिक निर्यात करना चाहता है बल्कि औद्योगिक सहयोग, संयुक्त उद्यम, सह-विकास और सह-उत्पादन परियोजनाओं को बढ़ाने का भी लक्ष्य रखता है।

### व्यापार और निवेश को करेंगे संतुलित

तजानी ने कहा कि हम भारत से इटली सहित अपने व्यापार एवं निवेश लेन-देन को बढ़ा और संतुलित कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि हम एक स्थिर देश हैं। यूरोप में दूसरे सबसे बड़े विनिर्माता हैं और हम भारतीय उद्योग एवं विनिर्माण विशेष रूप से मशीनरी व उद्योग की वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। ताजानी ने कहा कि इतालवी कंपनियां डिजाइन से लेकर उन्नत विनिर्माण तक, कृषि मशीनरी से लेकर रक्षा उद्योग और कई अत्याधुनिक क्षेत्रों में अग्रणी हैं।

# यूक्रेन-रूस शांति समझौते में यूरोप की भूमिका अहम

**रोम।** पोप लियो 14वें ने कहा कि यूक्रेन शांति समझौते में यूरोप की भूमिका अनिवार्य है और उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन की उस कोशिश की आलोचना की जिसका उद्देश्य लंबे समय से बरकरार अमेरिका-यूरोप गठबंधन को तोड़ना है। लियो यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। जेलेंस्की कीव के लिए यूरोपीय समर्थन जुटाने के मकसद से एक बार फिर दौरे पर हैं। अमेरिकी पोप ने कहा कि इस मुलाकात के दौरान युद्धविराम की जरूरत और रूसी अधिकारियों द्वारा ले जाए गए यूक्रेनी बच्चों की वापसी में वेटिकन की मध्यस्थता के प्रयासों पर चर्चा हुई।

पोप से अमेरिकी शांति प्रस्ताव और वार्ता प्रक्रिया में यूरोपीय शक्तियों को किनारे किए जाने के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि किसी भी समझौते में यूरोप की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यूरोप को बातचीत में शामिल किए बिना शांति समझौता करना अव्यावहारिक है क्योंकि युद्ध यूरोप में ही चल रहा है। आज और भविष्य की सुरक्षा के लिए भी गारंटियों की तलाश की जा रही है। यूरोप को इसका हिस्सा होना चाहिए और दुर्भाग्य से हर कोई इसे नहीं समझता, लेकिन मुझे लगता है कि यूरोपीय नेताओं के एकजुट होकर समाधान खोजने का यह बड़ा अवसर है। पोप से अमेरिका की शांति योजना पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने यह टिप्पणी की।

# भारत में नए उड़ान नियम कार्यावधि को घटाने वाले : वॉल्श

- आईएटीए प्रमुख बोले-विमान सुरक्षा नियामक की जिम्मेदारी

जिनेवा, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि पायलटों के लिए नए उड़ान ड्यूटी नियम अन्य देशों की तुलना में कार्यावधि को सीमित करने वाले प्रतीत होते हैं और स्थिति सामान्य होने में समय लगेगा। भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के समक्ष पिछले एक सप्ताह में पेश हुई परिचालन संबंधी बाधाओं की पृष्ठभूमि में वॉल्श ने यह बात कही है। इन व्यवधानों के कारण इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें रद्द की गईं और हजारों यात्री प्रभावित हुए।

वॉल्श ने कहा कि भारत के नए नियम अन्य देशों के नियमों की तुलना में (कार्यावधि को) सीमित करने वाले प्रतीत होते हैं लेकिन मुझे लगता है कि आपको हमेशा यह स्वीकार करना होगा कि नियामकों की यह जिम्मेदारी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उद्योग सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ये बदलाव सही कारणों से लागू किए गए हैं। अब बस कुछ समय की बात है जब सब कुछ सामान्य हो जाएगा। जेनेवा में एक मीडिया गोलमेज सम्मेलन में वॉल्श ने यह भी कहा कि पायलट की थकान के मानदंड एक ऐसा मुद्दा है जिस पर यूरोप और अमेरिका में हर समय




बहस होती रहती है। वॉल्श ने कहा कि भारत ने निर्णय लिया है कि वे उपाय करना चाहते हैं। खासतौर पर रात्रिकालीन परिचालनों के दौरान संभावित थकान को दूर करने के लिए, जिसका स्वाभाविक रूप से कम लागत वाली विमानन कंपनियों पर अधिक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि उनका व्यवसाय मॉडल ऐसा है... यह निराशाजनक है कि इस बदलाव के परिणामस्वरूप इतने यात्री प्रभावित हुए हैं। आईएटीएकरीब 360 विमानन कंपनियों का एक वैश्विक समूह है जो वैश्विक हवाई यातायात के 80 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करती हैं। आईएटीए के सदस्यों में एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट शामिल हैं। अन्य पहलुओं के अलावा, उड़ान ड्यूटी समयसीमा मानदंडों के दूसरे चरण ने पायलट द्वारा रात में की जाने वाली लैंडिंग की संख्या को सीमित कर दिया।

# दो चीनी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट

- 1000 करोड़ रुपये के टोकन घोटाले में सीबीआई की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एचपीजेड टोकन निवेश धोखाधड़ी घोटाले के सिलसिले में दो चीनी नागरिकों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है, जिसमें कोरोनाकाल के दौरान फर्जी कंपनियों के जरिये लोगों से 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी किए जाने का आरोप है।

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि चीनी नागरिकों के स्वामित्व एवं नियंत्रण वाली कंपनी 'शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड' ने कोविड लॉकडाउन के दौरान




'एचपीजेड टोकन' नाम के एक फर्जी मोबाइल एप का इस्तेमाल करके लोगों के साथ ठगी की।

जांच एजेंसी ने कहा कि आरोपियों ने यह दावा करते हुए लोगों को निवेश के लिए प्रोत्साहित किया कि उक्त रकम का इस्तेमाल 'क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग' में किया जाएगा, जिससे काफी उच्च रिटर्न हासिल होगा। सीबीआई की जांच में पता चला कि यह कोई छुटपुट घटना नहीं थी, बल्कि विदेशी नागरिकों द्वारा संचालित एक बड़े, सुनियोजित साइबर अपराध गिरोह से जुड़ी हुई थी। जांच एजेंसी ने पाया कि यह गिरोह कोविड-19 के बाद के दौर में भारतीय नागरिकों को निशाना बनाकर की गई कई साइबर धोखाधड़ी के लिए जिम्मेदार था, जिनमें कर्ज देने वाले एप, फर्जी निवेश एप और ऑनलाइन नौकरी की फर्जी पेशकश करने वाले मंचों का इस्तेमाल किया गया था।

# चंद्रयान की खोज ने चांद और मंगल मिशन तैयारियों को दी नई दिशा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** चंद्रयान-3 द्वारा चांद पर उच्चस्तरीय तापमान और सक्रिय विद्युत वातावरण ने चंद्रमा और मंगल पर बस्ती बसाने के इरादों की दिशा बदल दी है। साथ ही नई सोच विकसित करने के लिए मजबूर कर दिया है। अब वैज्ञानिकों को चांद के वातावरण के अनुकूल इंसान को ढालने के लिए नए उपाय तलाशने होंगे।

हमारे नजदीक होने के कारण चंद्रमा ही एकमात्र ऐसा उपग्रह है, जो हमें दूसरे ग्रहों पर इंसान को ले जाने वाली अंतरिक्ष योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए सहयोगी के रूप में बेहद मददगार साबित हो सकता है। चंद्रमा पर आगामी मिशन चलाने वाली स्पेस एजेंसियों में नासा, ईसा और चायना समेत इसरो प्रमुख हैं, जिनमें सर्वाधिक सक्रिय अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा है, जो आर्टेमिस मिशन के जरिए सबसे पहले चांद पर मानव दल पहुंचाना चाहता है और मंगल पर पहुंचने से पहले चांद को अपना पड़ाव बनाना चाहता है। मगर इसरो की नई खोज से आर्टेमिस मिशन में विलंब तो होगा। साथ ही, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर तीन हजार केल्विन से अधिक तापमान में खुद को जिंदा



- चांद के अनुकूल इंसान को ढालने को नए उपाय तलाशने होंगे

रखने के लिए उपाय तलाशने होंगे। इसके अलावा चंद्रमा प र सक्रिय विद्युत वातावरण में रह पाना भी बड़ी समस्या चंद्रयान-3 के जरिए सामने आई है। दरअसल, माना जाता था कि चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव ठंडा है और तापमान शून्य से नीचे रहता है। लिहाजा इंसान के ठहरने के लिए चांद का दक्षिणी ध्रुव माकूल जगह हो सकती थी। मगर अब यह धारण बदल चुकी है। अब वैज्ञानिकों को सक्रिय विद्युत वातावरण से संचार और नेविगेशन में बदलाव करना होगा। वहां मौजूद प्लाज्मा रेडियो तरंगों में व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। अब उन्नत एंटीना और फ्रीक्वेंसी-एडाप्टिव सिस्टम नए तरीके से डिजाइन करने होंगे और रेडिएशन शील्डिंग व प्लाज्मा रेसिस्टेंट मटेरियल्स उपयोग में लाना होगा ताकि चन्द्रमा पर मौजूद रेडिएशन से बचा जा सके।

### चांद पर पहुंचने के लिए अहम है खोज


आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे के अनुसार, दूसरे ग्रहों पर मानव मिशन को सफल बनाने के लिए चंद्रमा की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। वैज्ञानिक मंगल पर जीवन की प्रबल संभावनाओं को लेकर आश्वस्त है। मंगल का रास्ता चंद्रमा से होकर जाता है जिस कारण चन्द्रमा को एक डिपो के रूप में तैयार करने की योजना दुनियाभर के वैज्ञानिकों की है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 दिसंबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 13 .56 तक तत्पश्चात अष्टमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-पूर्वाफाल्गुनी 12 दिसंबर 03 .55 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** — आज आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। ऑनलाइन कार्यों से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। आपकी व्यवहार कुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे। उधार के लेन-देन में आपको लाभ मिलेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**वृष** — आज जोखिम भरे निवेश करने से पहले जानकारी लेलें। व्यापार में आपको एक से अधिक अवसर मिल सकते हैं। आपको त्वरित निर्णय नहीं लेने चाहिए। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा।

**मिथुन** — आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हो सकते हैं। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच अति उत्तम समय व्यतीत करेंगे।

**कर्क** — आज दूसरों की सहायता करने से आपको सुकून मिलेगा, किंतु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रहें। कोई शुभ समाचार आपका दिन बना देगा। घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। परोपकार के कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**सिंह** — आज दांपत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी। विदेश यात्रा में परेशानी होने की संभावना है। आपकी वाणी में सौम्यता आपको परिवार में विशेष सम्मान का हकदार बनाएगी। आपके रुके हुए कार्य संपन्न होंगे।

**कन्या** — आज व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपको कोई बड़ा और विशेष कार्य आरंभ नहीं करना चाहिए। नाक, कान और गला संबंधी समस्या हो सकती है।

**तुला** — आज पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। विद्यार्थी अपनी रणनीति में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। स्वजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** — आज आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है। आपको किसी को वचन नहीं देना चाहिए। संपत्ति के विक्रय की योजना बनाएंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है।

**धनु** — आज मस्तिष्क में नई योजनाओं का प्रवाह बढ़ता जाएगा। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पिता की बातें बुरी लग सकती हैं। रियल एस्टेट से जुड़े मामलों में सावधानी रखें। गुप्त शत्रु आपके खिलाफ भावनाएं भड़का सकते हैं।

**मकर** — आज गृहकार्यों में अत्यधिक व्यस्त रहने वाले हैं। व्यापारिक डील में हानि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा परिवर्तन करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियंत्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज सभी कार्य शांतिपूर्ण तरीके से होंगे। कहीं दूर की यात्रा का विचार बना सकते हैं। मनोरंजन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और भाईचारा बनाकर रखें। खानपान में आप परिवर्तन कर सकते हैं।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आप अत्यंत प्रसन्न रहने वाले हैं। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

## सुडोकू -187

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 | | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | | | | | |
| | 5 | | | | | | | |
| | | | | | 7 | 3 | | |
| | | 3 | | | | | | |
| | | 1 | 5 | | | | | |

### सुडोकू - 186 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 9 | 8 | 4 | 5 | 2 | 6 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 3 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 6 | 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 7 | 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 1 | 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 |



मुझे नहीं लगता कि क्रिकेट से ज्यादा मैं किसी चीज से प्यार करती हूं। भारतीय जर्सी पहनना हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है। आप अपनी सारी परेशानियां एक तरफ रख देते हैं और सिर्फ यही आपको जीवन पर ध्यान लगाने में मदद करता है।
–स्मृति मंधाना


# स्टेडियम

अयोध्या, गुरुवार, 11 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


हाईलाइट

### मेसी को एमएलएस में दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया

**फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)।** इंटर मियामी के स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में लगातार दूसरी बार साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अर्जेंटीना के इस 38 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन से उनकी टीम इंटर मियामी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार हासिल करने में सफल रही। एमएलएस कप चैंपियन टीम के कप्तान मेसी एमएलएस के इतिहास में लगातार दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (एमवीपी) का खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मंगलवार को उन्हें लीग के इस साल के सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान का विजेता घोषित किया गया। मेसी ने अपने साथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके बिना यह पुरस्कार जीतना संभव नहीं था। वह लीग के इतिहास में दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल करने वाले दूसरे खिलाड़ी भी बन गए हैं।

### भारत ने स्विट्जरलैंड को 4-0 से हराया

**चेन्नई :** भारत ने स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पूल बी के पहले मैच में पहली बार खेल रही स्विट्जरलैंड को 4-0 से हराया। एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए मुकाबले में राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने दुनिया की 296वें नंबर की खिलाड़ी रॉबिन गडोला पर 3-0 (7-6, 7-6, 7-5) से कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ भारत को जीत की राह पर ला खड़ा किया। स्विस खिलाड़ी ने पहले गेम में 6-5 की बढ़त बनाई, जिसके बाद वेलावन ने दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और बाकी गेम भी इसी तरह कम अंतर से बराबर रहे। भारत की शीर्ष रैंक वाली 17 साल की अनाहत सिंह ने शांत प्रदर्शन करते हुए सेलीन वाल्सर को 3-0 (7-1, 7-4, 7-2) से हराया।

# दूसरे टी-20 में गिल पर रहेगी नजर

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला आज, छोटे प्रारूप में छाप छोड़ने में नाकाम रहे हैं शुभमन

**मुल्लांपुर (चंडीगढ़), एजेंसी**

अभी तक सबसे छोटे प्रारूप में अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में अपने घरेलू मैदान पर फॉर्म में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पांच मैचों की इस श्रृंखला के पहले दो मैचों के बीच केवल एक दिन का अंतराल है और ऐसे में गिल को सीधे मैदान पर उतरकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत ने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से करारी शिकस्त दी लेकिन सितंबर में एशिया कप में टी20 टीम में वापसी करने वाले गिल का औसत प्रदर्शन अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में कप्तान के रूप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन टी20 में वह अपनी इस सफलता को नहीं दोहरा पाए हैं जिससे उन पर दबाव बनना स्वाभाविक है।

संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, फिर भी टीम प्रबंधन ने गिल की टी20 सलामी बल्लेबाज के रूप में क्षमता पर अधिक भरोसा दिखाया। इसके बाद संजू की टीम में जगह अनिश्चित हो गई। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल आसानी से वह भूमिका निभा सकते हैं जो विराट कोहली ने पिछले साल टी20 विश्व कप तक भारत के लिए निभाई थी। भारतीय टीम में आठवें नंबर तक बल्लेबाजी के विकल्प मौजूद हैं और उसने अब अपने निडर दृष्टिकोण को और मजबूत कर लिया है, जिससे एक सूत्रधार के लिए बहुत कम जगह बची है। गिल निश्चित रूप से पावरप्ले में अभिषेक शर्मा की तरह आक्रामक बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं और इसलिए उन्हें यह पता लगाना होगा कि वह अपनी भूमिका कैसे अच्छी तरह निभा सकते हैं। गिल के अलावा कप्तान सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन भी अगले साल फरवरी मार्च में होने वाले विश्व कप से पहले चिंता का विषय बना हुआ है। उनका विश्व कप से पहले फॉर्म में लौटना भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। चंडीगढ़ के ठंडे वातावरण में भारत का अपने विजयी संयोजन में कोई बदलाव करने की संभावना नहीं है।



समय
शाम 7:00
बजे से

### संजू की जगह जितेश, अर्शदीप-कुलदीप को एक साथ फिट करना मुश्किल

**मुल्लांपुर (चंडीगढ़) :** ऑस्ट्रेलिया में खेले गए आखिरी तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में जितेश शर्मा को अंतिम एकादश में शामिल करना अगर प्रयोग जैसा लग रहा था तो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन पर उन्हें प्राथमिकता देना अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले टीम प्रबंधन की सोच को स्पष्ट करता है। सैमसन की जगह निचले क्रम के किसी विशेषज्ञ फिनिशर को तरजीह देने के लिए थिंक टैंक को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। सैमसन को शुभमन गिल की वापसी के बाद बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष स्थान से हटा दिया गया था, जिसमें उनकी कोई गलती नहीं थी। तब से वह अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जितेश टीम में फिनिशर की अपनी भूमिका को अपनी रोजी-रोटी मानते हैं। अगर वह दक्षिण अफ्रीका और उसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली श्रृंखला में खराब प्रदर्शन नहीं करते हैं तो यह तय है कि वह टी-20 विश्व कप में शुरुआती मैचों में विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाएंगे। इस समय टीम में विकेटकीपर के विकल्पों के लिए सैमसन और जितेश के अलावा किसी और के नाम पर विचार करना भी मुश्किल है। क्रिकेट विशेषज्ञों का भी मानना है कि अगर सैमसन को शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिलता है तो फिर निचले क्रम में बल्लेबाजी करने वाले जितेश को ही टीम में रखना सही होगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में खेलने वाली टीम से यह भी संकेत मिला कि दो प्रमुख गेंदबाज अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव एक साथ अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं हो सकते हैं क्योंकि टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक अच्छे बल्लेबाज को रखने के पक्ष में है। अर्शदीप को संयुक्त अरब अमीरात में स्पिन गेंदबाजों के लिए अनुकूल विकेट पर अधिकतर मैच में बाहर बैठना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया में भी पांच मैच में से तीन मैच में उन्हें अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। लेकिन कटक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में अर्शदीप को मौका मिला और इस प्रारूप में भारत की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेने वाले इस तेज गेंदबाज ने जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करते हुए एक बार फिर टीम को शुरुआती विकेट दिलाए।

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, संजू सैमसन।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्क्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, केशव महाराज, लूथो सिपाम्ला, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, रीजा हेंड्रिक्स, कॉर्बिन बॉश, ओटनील बार्टमैन।

### सूर्यकुमार का सहज रवैया खिलाड़ियों को करता है प्रेरितः स्टेन

**कटक :** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका सहज रवैया खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। स्टेन ने जियोस्टार पर कहा जब आपको अपनी टीम का समर्थन मिल रहा होता है और आप अपने माहौल में सहज महसूस करते हैं, तो आप अपने खिलाड़ियों के साथ खुलकर बातचीत कर सकते हैं। आपको अपनी जगह या कप्तानी को लेकर कोई खतरा महसूस नहीं होता। उन्होंने कहा जब आप टीम को सर्वोपरि रखते हैं। जब आप यह कहते हैं किसी खिलाड़ी के लिए व्यक्तिगत रूप से सर्वश्रेष्ठ क्या है। टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ क्या है। हर कोई इसी तरह का कप्तान चाहता है, जो आत्मविश्वास से भरा हो, मिलनसार हो और व्यापक हित के लिए समायोजन करने को तैयार हो।

# चोटें मानसिक मजबूती की परीक्षा लेती हैंः हार्दिक

- बोले- सकारात्मक सोच से ही दमदार वापसी में रहा सफल



**कटक, एजेंसी**

भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का मानना है कि चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने के बाद वह सकारात्मक मानसिकता से ही 'दमदार और बेहतर वापसी' करने में सफल रहे। एशिया कप के दौरान चोटिल होने वाले इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम में शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 28 गेंद पर नाबाद 59 रन की तूफानी पारी खेली और फिर 16 रन देकर एक विकेट लिया। भारत ने इस मैच में 101 रन से बड़ी जीत हासिल की।

हार्दिक ने बीसीसीआई टीवी पर जारी किए गए एक वीडियो में कहा मेरी सोच यह थी कि मैं पहले की तुलना में अधिक दमदार और बेहतर वापसी करूं। चोटें मानसिक रूप से आपकी परीक्षा लेती हैं और साथ ही कई तरह के संदेह भी पैदा करती हैं। इससे उबरने में अपने करीबी लोगों का भी बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा मैंने खुद को मजबूत बनाए रखा जिससे मुझे अधिक आत्मविश्वास मिला तथा खुद पर भरोसा करने और अपनी क्षमताओं पर पूरी तरह से विश्वास करने में मदद मिली है। मुझे एक खिलाड़ी के रूप में खुद पर पूरा भरोसा है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर आप खुद पर विश्वास नहीं करते हैं, तो दूसरे आप पर कैसे विश्वास करेंगे। टी20 विश्व कप में भारतीय अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी हार्दिक ने कहा कि वह ऐसे इंसान हैं जो आत्मविश्वास अपने भीतर से प्राप्त करता है और लोग क्या सोच रहे हैं इसकी ज्यादा परवाह नहीं करता है।

उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैं जीवन में बेहद ईमानदार और यथार्थवादी इंसान रहा हूं जिससे मुझे बहुत मदद मिली है। मुझे घुमा फिरा कर बात करना पसंद नहीं है। मैं इसकी परवाह नहीं करता कि अन्य लोग मेरे बारे में क्या सोच रहे हैं। मैं हमेशा इस पर ध्यान देता हूं कि मैं खुद के बारे में क्या सोच रहा हूं। हार्दिक ने कहा अब वो समय आ गया है जब हार्दिक पंड्या सिर्फ खेल खेलना चाहता है, मैदान पर हर पल का आनंद लेना चाहता है। अब बड़ा और बेहतर बनना ही मेरे जीवन का ध्येय है।

### संजू से प्रतिस्पर्धा करनी है तो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा : जितेश

**कटक :** टी20 विश्व कप शुरू होने में अब जबकि दो महीने से भी कम समय बचा है तब खेल के इस छोटे प्रारूप में जितेश शर्मा विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में भारत की पहली पसंद के रूप में उभरे हैं, लेकिन उन्होंने संजू सैमसन के साथ किसी तरह की प्रतिस्पर्धा को खास तवज्जो नहीं दी और कहा कि इससे वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में संजू के बजाय जितेश को अंतिम एकादश में रखा।

# भारत ने नौ साल बाद जीता कांस्य पदक

जूनियर हॉकी विश्व कप

- प्लेआफ मुकाबले में अर्जेंटीना को 4-2 से हराया

**चेन्नई, एजेंसी**

आखिरी 11 मिनट में चार गोल करके भारत ने 2021 की चैंपियन अर्जेंटीना को बुधवार को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में 4-2 से हराकर नौ साल बाद जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में पदक जीत लिया। दो बार (होबार्ट 2001 और लखनऊ 2016) में चैंपियन रही भारतीय टीम ने आखिरी बार नौ साल पहले कोई पदक जीता था। पिछले दो बार टीम कांस्य पदक का मुकाबला हारकर चौथे स्थान पर रही थी। भारत के लिए अंकित पाल (49वां), मनमीत सिंह (52वां), शारदानंद तिवारी (57वां) और अनमोल इक्का (58वां) ने गोल दागे। वहीं, अर्जेंटीना के लिये निकोलस रौद्रिगेज (पांचवां) और सैंटियागो फर्नांडिस (44 वां) ने गोल किए।

तीन क्वार्टर तक दो गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए आखिरी क्वार्टर में दनादन चार गोल करके खचाखच भरे मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में मानो जान फूंक दी। पहले 49वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को अंकित ने गोल में बदलकर भारत का खाता खोला। वहीं, 52वें मिनट में भारत को फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर अनमोल इक्का के शॉट पर गेंद डिफ्लैक्ट होकर मनमीत की स्टिक से टकराकर गोल के भीतर गई। स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद लग रहा था कि मैच शूटआउट में जाएगा, लेकिन आखिरी सीटी बजने से तीन मिनट बाकी रहते भारत को अहम पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे शारदानंद तिवारी ने गोल में बदलकर पहली बार भारत को बढ़त दिलाई। अर्जेंटीना को अगले मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस टूर्नामेंट की खोज रहे गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने एक बार फिर शानदार बचाव किया। भारत को 58वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को अनमोल इक्का ने गोल में बदला। पहले तीन मिनट में ही गोल गंवाने से स्तब्ध भारतीय टीम पहले पूरे क्वार्टर में दबाव में नजर आई। टूर्नामेंट के राउंड रॉबिन चरण में 29 गोल करने वाली मेजबान टीम कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ गोल करने के लिए जूझती दिखी। पिछले मैच में जर्मनी ने उसकी फॉरवर्ड पंक्ति को बांधे रखा तो वहीं इस मुकाबले में पहले हाफ में अर्जेंटीना के गोल में ज्यादा घुस नहीं पाये और एक भी पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में नाकाम रहे।

भारत को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में मिला। पेनल्टी कॉर्नर पर भारत की कमजोरी उजागर हुई जब लगातार चार मौकों में से एक भी तब्दील नहीं हो सका। अर्जेंटीना को इस बीच जवाबी हमलों में 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाले गोलकीपर प्रिंसदीप ने एक बार फिर शानदार बचाव किया। तीसरा क्वार्टर खत्म होने से एक मिनट पहले सैंटियागो फर्नांडिस ने भारतीय डिफेंस को पूरी तरह चकमा देकर गोल कर दिया।



जीत का जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

# जूनियर महिला विश्व कप हॉकी में भारत ने उरुग्वे को हराया

**सैंटियागो (चिली), एजेंसी**

गोलकीपर निधि के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पेनल्टी शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराकर जूनियर महिला विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में में नौवें स्थान पर रहने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। नौवें से 12वें स्थान के लिए खेले गए इस क्लासिफिकेशन मैच में दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी।

भारत की तरफ से मनीषा ने 19वें मिनट जबकि उरुग्वे के लिए जस्टिना अरेगुई ने 60वें मिनट में गोल किया। पेनल्टी शूटआउट में भारत की तरफ से पूर्णिमा यादव, इशिका और कनिका सिवाच ने गोल किए, जबकि गोलकीपर निधि ने उरुग्वे के तीन गोल का बचाव करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। पहले क्वार्टर में भारत का दबदबा रहा और उसने शुरुआत में ही कई मौके बनाए। हालांकि उरुग्वे को पांचवें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया।

भारत ने 18वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन साक्षी राणा का शॉट विपक्षी गोलकीपर ने रोक दिया। इसके कुछ क्षण बाद ही मनीषा ने हालांकि भारत को बढ़त दिला दी। इसके बाद अगले दो क्वार्टर में दोनों टीम ने गोल करने के लिए कई प्रयास किए नहीं लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। जब मैच समाप्त होने में दो मिनट का समय बचा था तब उरुग्वे ने गोलकीपर की जगह एक फील्ड खिलाड़ी को मैदान में उतारा और उसकी यह रणनीति कारगर साबित हुई। अब खेल समाप्त होने में केवल दो सेकंड का समय बचा था कि तभी उरुग्वे को पेनल्टी मिली। जस्टिना अरेगुई ने इसे गोल में बदलकर मैच को शूटआउट में पहुंचा दिया, जिसमें निधि के शानदार खेल से भारत जीत हासिल करने में सफल रहा।



जीत का जश्न मनाती भारतीय हॉकी जूनियर महिला टीम। एजेंसी

# भारतीय निशानेबाजी लीग 16 फरवरी से

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) के पहले सत्र का आयोजन अगले साल 16 से 26 फरवरी तक किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से टकराव से बचने के लिए अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ के 2026 कैलेंडर के हिसाब से तारीखें तय की गई हैं। लीग को इससे पहले 2026 की शुरुआत तक टाल दिया गया था। फ्रेंचाइजी आधारित इस लीग में कई शीर्ष भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज पिस्टल, राइफल और शॉटगन वर्ग में मिश्रित टीम प्रारूप में मुकाबला करेंगे। एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने विज्ञप्ति में कहा एसएलआई हमारे खेल के लिए एक मील का पत्थर है जो फ्रेंचाइजी आधारित, खिलाड़ियों को तरजीह देने वाला है और अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व के लिए वैश्विक कैलेंडर के हिसाब से है। इस प्रतियोगिता में कई वर्ग में मिश्रित टीम स्पर्धाएं होंगी जिसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर थ्री पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) शामिल हैं। फ्रेंचाइजी आधारित टीम को लीग चरण के लिए दो पूल में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट दौर होंगे। खिलाड़ियों को चार टियर में चुना जाता है जिसमें एलीट चैंपियंस, विश्व एलीट, राष्ट्रीय चैंपियंस, और जूनियर और युवा वर्ग शामिल हैं जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्टार, शीर्ष भारतीय निशानेबाजों और उभरते हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों का मिश्रण सुनिश्चित होता है।

### अगले साल भारत में होगी राष्ट्रमंडल खो-खो चैंपियनशिप

**नई दिल्ली :** अगले साल नौ से 14 मार्च तक भारत में होने वाली पहली राष्ट्रमंडल खो खो चैंपियनशिप में 24 से ज्यादा देश शिरकत करेंगे। हालांकि इसके लिए भारत में जगह अभी तय नहीं हुई है। राष्ट्रमंडल खेल (सीएस) की भारत में चैंपियनशिप के लिए मंजूरी मिलने के बाद भारतीय खो खो महासंघ जगह तय करने के लिए कई राज्यों से बात कर रहा है। इस टूर्नामेंट में पुरुषों की 16 और इतनी ही महिलाओं की टीम हिस्सा लेंगी।

यह टूर्नामेंट इस साल जनवरी में दिल्ली में हुए पहले खो खो विश्व कप की तरह होगा जिसमें 23 देशों ने हिस्सा लिया था। अहमदाबाद को हाल में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए मेजबान शहर के तौर पर आधिकारिक रूप से पुष्टि किए जाने के बाद यह भारत में पहला राष्ट्रमंडल खो खो टूर्नामेंट होगा।

सुधार

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन का मिला लाभ

# विराट कोहली वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे

**दुबई, एजेंसी**

भारत के महान क्रिकेटर विराट कोहली सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाज का स्थान फिर हासिल करने की कवायद में आगे बढ़ते हुए बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। कोहली अप्रैल 2021 में पाकिस्तान के बाबर आजम द्वारा शीर्ष से हटाए जाने के बाद से दोबारा एकदिवसीय बल्लेबाजों सूची में नंबर एक स्थान हासिल नहीं कर पाए हैं। हालांकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में संपन्न तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन की बदौलत दाएं हाथ का यह बल्लेबाज एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल करने के करीब पहुंच गया है।

सैंतीस साल के कोहली को तीन मैच में 302 रन बनाने के लिए सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया और वह नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के सुधार से टीम के अपने साथी रोहित शर्मा के बाद दूसरे स्थान पर आ गए। रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में 146 रन बनाकर रैंकिंग के शीर्ष पर अपनी जगह बरकरार रखी। कोहली विशाखापत्तनम में श्रृंखला के आखिरी मैच में नाबाद 65 रन की पारी की बदौलत रोहित से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे हैं। रोहित के 781 जबकि कोहली के 773 अंक हैं। शुभमन गिल चोट के कारण तीन मैच की सीरीज में नहीं खेल पाने के बावजूद पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में टीम की अगुआई करने वाले लोकेश राहुल दो स्थान के फायदे से 12वें पायदान पर हैं।

टी20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में अक्षर पटेल (दो पायदान ऊपर 13वें स्थान पर), अर्शदीप सिंह (तीन पायदान ऊपर 20वें स्थान पर) और जसप्रीत बुमराह (छह पायदान ऊपर 25वें स्थान पर) की भारत की तिकड़ी ने कटक में पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 101 रन की जीत के बाद रैंकिंग में सुधार किया। यशस्वी जायसवाल टेस्ट रैंकिंग में आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय बल्लेबाज बने हुए हैं। गिल और ऋषभ पंत एक-एक पायदान आगे बढ़कर क्रमशः 11वें और 13वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो एशेज टेस्ट में मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया बाएं हाथ का यह गेंदबाज तीन स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर है। स्टार्क ने दो मैच में 18 विकेट लिए हैं और इस वजह से वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक और सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। भारत के जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बरकरार हैं। मोहम्मद सिराज (12वें), रविंद्र जडेजा (13वें) और कुलदीप (14वें) की भारतीय तिकड़ी को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। मौजूदा एशेज श्रृंखला में प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे इंग्लैंड के हैरी ब्रूक बल्लेबाजों की सूची में दो पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए जबकि केन विलियमसन (दूसरे) और स्टीव स्मिथ (तीसरे) को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है।



### कुलदीप को तीन स्थान का हुआ फायदा

बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में तीन स्थान के फायदे से तीसरे नंबर पर आ गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक (तीन पायदान ऊपर 13वें स्थान पर), एडेन मारक्रम (चार पायदान ऊपर 25वें स्थान पर) और तेम्बा बावुमा (तीन पायदान ऊपर 37वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।

